3 राजधानी
केजरीवाल ने नेहरू को सराहा प्रधानमंत्री पर साधा निशाना

6 अभिमत
प्रचालन तंत्र मार्केटिंग के लाभ

10 विदेश
पाकिस्तान में ईसाइयों पर हुए हमलों की होगी जांच

12 स्पोर्ट्स
भारतीय पुरुष एयर पिस्टल टीम को कांस्य

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 281
नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



शिक्षा को प्रगति का प्रकाश स्तम्भ होना चाहिए

राष्ट्रीय-11

# भाजपा की चुनाव प्रबंधन व घोषणा पत्र समिति में राजे का नाम नहीं

**राजस्थान**

- विधानसभा चुनाव के लिए गठित दोनों समितियों में पूर्व मुख्यमंत्री को शामिल न करने का कारण पार्टी ने स्पष्ट नहीं किया
- जयपुर में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में भी वसुंधरा राजे ने शिरकत नहीं की



जयपुर में पत्रकारों को संबोधित करते भाजपा राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

**भाजपा** ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए यहां दो महत्वपूर्ण समितियों, चुनाव प्रबंधन समिति व संकल्प (घोषणा) पत्र समिति की घोषणा की। इन दोनों ही समितियों में पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे का नाम शामिल नहीं है। राजे की भूमिका के बारे में पूछे गए प्रश्न को प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने यह कहकर टाल दिया कि बाकी सभी वरिष्ठ नेता प्रचार करेंगे। बाद में, पार्टी ने जयपुर में विशेष सदस्यता अभियान की शुरुआत की और पार्टी की कोर कमेटी की बैठक भी हुई, लेकिन राजे इन दोनों कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुईं। पार्टी की नवगठित समितियों में जगह नहीं बना पाने वाले पार्टी नेताओं में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी हैं। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि, पार्टी ने इन दोनों ही महत्वपूर्ण समितियों में पूर्व मुख्यमंत्री राजे को नहीं रखकर सबको चौंका दिया है। राजे को इन समितियों में शामिल नहीं किए जाने पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा, बाकी सभी वरिष्ठ नेता प्रचार करेंगे।

सिंह ने बाद में इस बारे में यह भी कहा, पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी दी जाती है और सबको जिम्मेदारी पार्टी देगी। अरुण सिंह ने कहा कि राजे पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। उन्हें बड़ी भूमिका निभानी है। वे दो बार राज्य की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। वे चुनाव प्रचार करेंगी। हम सभी उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रबंधन समिति में अनुभवी नेता हैं और वे दिन-प्रतिदिन चुनाव प्रबंधन की देखभाल करेंगे। सिंह ने यह भी कहा कि चुनाव घोषणा पत्र समिति में अनुसूचित जाति, ( शेष पेज 9 )

## भाजपा ने मध्य प्रदेश के लिए 39 और छत्तीसगढ़ के लिए 21 प्रत्याशी घोषित किए

**विधानसभा चुनाव**

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को क्रमशः 39 व 21 उम्मीदवार घोषित किए। पार्टी ने इन दोनों प्रदेशों के लिए जारी उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची में पांच-पांच महिलाओं को टिकट दिए हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भाजपा ने सांसद विजय बघेल को मैदान में उतारा है।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में इस साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा ने मध्य प्रदेश में जबलपुर पूर्व से अंचल सोनकर, झाबुआ से भानू भूरिया और छतरपुर से ललिता यादव को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने छत्तीसगढ़ की कोरबा विधानसभा सीट से लखनलाल देवांगन और पाटन से सांसद विजय बघेल को उम्मीदवार बनाया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा में पाटन सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। छत्तीसगढ़ में जिन 21 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की गई है, उनमें से दस अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए और एक अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। 21 उम्मीदवारों में से पांच महिलाएं हैं। फिलहाल इन सभी 21 सीटों पर सत्ताधारी दल कांग्रेस का कब्जा है। मप्र में भाजपा ने 39 उम्मीदवारों की पहली सूची में 14 ऐसे लोगों को फिर से मौका दिया है जो पिछली बार चुनाव हार गए थे, इनमें तीन ( शेष पेज 9 )

# अजय राय को मिली यूपी कांग्रेस की कमान

- रणदीप सुरजेवाला को मध्य प्रदेश का अतिरिक्त प्रभार, महासचिव मुकुल वासनिक गुजरात प्रभारी नियुक्त



अजय राय



रणदीप सुरजेवाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बृहस्पतिवार को अपनी उत्तर प्रदेश इकाई में बड़ा बदलाव करते हुए पूर्व विधायक अजय राय को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी ने मध्य प्रदेश के लिए अपने प्रभारी जयप्रकाश अग्रवाल को कार्यमुक्त करते हुए महासचिव रणदीप सुरजेवाला को राज्य के प्रभारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी।

मध्य प्रदेश में इस साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने महासचिव मुकुल वासनिक को गुजरात का प्रभारी बनाया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ये नियुक्तियां की हैं। कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला फिलहाल कर्नाटक के प्रभारी हैं जहां कुछ महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी जीत मिली थी। हाल ही में सुरजेवाला को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया गया। दलित समुदाय से आने वाले बृजलाल खाबरी को हटाकर अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

खाबरी अध्यक्ष पद पर लगभग 10 महीने रहे। उन्हें अक्टूबर, 2022 में उप्र इकाई का अध्यक्ष बनाया गया था। राय भूमिहार जाति से आते हैं और वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। अजय राय वाराणसी की पिंडरा विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं। इससे पहले वह उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रांतीय प्रमुख की भूमिका निभा रहे थे। वह पूर्वांचल में मजबूत पैठ रखने वाले नेता और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के भरोसेमंद माने जाते हैं। कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ नेता वासनिक को गुजरात का प्रभारी बनाया है। पिछले साल के आखिर में प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद रघु शर्मा ने प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया था। वासनिक कांग्रेस के बड़े दलित चेहरों में शुमार किए जाते हैं। हाल ही में राज्यसभा सदस्य शक्ति सिंह गोहिल को गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 182 सदस्यीय विधानसभा में सिर्फ 17 सीटों पर सिमट गई थी।

लोकसभा चुनाव के लिहाज से 80 सीटों वाला उत्तर प्रदेश बेहद अहम है लेकिन लगातार चुनाव हार रही कांग्रेस की हालत यहां बहुत खराब है। साल 2019 के चुनाव में तो कांग्रेस अपनी परंपरागत और सबसे सुरक्षित सीट अमेठी से भी हार गई थी। ऐसे में बिखरे हुए संगठन को फिर एकजुट करना और लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी कैडर तैयार करना अजय राय की सबसे बड़ी चुनौती होगी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस को सिर्फ रायबरेली सीट पर ही जीत मिल पाई थी। सोनिया गांधी यहां से सांसद हैं। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस केवल दो सीटों पर ही सिमट गई। 19 अक्टूबर 1969 को वाराणसी में जन्मे अजय राय लगातार पांच बार विधायक रह चुके हैं। साल 1996 में बीजेपी ज्वाइन करने के बाद से वे 2007 तक विधायक रहे। इसके बाद बीजेपी आलाकमान से मतभेद के चलते उन्होंने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया था।

# विपक्ष की निर्वाचित सरकारों को अस्थिर कर रही भाजपा: पवार

- राकांपा प्रमुख ने समाज को बांटने और मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र पर साधा निशाना



**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई/बीड

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर विपक्ष शासित राज्यों की निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि मौजूदा शासकों की नीति जाति, धर्म और भाषा के आधार पर समाज की खाई को चौड़ा करना है।

पवार महाराष्ट्र के बीड कस्बे में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे। पवार ने मणिपुर में जातीय हिंसा को लेकर भी केंद्र पर हमला बोला। बीड बागी राकांपा नेता और कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे का गृह जिला है। पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर जा कर वहां के लोगों की पीड़ा को जानना चाहिए था। उन्होंने कहा, मौजूदा शासकों की नीति जाति, धर्म और भाषा को आधार बना कर समाज में खाई को चौड़ा करना है। पवार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह एक ओर स्थिर सरकार देने की बात करती है, लेकिन राज्यों में विधिवत निर्वाचित सरकारों को गिरा देती है।

उन्होंने कहा कि आप स्थिर सरकार देने की बात करते हैं लेकिन राज्यों में विधिवत निर्वाचित सरकारों को गिरा देते हैं। राज्यसभा सदस्य पवार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में पुन: वापस आने की बात कर ( शेष पेज 9 )

## विदेशी विश्वविद्यालयों से प्राप्त डिग्री को समतुल्यता प्रदान करेगी यूजीसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) ने एक दिशानिर्देश तैयार किया है जिसमें विदेशी विश्वविद्यालयों से प्राप्त डिग्री को मान्यता देने, समतुल्यता प्रदान करने की बात कही गई है तथा ऑनलाइन, दूरस्थ माध्यम से या फ्रैंचाइज समझौते के तहत डिग्री हासिल करने से रोकने का प्रावधान किया गया है।आयोग ने विदेशी बोर्ड या विदेशी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के बाह्य परिसर से संबद्ध स्कूलों से हासिल की गई शैक्षणिक योग्यता को मान्यता प्रदान करने का मानदंड भी तैयार किया है। यूजीसी ने ए मानदंड ऐसे समय में तैयार किए हैं जब विदेशी विश्वविद्यालय गिफ्ट सिटी में अपना परिसर स्थापित करने की दिशा में काफी आगे बढ़ गए हैं तथा भारतीय विश्वविद्यालय दोहरे या संयुक्त डिग्री प्रदान करने के लिए विदेशी संस्थानों के साथ गठजोड़ करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। उच्च शिक्षा नियामक ने इस दिशा में विदेशी शैक्षणिक संस्थानों से ( शेष पेज 9 )

# नूंह हिंसा: बिट्टू बजरंगी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

- पुलिस हिरासत की एक दिन की अवधि के बाद नीमका जेल भेजा गया



नूंह हिंसा मामले में बिट्टू बजरंगी को न्यायालय में पेशी के लिए ले जाती पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के नूंह में हुई हिंसा के मामले में फरीदाबाद से गिरफ्तार राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी की एक दिन की पुलिस हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को पूरी होने पर अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर पुलिस बजरंगी को लेकर दोपहर में फिर से नूंह की अदालत में पहुंची।

अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों की बहस के बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में फरीदाबाद की नीमका जेल में भेज दिया। बिट्टू बजरंगी को 15 अगस्त को पुलिस ने फरीदाबाद से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद बुधवार दोपहर को नूंह स्थित एक अदालत में उसे पेश किया गया था। अदालत ने आरोपी को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा था।

आरोपी राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी के खिलाफ नूंह की एएसपी उषा कुंडू की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। बजरंगी के खिलाफ सदर थाना नूंह में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि बजरंगी और अन्य 15-20 लोगों ने नूंह में तैनात महिला पुलिस अधिकारी के सामने तलवार समेत अन्य हथियारों का प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

पुलिस द्वारा समझाने के बावजूद उग्र होकर सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी आरोप लगाया गया है। बजरंगी को ने अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश अंजलि जैन की अदालत में पेश किया, लेकिन इस दौरान पुलिस ने उसे दोबारा हिरासत में लेने की मांग ( शेष पेज 9 )

# भारत में अधिकतर मुसलमान पहले हिंदू थे: गुलाम नबी आजाद

**भाषा।** जम्मू

**डेमोक्रेटिक** प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि अधिकतर भारतीय मुसलमान हिंदू धर्म से परिवर्तित हुए हैं, जिसका एक उदाहरण कश्मीर घाटी में देखा जा सकता है जहां अधिकांश कश्मीरी पंडितों ने इस्लाम धर्म अपना लिया। आजाद ने कहा कि धर्म का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ लेने के लिए नहीं किया जाना चाहिए और जो कोई भी राजनीति में धर्म की शरण लेता है वह कमजोर है।

डीपीएपी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने डोडा जिले में एक जनसभा में कहा, भाजपा के कुछ नेताओं ने कहा कि कुछ मुसलमान बाहर से आए हैं और कुछ नहीं। कोई भी बाहर या अंदर से नहीं आया है। इस्लाम धर्म केवल 1,500 साल पहले अस्तित्व में आया। हिन्दू धर्म बहुत पुराना है। उनमें से लगभग 10-20 मुसलमान बाहर से आए होंगे, जिनमें से कुछ मुगल सेना में भी थे। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, भारत में



अन्य सभी मुसलमान हिंदू धर्म से परिवर्तित हो गए। इसका उदाहरण कश्मीर में देखने को मिलता है। 600 साल पहले कश्मीर में मुसलमान कौन थे? सभी कश्मीरी पंडित थे। वे इस्लाम में परिवर्तित हो गए। सभी हिंदू धर्म में पैदा हुए हैं।

आजाद ने कहा, जब हिंदू मरते हैं, तो उनका अंतिम संस्कार किया जाता है। उनके शवों को अलग-अलग जगहों पर जलाया जाता है। उनकी राख को नदी में डाल दिया जाता है, जो पानी में मिल जाती है और हम वही पानी पीते हैं। उन्होंने कहा, बाद में कौन देखता है कि पानी में उनकी जली हुई राख है? लोग वही पानी पीते हैं। आजाद ने कहा, उसी प्रकार मुसलमानों का मांस और हड्डियां देश ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### सुजीत पाटकर कोविड केंद्र घोटाला मामले में गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बृहस्पतिवार को शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के करीबी मित्र एवं कारोबारी सुजीत पाटकर को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि पाटकर को लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पाटकर को इसी मामले में धनशोधन के आरोप में गिरफ्तार किया था। पाटकर अभी न्यायिक हिरासत में हैं। भारतीय जनता पार्टी नेता किरीट सोमैया ने कोविड केंद्रों के संचालन में कथित घोटाले को लेकर मूल शिकायत दर्ज की थी। उन्होंने ताजा घटनाक्रम के बारे में माइक्रोब्लॉगिंग मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट किया। आर्थिक अपराध शाखा बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के कोविड देखभाल केंद्रों की स्थापना और प्रबंधन में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है। पाटकर की गिरफ्तारी इस मामले में आर्थिक अपराध शाखा द्वारा की गई चौथी गिरफ्तारी है। अधिकारी के अनुसार जांच में पता लगा कि कोविड केंद्रों के अनुबंध के लिए सौंपे गए दस्तावेज जाली थे।

## नागपुर हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार पर बेहोश होकर गिरा पायलट, मौत

**भाषा।** नागपुर

**विमानन** कंपनी इंडिगो के 40 वर्षीय पायलट की बृहस्पतिवार को नागपुर हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार के पास बेहोश होकर गिरने से मौत हो गई। वह एयरलाइन की नागपुर-पुणे उड़ान का संचालन करने जा रहे थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैप्टन मनोज सुब्रमण्यम अपराह्न करीब 12 बजे हवाई अड्डे के सुरक्षा क्षेत्र में बेहोश हो गए। मनोज को केआईएमएस-किंग्सवे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि प्रथम दृष्टया पायलट की मृत्यु हृदयघात के कारण हुई। अस्पताल के प्रवक्ता एजाज शमी ने कहा कि आपातकालीन टीम ने मनोज का उपचार करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इंडिगो ने एक बयान में कहा, हम आज ( शेष पेज 9 )

## सिम कार्ड डीलर का सत्यापन अनिवार्य थोक में कनेक्शन देने पर लगी रोक

**भाषा।** नई दिल्ली

**दूरसंचार** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी रोकने के लिए सरकार ने सिम कार्ड डीलर का सत्यापन अनिवार्य कर दिया है और थोक में सिम कनेक्शन देने का प्रावधान भी बंद कर दिया गया है। इससे पहले फैसलों की जानकारी देते हुए वैष्णव ने कहा था कि सरकार ने सिम कार्ड डीलर का पुलिस सत्यापन अनिवार्य कर दिया है।

उन्होंने बाद में स्पष्ट किया कि सिम कार्ड डीलर का सत्यापन लाइसेंस धारक या संबंधित सिम कंपनी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उल्लंघन के मामले में 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सिम कार्ड संबंधी डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ व्यापक कार्वाई करते हुए सरकार ने 52 लाख मोबाइल कनेक्शन



बंद कर दिए हैं। 67,000 डीलर का नाम काली सूची में डाला गया है।

मई, 2023 से सिम कार्ड डीलरों के खिलाफ 300 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। वैष्णव ने कहा कि व्हॉट्सएप ने खुद से करीब 66,000 खातों को ब्लॉक कर दिया है जो धोखाधड़ी के कृत्यों में शामिल थे। उन्होंने कहा, अब हमने धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए सिम कार्ड डीलर का निर्विवाद सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले डीलर पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सत्यापन दूरसंचार कंपनियों द्वारा किया जाएगा। वे ( शेष पेज 9 )

# चंद्रयान-3: प्रणोदन मॉड्यूल से अलग हुआ लैंडर मॉड्यूल

- 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग की प्रतीक्षा

**भाषा।** बेंगलुरु

**भारत** के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-3 ने बृहस्पतिवार को तब एक बड़ी उपलब्धि हासिल की जब इसका लैंडर मॉड्यूल सफलतापूर्वक प्रणोदन मॉड्यूल से अलग हो गया और अब पूरे देश को 23 अगस्त को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर इसकी निर्धारित सॉफ्ट लैंडिंग की प्रतीक्षा है।

लैंडर मॉड्यूल में लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान शामिल हैं जो अब एक ऐसी कक्षा में उतरने के लिए तैयार है जिससे यह चंद्रमा की सतह के और करीब आ जाएगा। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग अगले बुधवार को शाम 5.47 बजे निर्धारित है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, लैंडर मॉड्यूल ने कहा, यात्रा के लिए




धन्यवाद, दोस्त। लैंडर मॉड्यूल, प्रणोदन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग हो गया है। कल (शुक्रवार) लैंडर मॉड्यूल के भारतीय समयानुसार शाम करीब चार बजे डीबूस्टिंग (गति कम करने की प्रक्रिया) से गुजरते हुए चंद्रमा की कक्षा में थोड़ा और नीचे आने की उम्मीद है। अनुमानित तौर पर 600 करोड़ रुपए की लागत वाले चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को चांद के दक्षिणी ध्रुव तक की 41 दिन की जटिल यात्रा पर रवाना किया गया था।

इसरो के एक अधिकारी ने कहा कि बृहस्पतिवार को प्रणोदन मॉड्यूल से अलग हुए लैंडर को एक ऐसी कक्षा में लाने के लिए डीबूस्ट (गति कम करने की प्रक्रिया) से गुजारा जाएगा, जहां पेरिल्यून (चंद्रमा से कक्षा का निकटतम बिंदु) 30 किलोमीटर और अपोल्यून (चंद्रमा से सबसे दूर का बिंदु) 100 किमी की दूरी पर होगा, जहां से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया जाएगा।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने यह भी कहा कि प्रणोदन मॉड्यूल वर्तमान कक्षा में अपनी यात्रा महीनोंावर्षों तक जारी रखेगा। चंद्रयान- । के परियोजना निदेशक एम अन्नादुरई ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैच वास्तव में अब शुरू होता है। ए अंतिम ओवर हैं जिनके बारे में हम बात कर रहे हैं। चंद्रयान-3 से पहले भेजा गया चंद्रयान-2 सात सितंबर 2019 को सॉफ्ट लैंडिंग करने में असफल रहा था। चंद्रयान-3 का उद्देश्य भी चंद्र सतह पर सुरक्षित साफ्ट लैंडिंग करने, चांद पर ( शेष पेज 9 )

# केजरीवाल ने नेहरू को सराहा, पीएम पर साधा निशाना

## कहा-मणिपुर में दो समुदाय एक-दूसरे से लड़ रहे हैं, अगर ऐसे ही आपस में लड़ते रहे तो भारत विश्वगुरु कैसे बनेगा

### विधानसभा सत्र



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा में गुरुगुवार को मणिपुर पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस चर्चा में हिस्सा लेते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें कम से कम मणिपुर में शांति की अपील ही करनी चाहिए थी। केजरीवाल मणिपुर तक सीमित नहीं रहे बल्कि चीन से अडानी तक का मुद्दा उठाकर पीएम पर तीखे वार किए। उन्होंने पीएम मोदी पर चीन के सामने आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाते हुए पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की तारीफ भी की। मणिपुर पर चर्चा को लेकर सदन में जमकर हंगाम हुआ। नारेबाजी कर रहे भाजपा के चार विधायकों को मार्शल बाहर ले गए तो अन्य ने विरोध जाहिर करते हुए वॉकआउट किया।

विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान अरविंद केजरीवाल ने मणिपुर हिंसा पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आज मणिपुर जल रहा है। वहां दो समुदाय एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। महिलाओं के साथ गलत व्यवहार हो रहा है और निर्वस्त्र कर घुमाया गया। अगर देश के लोग ऐसे ही आपस में लड़ते रहे तो भारत विश्वगुरु कैसे बनेगा। मणिपुर में 6500 एफआईआर व 150 लोगों की हत्याएं हुई हैं, 60 हजार लोग बेघर हो गए हैं, फिर भी प्रधानमंत्री चुप हैं। भाजपा के विधायक कह रहे हैं कि मणिपुर से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह केवल भाजपा विधायकों की ही सोच नहीं है, बल्कि पीएम मोदी भी ऐसा ही सोचते हैं। पिछले 9 सालों में देश पर जब भी कोई आपदा आई, प्रधानमंत्री ने चुप्पी साध ली। इसलिए अब देश के लोग पूछ रहे हैं कि क्या मोदी एक कमजोर, अहंकारी प्रधानमंत्री है।

सीएम ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर की घटनाएं बहुत दर्दनाक हैं। साथ ही, इससे ज्यादा दर्दनाक भाजपा के विधायकों द्वारा सदन से बाहर जाकर मीडिया में बयान देना है, जिसमें वे कह रहे हैं कि मणिपुर से उनका कोई लेना-देना नहीं है, मणिपुर उनके लिए कोई विषय नहीं है।

जब मणिपुर के लोग ये देख रहे होंगे कि भाजपा के दिल्ली के विधायक ये कह रहे हैं कि मणिपुर से उनका कोई लेना-देना नहीं है तो उनके दिल पर क्या गुजर रही होगी। ऐसा केवल कुछ विधायक ही नहीं कह रहे हैं, बल्कि उपर से नीचे तक पूरी सरकारें और भाजपा के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री मोदी का संदेश है कि मणिपुर से उनका कोई लेना-देना नहीं है।



विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री केजरीवाल।

### चीन के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री चुप रहेः सीएम

केजरीवाल ने कहा कि पिछले 9 साल से चीन भारत को आंख दिखा रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री चुप हैं और उनके मुंह से चीन का शब्द तक नहीं निकलता है। अक्टूबर 2019 में चीन के राष्ट्रपति भारत आए थे। महाबलेश्वर में प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति हाथ में हाथ मिलाकर महाबलिपुरम के मंदिर में घूम रहे थे और उसके फोटो लिए गए। इसके बाद 15 जून 2020 को चीन की फौज ने गलवान घाटी में हमला कर 20 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया और 2 हजार वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया। मतलब दिल्ली के डेढ़ गुना इलाका चीन की सेना ने कब्जा कर लिया, लेकिन प्रधानमंत्री चुप रहे। अफवाहें है कि चीन ने जो भारत के दो हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा किया है, उसको लेकर गुपचुप कोई डीलिंग हुई है और शायद इन्होंने चीन को वो इलाका दे दिया है। सीएम ने कहा कि ये लोग पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू को गालियां देते हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कम से कम चीन की आंखों में आंखें डालकर उनके साथ युद्ध तो किया था। इन्होंने तो चीन के सामने देश को सरेंडर कर दिया। चीन ने हमारे उपर हमला किया और हमारे दो हजार वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया, बदले में इन्होंने चीन को इनाम दिया। वर्ष 2018-19 में भारत का चीन के साथ व्यापार 87 बिलियन डालर था, इन्होंने उसे डेढ़ गुना बढ़ाकर वर्ष 2022-23 में 114 बिलियन डालर कर दिया।

### विस सत्र एक दिन बढ़ा


*नई दिल्ली। विधानसभा के सदस्यों द्वारा कार्यवाही को एक दिन बढ़ाने के पक्ष में मतदान करने के बाद सत्र शुक्रवार को भी जारी रहेगा। विधानसभा के दो दिवसीय सत्र की शुरूआत बुधवार को हुई। राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण संबंधी जीएनसीटीडी (संशोधन) अधिनियम 2023 लागू होने के बाद विधानसभा का यह पहला सत्र है। इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा में दिल्ली सेवा विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था दिल्ली विधानसभा देश की एकमात्र विधानसभा है जिसका सत्रावसान नहीं होता है तथा वर्ष 2020 से वर्ष 2023 तक इसे केवल बजट सत्र के लिए आहूत किया गया।*

### याचिका समिति की रिपोर्ट को लेकर दोनों पक्षों में नोकझोंक

*पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली*

*विधानसभा सत्र के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को याचिका समिति की रिपोर्ट को लेकर सत्तापक्ष और विपक्षी विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सदन में भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि समिति की सिफारिशें प्रशासनिक प्रणाली को पंगु बनाने के इरादे से अपने ही पाले में गोल दागने की तरह थीं। उन्होंने विधानसभा में याचिका समिति को बंद करने की मांग की।*

*स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज सहित आप नेताओं द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद उपाध्यक्ष राखी बिडलान ने गुप्ता को विधानसभा के सामने तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश नहीं करने की चेतावनी दी थी। आप*



*विधायक राजेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा विधायक एक पुरानी रिपोर्ट पढ़ रहे थे।*




विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा विधायक। फोटोः रंजन डिमरी

## मणिपुर पर चर्चा का विरोध करने पर भाजपा के 4 विधायक बाहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा का विरोध करने को लेकर दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही के दौरान भारतीय जनता पार्टी के चार विधायकों को मार्शलों ने बाहर कर दिया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और वरिष्ठ विधायक विजेंद्र गुप्ता ने भी इस मनमानी के विरोध में वाकआउट कर दिया। बाद में सभी विधायक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय के बाहर काले कपड़े पहनकर धरने पर बैठे।

आम आदमी पार्टी विधायक दुर्गेश पाठक ने पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा पर अल्पकालिक चर्चा शुरू की जिसके बाद भाजपा विधायक विरोध में खड़े हो गए और कहा कि दिल्ली से संबंधित मुद्दों पर सदन में बहस होनी चाहिए। उपसभापति राखी बिधलान ने भाजपा विधायकों के विरोध पर सवाल उठाते हुए कहा, क्या उन्हें लगता है कि मणिपुर विधानसभा में चर्चा के लिए कोई मुद्दा नहीं है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में भी मणिपुर मुद्दे पर चर्चा हुई। भाजपा विधायकों ने अपना विरोध जारी रखा जिसके बाद उनमें से चार अभय वर्मा, जितेंद्र महाजन, अजय महावर और ओपी शर्मा को मार्शलों की मदद से सदन से बाहर निकाल दिया गया। हंगामा बढ़ने पर पाठक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा इस मुद्दे पर चर्चा नहीं चाहती है। पाठक के नेतृत्व में आप विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे भी लगाए।

सदन से बाहर निकाले जाने के बाद रामवीर सिंह बिधड़ी भाजपा विधायकों ने केजरीवाल सरकार के हजारों करोड़ रुपए के घोटालों पर चर्चा के लिए बाकायदा अध्यक्ष को नोटिस दिया हुआ था। इन घोटालों में शराब घोटाला, पेनिक बटन घोटाला, सीएम आवास का नवीनीकरण घोटाला, जल बोर्ड घोटाला, बिजली घोटाला, डीटीसी घोटाला, क्लास रूम घोटाला, अस्पताल घोटाला, हवाला घोटाला और जासूसी घोटाला शामिल है। इस पर चर्चा कराने की बजाय विधानसभा अध्यक्ष ने मणिपुर पर चर्चा कराने का फैसला किया जो कि विधानसभा के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। भाजपा विधायकों ने इसका विरोध किया। इसके अलावा विधानसभा में समस्याओं पर चर्चा नहीं कराई जाती। हमारी मांग थी कि जनता अपनी समस्याओं का हल चाहती है, इसलिए दिल्ली पर चर्चा की जाए लेकिन यह बात भी नहीं सुनी गई। बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा विधायक नरेश बल्यान पर किए गए स्टिंग ऑपरेशन पर भी वह चर्चा चाहते थे जिसमें आम आदमी पार्टी के एक दर्जन से अधिक नेता शामिल हैं।

## कांग्रेस का स्पष्टीकरण, आप ने भुलाये मतभेद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **अलका लांबा के लोकसभा में सातों सीटों पर चुनाव लड़ने के बयान से बढ़ा था विवाद**

लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच मतभेद सामने आने के एक दिन बाद आप ने कहा कि कांग्रेस ने अब अपना रुख स्पष्ट कर दिया है और मामला खत्म हो गया है।

कांग्रेस नेता अलका लांबा की बुधवार को उस टिप्पणी के बाद विवाद पैदा हो गया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें वर्ष 2024 के चुनाव से पहले दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट पर मजबूती से काम करने का निर्देश दिया है। आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस ने अब खुद ही अपने बयान से इनकार कर दिया है। यह अच्छा है। मामला अब खत्म हो गया है।

कांग्रेस ने स्पष्टीकरण दे दिया है और सबकुछ अब स्पष्ट है। सभी दल मिल-बैठकर हिसाब-किताब लगाते हैं और फिर ऐसी चीजें तय होती हैं। प्रवक्ता बयान देते हैं। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने वर्तमान परिस्थितियों में धैर्य रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने निर्दिष्ट किया कि उसके कुछ नेताओं के बयान व्यक्तिगत टिप्पणियां थीं। मुझे लगता है कि फिलहाल थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है और मुंबई में होने वाली अगली बैठक तक कोई रास्ता निकलेगा। दिल्ली के कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक की और संगठन को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक के बाद लांबा ने कहा था कि हम सातों सीट पर ठीक से तैयारी करके मजबूती से जनता के पास जाएंगे।

### अध्यापक ने छात्र को पीटा, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** तुकमीरपुर इलाके में अध्यापक ने एक छात्र की पिटाई कर दी जिसके कुछ दिनों बाद छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

छठी कक्षा में पढ़ने वाला छात्र हिंदी की पाठ्यपुस्तक लाना भूल गया था, जिसके कारण अध्यापक ने उसकी पिटाई कर दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस को शनिवार को गुरु तेग बहादुर अस्पताल से सूचना मिली की 12 वर्षीय एक लड़के को भर्ती कराया गया है जिसकी सात अगस्त को उसके अध्यापक ने पिटाई की थी। लड़के के पिता की शिकायत के आधार पर दयालपुर थाने में शनिवार को आरोपी सादुल हसन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## पुलिस जांच में इस्तेमाल करेगी ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी

- **उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने किया उद्धाटन, अपराध से जुड़े डाटा रहेंगे सुरक्षित**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश में पहली बार अपराध जांच के लिए दिल्ली पुलिस ब्लॉक चेन तकनीक का इस्तेमाल करेगी।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को इस तकनीक का उद्घाटन किया है। इस तकनीक को गृह मंत्रालय के सहयोग से पहली बार दिल्ली में विकसित किया गया है।




ब्लॉक चेन का उद्घाटन करते एलजी वी.के सक्सेना, साथ में सीपी संजय अरोड़ा

ब्लॉकचेन एक डेटा बेस है, इसके जरिए डेटा को ब्लॉक में स्टोर किया जाता है, जो एक चेन में एक साथ जुड़े होते हैं। इस मौके पर उपराज्यपाल कहा कि पदभार संभालने के बाद से ही उनकी यह कोशिश रही है कि फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी का काम पूर्ण रूप से छेड़छाड़ रहित और तेजी से हो। उन्होंने भरोसा जताया कि ब्लॉक चेन तकनीक इस लक्ष्य को हासिल करने में सहायक होगी। जानकारी के अनुसार, दिल्ली फोरेंसिक लैबोरेटरी सभी तरह के क्राइम इंवेस्टीगेशन में दिल्ली पुलिस समेत सभी जांच एजेंसियों को पूरा सहयोग करती है। पहले दिल्ली पुलिस क्राइम सीन से लिए नमूनों को पेपरों के साथ यहां जमा कराती थी। जवरी 2019 से एक साफ्टवेयर की मदद से केस से जुड़े डाटा को केंद्रीय डाटा केंद्र को भेजा जाने लगा और स्वतः एक यूनिक नंबर जारी होने लगा। इसका उद्देश्य इन डाटा को संबधित एजेंसियों जैसे पुलिस, अभियोग पक्ष, जेल और अदालत आदि से सांझा करना था। इस व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए पिछले वर्ष ई-फोरेंसिक साफ्टवेयर में ब्लॉक चेन तकनीक को शामिल करने का निर्णय लिया गया।

## फैक्ट्री में लगी आग, हादसे में पांच दमकलकर्मी घायल

- **फैक्ट्री में आग से ढह गई थी दीवार**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम दिल्ली के बवाना में प्लास्टिक की वस्तुएं बनाने वाली एक फैक्ट्री में विस्फोट के बाद पांच दमकलकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दमकल अधिकारियों के अनुसार, घटना बुधवार रात 10 बजकर 56 मिनट पर हुई और मौके पर दमकल की 30 गाड़ियों को भेजा गया। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री बवाना औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-5 में स्थित है। उन्होंने बताया कि फैक्टरी में विस्फोट होने के कारण दीवार और दरवाजा ढह गया और पांच दमकलकर्मी घायल हो गए।

हादसे में धर्मवीर, अजीत, नरेन्द्र, जयवीर और विकास घायल हो गए। घायलों को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल ले जाया गया और इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### कोचिंग सेंटरों के लिए अग्नि सुरक्षा निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने एमसीडी को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि ऐसे कोचिंग सेंटरों को अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है, जो किसी इमारत के भूतल और पहली मंजिल पर संचालित हों और इमारत की उंचाई नौ मीटर से अधिक न हो।

डीएफएस ने यह स्पष्टीकरण एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया है, दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा मुखर्जी नगर घटना का स्वतः संज्ञान लेने और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को कुछ निर्देश जारी करने के बाद कई लोगों ने विभाग से संपर्क किया था। मुखर्जी नगर इलाके में एक कोचिंग संस्थान में इस जून में आग लग गई थी।

## 'कृषि भूमि के सर्कल रेट एक समान हो'

- **प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने उपराज्यपाल को सौंपा ज्ञापन**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ अनिल कुमार के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल से से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मांग की गई कि दिल्ली सरकार द्वारा कृषि भूमि अधिग्रहण के सर्कल रेट की दरें लागू करने की असमानता को खत्म करके एक समान तय की जाऐं और कम से कम 6 करोड़ प्रति एकड़ सर्कल रेट होना चाहिए।

इससे पूर्व दिल्ली में 7 बार सर्कल रेट बढ़ाए गए है जो पूरी दिल्ली में एक समान तय किए गए है। आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने पहली बार अलग-अलग क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण की दरें असमान तय की है जिसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है, जिसकी जांच होनी चाहिए।

अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली सरकार का कृषि भूमि के नए सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव दिल्ली वालों के खिलाफ है। क्योंकि प्रस्तावित कृषि भूमि का सर्कल रेट विभिन्न जिलों में अलग-अलग रखे गए है, जिसके कारण किसानों में भारी असंतोष है। कृषि भूमि का सर्कल रेट एक समान होना चाहिए, क्योंकि इससे पूर्व भी सर्कल रेट एक समान थे। परंतु सरकार ने भू-माफिया और एक विशेष वर्ग को लाभ पहुंचाने के मकसद से हरित क्षेत्र के गांव, शहरीकृत गांव और ग्रामीण गांव की श्रेणी में बांटकर कृषि भूमि के सर्कल रेट की दरें बढ़ाई हैं। अनिल ने केंद्र और दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा किसानों को बांटने का काम रही है वहीं आप पार्टी की सरकार ने किसानों के हितों से जुड़े मुद्दे कृषि भूमि सर्कल रेट बढ़ाने की नीति स्वार्थ साधकर तय की गई है।

## भीषण गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए योजना तैयार

- **डीडीएमए परियोजना के तहत चिन्हित इलाकों में छतों को सफेद करने की योजना**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में भीषण गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए एक नई ग्रीष्म कार्य योजना तैयार की गई है। इसमें भीषण गर्मी के दौरान स्कूलों के समय में बदलाव, गैर-आवश्यक पानी का उपयोग नहीं करने के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति और अतिसंवेदनशील आबादी पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए संवेदनशील स्थानों का प्रतिदिन सर्वेक्षण शामिल है।

इस योजना को तैयार कर बीते माह केंद्र सरकार को भेजने वाले दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण(डीडीएमए) की विशेष परियोजना के तहत चिन्हित इलाकों में छतों पर सफेद रंग करने की भी योजना है जिससे इमारत के अंदर ठंडक रहे। एक डीडीएमए के अधिकारी ने बताया कि ग्रीष्म कार्वाई योजना (एचएपी) का कार्यान्वयन करने वाले नोडल अधिकारी को अभी नियुक्त नहीं किया गया है।

भारत के सबसे गर्म शहरों में से एक होने के साथ दिल्ली, अपनी बड़ी आबादी तथा निम्न-आय समूहों के कारण गर्म हवाओं से प्रभावित होने वाले सबसे संवेदनशील शहरों में से भी एक है। देश में 1971-2019 तक गर्म हवाएं चलने की 706 घटनाएं हुईं, जिसमें 17,000 से अधिक लोगों की जान चली गई। यह आंकड़ा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम राजीवन के साथ-साथ वैज्ञानिकों कमलजीत रे, एसएस रे, आरके गिरी और एपी डिमरी द्वारा लिखे गए एक पेपर में दिया गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के गर्म हवाओं के पूर्वानुमान पर दिल्ली की एचएपी आगामी सात दिनों के लिए निर्भर होगी जो स्थानीय आबादी के लिए रंग आधारित अलर्ट जारी करेगी।

रेड अलर्ट अधिकतम तापमान के सामान्य तापमान से कम से कम छह डिग्री सेल्सियस अधिक हो जाने पर जारी किया जाएगा। वहीं, अधिकतम तापमान के सामान्य से चार से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक हो जाने पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया जाएगा। साथ ही सामान्य तापमान से शून्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाने पर एलो अलर्ट जारी किया जाएगा। एचएपी को तीन चरणों में जारी किया जाएगा जिसका पहला चरण ग्रीष्म ऋतु से पहले फरवरी और मार्च में होगा। यह आम जनता, स्वास्थ्य सेवा कर्मियों और देखभाल करने वालों के लिए अलर्ट जारी करने के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और एक संचार योजना विकसित करने के लिए समर्पित है।

## बच्चों की बुनियाद मजबूत करने के लिए टीएलएम प्रदर्शनी

### शिक्षा मंत्री आतिशी व मेयर शैली ने स्टेट टीएलएम एक्जीबिशन का उद्घाटन किया

- **प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाई को सरल और मजेदार बनाने की दिशा में अच्छा कदमः आतिशी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा त्यागराज स्टेडियम में प्राथमिक कक्षाओं के लिए टीचिंग लर्निंग मटेरियल के दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शन का आयोजन किया।

इसका मकसद बच्चों में सीखने की बुनियाद मजबूत करना है। शिक्षा मंत्री आतिशी और मेयर शैली ओबेरॉय ने गुरुवार को इसका उद्घाटन किया। उन्होंने अलग-अलग स्टाल पर जाकर टीचिंग लर्निंग मटेरियल को देखा और उसके विषय में जाना साथ ही शिक्षकों को इस प्रदर्शनी से अधिक से अधिक सीखकर उसे अपनी कक्षाओं में उपयोग करने के किए प्रोत्साहित किया। इस प्रदर्शनी में शिक्षकों ने प्रारंभिक वर्षों में छात्रों की बुनियादी शिक्षा को बेहतर और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सीखने के विभिन्न प्रकार के इनोवेटिव मॉडल का प्रदर्शन किया। इस मौके पर आतिशी ने कहा सीखने के शुरुआती सालों में बच्चों की लर्निंग तब सबसे ज्यादा और प्रभावशाली होती है जब वे मल्टीप्ल सेंसेज का इस्तेमाल करते है।



दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य करते स्कूली बच्चे।

ऐसे में बच्चों को किताबों के अतिरिक्त सीखने के लिए विभिन्न टीचिंग लर्निंग मटेरियल का इस्तेमाल करना जरूरी है, जिसमें खेलने के साधारण खिलौनों से लेकर गिनती और गणित सीखने के लिए विभिन्न जोड़-तोड़ वाले टीएलएम शामिल हो। टीचिंग लर्निंग मटेरियल तैयार करने वाले शिक्षकों को बधाई देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा बच्चों के लिए पढ़ने का सकारात्मक और अनुकूल वातावरण तैयार करने और क्लासरूम को हैप्पी क्लासरूम बनाने की दिशा में इस एक्जीबिशन में भाग लेने वाले शिक्षकों का उत्साह सराहनीय है। शैली ओबरॉय ने कहा कि सभी स्कूलों के शिक्षकों और प्रिंसिपलों को इस प्रदर्शनी में आना चाहिए और देखना चाहिए कि कैसे-कैसे इनोवेटिव आइडियाज के साथ बच्चों को पढ़ा सकते है। हम कैसे नए-नए तरीकों से पढ़ाई के प्रति बच्चों की रूचि पैदा कर सकते हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के क्रम में सभी की जिम्मेदारी है। सामान्यतः बच्चों में गणित को लेकर डर होता है लेकिन इन टीचिंग लर्निंग मटेरियल के साथ बच्चों का डर तो खत्म होगा ही साथ ही उन्हें गणित सीखने में मजा भी आएगा। प्राथमिक कक्षाओं में तो इन टीचिंग लर्निंग मटेरियल की बदौलत एमसीडी स्कूलों में पढने वाले हमारे बच्चों की बुनियाद को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### स्कूल प्रमुखों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद स्कूलों के प्रमुखों और शिक्षकों के लिए लैंगिक संवेदनशीलता और यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा तथा यौन उत्पीड़न की रोकथाम के प्रावधानों पर जागरूकता के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। एनडीएमसी अध्यक्ष अमित यादव इसका उद्घाटन किया।

यादव ने कहा कि पॉसको के तहत आने वाले विभिन्न तथ्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण के महत्व पर जोर दिया।

यदि यौन अपराध से संबंधित कोई घटना किसी भी व्यक्ति के संज्ञान में आती है और वह सूचित नहीं करता है तो उसे भी पॉस्को अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उस घटना में भागीदार माना जाएगा।

# मानेसर की तीन कॉलोनियां हुई नियमित, अब होंगे विकास के कार्य

## सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की आधिकारिक घोषणा

### पूरे प्रदेश की 450 कॉलोनियों को किया नियमित

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की 450 कॉलोनियों को नियमित किया। इसमें मानेसर की तीन कालोनियां भी शामिल हैं। कॉलोनियों पर वैधता की मुहर लगने के बाद इन कॉलोनियों में सरकार की ओर से विकास कार्य कराए जाएंगें।

वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने वर्ष 2014-2022 के दौरान 685 कॉलोनियों को नियमित किया है। इस वर्ष में 131 कॉलोनियों पर वैधता की मुहर पहले ही लगाई जा चुकी है। गुरुवार को भी 450 कॉलोनियों को अप्रूव किया गया है। मौजूदा वर्ष में ही प्रदेश की 581 कॉलोनियों को नियमित किया गया है। इतना ही नहीं 1856 अन्य कॉलोनियों को पक्का करने का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कॉलोनियों को नियमित करने के लिए न्यूनतम नियम बनाए हैं, ताकि प्रदेश की ज्यादा से ज्यादा जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।


गुरुग्राम के मानेसर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से जुड़े लोग।

जिन कॉलोनियों को पक्का यानि वैध किया जाएगा, उनमें मुख्य नियम है कि कॉलोनियों की मुख्य सड़क छह मीटर और आंतरिक सड़क 3 मीटर की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार दो एकड़ से छोटी ऐसी कॉलोनियों को भी नियमित किया गया है, जोकि पहले से किसी वैध कॉलोनी के साथ लगती हैं। पहले कॉलोनियों को पक्का करवाने के नियम काफी कड़े थे, लेकिन आमजन की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए हमने नियमों में ढील दी है।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी ने जीते 10 पदक

**सोनीपत।** बागरू के होली क्रॉस स्कूल में लड़के व लड़कियों की तीसरी सब-जूनियर जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सरों ने 6 स्वर्ण पदक, एक रजत पदक व 3 कांस्य पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 170 से ज्यादा बॉक्सरों ने भाग लिया।

जिसमें 40 किलोभार वर्ग में फलक, 43 किलो भार वर्ग में तेजस खोखर, 52 किलो भार वर्ग में यश राज, 61 किलो भार वर्ग में अनमोल दहिया, 70 किलो भार वर्ग में युग पुनिया व गर्ल्स प्रतियोगिता में 52 किलो भार वर्ग में एकता ने स्वर्ण पदक जीते। इसी के साथ यश सैनी ने रजत पदक व रॉबिन सरोहा, तनिश नशीयर व नमन गुलिया ने कांस्य पदक जीते। चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ी को बधाई देते हुए उनको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# सभी वर्गों के लिए शिक्षा के द्वार खुले हैं : डॉ. विजय सिंह

## रॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल वजीरपुर में मनाया स्वतंत्रता दिवस

### रूबी फोगाट यादव बनी रहीं मुख्य अतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम के वजीरपुर स्थित रॉयल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह में अतिथियों का स्वागत व सम्मान करते स्कूल के चेयरमैन डॉ. विजय सिंह नंबरदार व अन्य मौजिज लोग।

**रॉयल** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल वजीरपुर में 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मिस यूनिवर्स रह चुकीं हरियाणा भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष रूबी फोगाट यादव ने बतौर मुख्य अतिथि, स्कूल के चेयरमैन डा. विजय सिंह नंबरदार के साथ संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं तथा गांव व आसपास के क्षेत्र के लोगों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर डा. विजय सिंह नंबरदार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र और समाज की तरक्की के लिए शिक्षा ही एक मात्र विकल्प है। उनके जीवन का यही उद्देश्य है कि शिक्षा का अधिक से अधिक प्रचार, प्रसार हो। बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाए। डॉ. विजय सिंह ने कहा कि उनके सभी शिक्षण संस्थानों के दरवाजे समाज के हर तबके के लिए खुले हैं। स्वतंत्रता दिवस के इस समारोह में रुबी फोगाट यादव के पति पति विनय यादव, सामाजिक कार्यकर्ता धर्म सिंह चौहान, जगदीश चौहान, जगदीश शर्मा, रतिपाल चौहान, मदन सिंह चौहान, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट एटॉमी अजय चौहान, विनोद चौहान, हरिओम चौहान, श्रीराम सरपंच, तारा चंद कटारिया, हुकुम सिंह, एडवोकेट मनीष शर्मा, एडवोकेट राजेश चौहान, करण, मनोज चौहान, कुमारपाल चौहान, अमरपाल चौहान, करतार रमेश सैनी, मास्टर करतार आदि थे।

# हरित ऊर्जा पूरे भारत में सतत विकास को दे सकती है गति: दुष्यंत चौटाला



गुरुग्राम विवि में दो दिवसीय संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### श्रेष्ठ और समर्थ भविष्य के लिए ऊर्जा का संरक्षण आवश्यक

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग और कॉलेज ऑफ बिजनेस, वैलपराइसो विश्वविद्यालय, इंडियाना, यूएसए के संयुक्त तत्वावधान में व्यापार की पुनर्कल्पना: प्रौद्योगिकी एवं हरित प्रथाओं का उपयोग विषय पर दो दिवसीय संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने किया।

दो दिनों तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य विचारों, प्रौद्योगिकियों, रणनीतियों और हरित प्रथाओं को गति प्रदान करना है, जो आधुनिक युग में पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यवसायों के संचालन के तरीके को नया आकार दे सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सम्मेलन में देश विदेश के सेंकड़ों विद्वानों को एक मंच पर लाने के लिए जीयू के प्रबंधन विभाग और उसकी डीन अमरजीत कौर को बधाई दी। उन्होंने अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला

### गुरु रविदास धाम की आधारशिला से समाज गौरवान्वित: कटारिया

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य और श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सूरजभान कटारिया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार देश की विरासत को संवारने का अद्भुत कार्य कर रही हैं। मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक जिले सागर में 100 करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास महाराज के धाम स्मारक स्थल की नींव रखी। कटारिया ने कहा कि यह भव्य रविदास धाम पूरे देश के लिए सामाजिक समरसता और संत रविदास के उपदेशों का तीर्थ स्थल बनेगा। मध्यप्रदेश के सागर में आयोजित सभा में शामिल होकर लौटे सूरजभान कटारिया ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह हम सब के लिए गौरवान्वित होने की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि वह संत रविदास जी से प्रेरणा लेकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति के तहत कार्य आगे बढ़ा रहे हैं।

# गोदरेज-101 सोसायटी में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## मानेसर थाना प्रभारी सवित कुमार ने फहराया ध्वज

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**स्वतंत्रता** दिवस समारोह सेक्टर-79 स्थित गोदरेज-101 सोसायटी में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मानेसर थाना प्रभारी सवित कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने ध्वजारोहण करके सभी को इस पर्व की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का आयोजन सोसायटी निवासियों, गोदरेज लिविंग बिल्डिंग प्रबंधक प्रदीप छोकर, अग्निशमन तथा सुरक्षा अधिकारी रविन्द्र डबास द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सवित कुमार ने गोदरेज-101 सोसाइटी में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उनका स्वागत सोसाइटी के सीनियर सिटीजंस रमेश और बिल्डिंग प्रबंधक प्रदीप छोकर द्वारा फूलमालाओं से किया गया। बिल्डिंग प्रबंधक के अग्निशमन तथा सुरक्षा अधिकारी रविंद्र डबास ने मुख्य अतिथि सवित कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मान


गुरुग्राम के सेक्टर-79 सिथत गोदरेज-101 सोसायटी में मुख्य अतिथि एसएचओ मानेसर सवित कुमार का स्वागत करते मौजिज लोग।

दिया। मुख्य अतिथि सवित कुमार ने वहां मौजूद सभी सोसायटी निवासियों को संबोधित किया, संबोधन के दौरान उन्होंने महिला सुरक्षाकर्मियों द्वारा की गई मार्च परेड की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने आज महिला सशक्तिकरण के नारे को नया आयाम दिया है। उन्होंने नूंह की घटनाओं का भी जिक्र करते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों की वजह से इस तरीके की घटना होती हैं। उन्होंने नूंह की घटना के दौरान बिल्डिंग प्रबंधन की सुरक्षा टीम की ओर से की गई सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी बिल्डिंग प्रबंधक के अग्निशमन तथा सुरक्षा अधिकारी रविन्द्र डबास की खूब सराहना की। सवित कुमार ने मार्च परेड में शामिल महिला सुरक्षा कर्मियों को प्रशंसा प्रमाणपत्र दिए।

# पंकज डावर ने स्कूली बच्चों को किया सम्मानित


डीएलएफ फेस-3 के सिटी कान्वेंट स्कूल में हुए कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पंकज डावर।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### सिटी कान्वेंट स्कूल डीएलएफ फेज-3, मानव सेवा एनजीओ के कार्यक्रम में की शिरकत

**डीएलएफ** फेस-3 के सिटी कान्वेंट स्कूल और मानव सेवा एनजीओ द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर पहुंचे। जिन्होंने दोनों स्थानों पर पहुंचकर झंडारोहण किया। सिटी कान्वेंट स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों की खूब सराहना की।

पंकज डावर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्होंने सभी लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हो गया था। आशा भी करते हैं कि सभी बच्चे एक दिन जरूर अपना नाम रोशन करेंगे इस मौके पर सिटी कान्वेंट स्कूल के प्रिंसिपल आर्य महेश चंद्र, जय सिंह हुड्डा, एडवोकेट सूबे सिंह यादव अमित कोचर विपिन तनेजा मुकेश सिंगला मुकेश आहूजा कुलदीप सिंह एवं मानव सेवा एनजीओ में हुए कार्यक्रम में पूजा संधू समेत विभिन्न कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# हर परिवार प्रकृति संरक्षण के लिए मिलकर पेड़ लगाए : नवीन गोयल

### नवीन गोयल ने अपनी पत्नी के साथ रेयान इंटरनेशनल स्कूल में किया पौधारोपण

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हर** परिवार को प्रकृति के संरक्षण के लिए मिलकर पेड़-पौधे लगाने चाहिए। हमें अपने आसपास या किसी खुले स्थान पर पौधारोपण करके उनका संरक्षण भी करना चाहिए। अगर हम पेड़-पौधों का संरक्षण करें तो प्रकृति का संरक्षण होगा।

यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने रेयान इंटरनेशनल स्कूल में कही। वे यहां अपनी पत्नी मोनिका गोयल पर्यावरण संरक्षण का संदेश के लिए पौधारोपण कार्यक्रम में पहुंचे थे।


गुरुग्राम के रेयान इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण करते नवीन गोयल।

नवीन गोयल ने स्कूल परिसर में विद्यार्थियों, स्टाफ के साथ मिलकर पौधे रोपे। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में पेड़-पौधों का बहुत अधिक महत्व है। पेड़ों के बिना हमारा जीवन भी शून्य है। क्योंकि जो पेड़ प्राकृतिक रूप से हमें ऑक्सीजन देते हैं, अगर पेड़ नहीं होंगे तो ऑक्सीजन का स्तर घट जाएगी। सबसे पहले तो ऑक्सीजन ही हमारे जीने के लिए जरूरी है। बाकी चीजें, संसाधन, सुख-सुविधाएं सेकेंडरी हैं। यह अलग बात है कि अब हम इन जड़ी-बूटियों को सीधे प्रयोग ना करके दवा कंपनियों के माध्यम से प्रयोग करते हैं। इस दौरान प्रिंसिपल मोनिका मेहता, अलका दलाल समेत स्कूल का स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# नागरिक अस्पताल में तीन डाक्टरों की नियुक्ति से चिकित्सा सुविधा होगी बहत्तर

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नागरिक** अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ समेत दो अन्य डॉक्टरों की नियुक्ति हुई। नागरिक अस्पताल में जल्द ही निक्कू वार्ड चालू किया जाएगा। महिला रोगियों को की सेवा में 24 घंटा रोग विशेषज्ञ उपलब्ध होगी।

स्थानीय नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों की सुविधा धीरे-धीरे बढ़ाने का प्रयास स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी जुटें हुए है। नागरिक अस्पताल में पिछले करीब चार माह से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर न होने से जच्चा-बच्चा वार्ड समेत नागरिक अस्पताल में आने वाले रोगी बच्चों को चिकित्सा सुविधा न मिलने से अभिभावक काफी परेशान थे। लेकिन नागरिक अस्पताल में तीन डॉक्टरों की नियुक्ति से क्षेत्रवासियों को काफी फायदा होगां तीन डॉक्टरों में शिशु रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ और बेहोश (एनेथीशिया) विशेषज्ञ की नियुक्ति होने से अब छोटे स्तर के ऑपरेशन की सुविधा रोगियों को मिलेगी।


सोहना के नागरिक अस्पताल में ओपीडी कार्ड बनवाने के लिए लाइन में लगे रोगी।

### निक्कू वार्ड चालू करने की कवायद

**नागरिक** अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ के न होने से यहा बना निक्कू वार्ड को ताला लगा हुआ था। निक्कू वार्ड चालू न होने से स्थानीय अस्पताल में नवजात बच्चों को होने वाली परेशानी के दौरान गुरुग्राम लेकर भागना पड़ रहा था। नागरिक अस्पताल में चिकित्सा सुविधा लेने के लिए आने वाले बच्चों को निजी अस्पताल या आस पास लगते गुरुग्राम, दिल्ली, फरीदाबाद, पलवल उपचार कराने के लिए जाना पड़ रहा था।

# विधायक सुधीर सिंगला ने शहर की समस्याओं को लेकर निगमायुक्त से की बैठक

### कई क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि समाजसेवी भी विधायक के साथ रहे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने शहर के कई क्षेत्रों की समस्याओं के संदर्भ में नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा से मुलाकात की। उन्हें सभी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करके इनके त्वरित समाधान के लिए कहा।

इस दौरान विधायक सुधीर सिंगला के साथ पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पूर्व पार्षद मंगतराम बगड़ी, बनवारी लाल सैनी, रमेश कालरा, लवली सलूजा, अशोक प्रजापति, देविंदर जैन, अनिल गोयल, अतुल सिंगला, एसके वत्स, विकास गुप्ता मौजूद रहे। इन सभी के क्षेत्रों की



समस्याओं को लेकर विधायक सुधीर सिंगला ने निगमायुक्त पीसी मीणा से चर्चा की। विधायक सुधीर सिंगला ने निगमायुक्त से कहा कि पानी, सीवरेज की सबसे अधिक शिकायतें आ रही हैं। कहीं छोटी सीवरेज लाइन है तो कहीं पानी का सप्लाई सुचारू नहीं हो पा रही। पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर विधायक ने कहा कि रेवले स्टेशन से चार-पांच चौक तक सीवरेज की लाइन डाली जाए। अपना एन्क्लेव के सामने लक्ष्मण विहार की गली में सीवरेज की बड़ी लाइन डाली जाने की भी बात कही। आबादी बढ़ने के हिसाब से पुरानी लाइन से काम नहीं चल रहा।

भीमगढ़ खेड़ी की समस्याएं भी विधायक ने निगमायुक्त को बताई। जैकबपुरा रामलीला मैदान में अतिक्रमण के एक विषय पर भी चर्चा की गई। निगमायुक्त ने इस विषय से संबंधित फाइल का अवलोकन करके इसके जल्द निपटारे की बात कही।

# 'दोस्त को वीडियो कॉल करें?' कौन बनेगा करोड़पति डायल करता है शाओमी इंडिया

## कौन बनेगा करोड़पति- सीजन 15 के साथ इस गठबंधन द्वारा 'दोस्त को वीडियो कॉल करें' लाईफलाईन शाओमी के रेडमी 12 5जी स्मार्टफोन द्वारा पॉवर्ड होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नयी दिल्ली

**देश** के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन ब्रांड और एआईओटी ब्रांड, शाओमी इंडिया ने भारत के सबसे प्रतिष्ठित टेलीविज़न शो- कौन बनेगा करोड़पति के साथ गठबंधन किया है, जो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है। शो के टेक्नॉलॉजी क्वोशेंट बढ़ाने वाले टेक्नॉलॉजी इंटीग्रेशन के साथ यह गठबंधन प्रतियोगियों को 'दोस्त को वीडियो कॉल करें' लाईफलाइन लेने का एक नया तरीका पेश करेगा।

कौन बनेगा करोड़पति के नए सीज़न में 'दोस्त को वीडियो कॉल करें' लाईफलाईन शाओमी की 5जी डिवाईसेज़ द्वारा पॉवर्ड होगी, जिनमें लेटेस्ट रेडमी 12 5जी शामिल है। यह



लाईफलाईन प्रतियोगियों को गेम के दौरान वीडियो कॉल द्वारा अपने दोस्तों से कनेक्ट होने और निर्णय लेने में समर्थ बनाएगी।

इस साझेदारी के बारे में श्री अनुज शर्मा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, शाओमी इंडिया ने कहा, 'कौन बनेगा करोड़पति सालों से भारतीय परिवारों का हिस्सा है। इस शो की तरह ही शाओमी इंडिया भी भारत में अपने 9 सालों के सफर में लाखों लोगों के दिल में उतर चुका है। ये दोनों ही विश्वसनीयता पर आधारित हैं और जनसमूह से जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस सहयोग के साथ हम अपनी 5जी टेक्नॉलॉजी द्वारा 'दोस्त को वीडियो कॉल करें' लाईफलाईन में एक नया आयाम जोड़ने के लिए उत्साहित हैं।

प्रतीक दास, हेड- मार्केटिंग पार्टनरशिप एंड अलायंस, शाओमी इंडिया ने कहा, ब्रांड की प्रगति और निपुणता की प्रेरणा एक मजबूत साझेदारी से मिलती है। हमारी यह साझेदारी इस गठबंधन की शक्ति का उदाहरण है, जो लोगों के अनुरूप है, और सीमाओं से परे प्रभाव उत्पन्न करती है। वैशाली शर्मा, हेड - मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस, सेट, सोनी सब, और सोनी मैक्स मूवीज़ क्लस्टर ने कहा, कौन बनेगा करोड़पति रियलिटी टीवी शो के सेगमेंट में सबसे पसंदीदा फॉर्मेट्स में से एक है।

# हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में 'एशियाटेक्स-2023' नामक टैक्सटाइल्स का फेयर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हिंदुस्तान** चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमुख शिखरचंद जैन ने कहा कि चेंबर के 125 वर्ष पूरे होने से इस फेयर में 125 विशालकाय स्टॉल होंगे. यह स्टाल 904 वर्ग फीट से 97 वर्ग फीट के होंगे. ज्यादातर प्रदर्शक मुंबई, भिवंडी, सूरत, इचलकरंजी, भीलवाड़ा, अहमदाबाद और अन्य टेक्सटाइल हब के होंगे। 15,000 से अधिक ट्रेड विजिटरों के फेयर को विजिट करने की धारणा है.

इस फेयर में यार्न, कपड़ा, मेडअप्स, टेक्निकल टेक्सटाइल्स, यूनिफॉर्म कपड़ा, होम टैक्सटाइल्स, फर्नीशिंग, निट्स, गारमेंट्स आदि की विस्तृत रेंजदिखाई देगी. यह bwb फेयर 60000 वर्ग फीट में फैला होगा.25000 वर्ग फीट में स्टाल




होंगे.बाकी की जगह में स्टेज,वीआईपी लांज, बिजनेस नेटवर्किंग सेशन स्पेस,मीटिंग सेंटर,कान्फ्रेंस रूम, कॉफेटेरिया आदि होगा. एशिया टैक्स ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के कन्वीनर सुशील आर. गाडिया हैं.पब्लिक रिलेशन कमेटी के कन्वीनर उत्तम वी जैन है.

हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष सज्जन कुमार डोकानिया है.मानद मंत्रियों में अनुराग पोद्दार,विनोद जे. लोढा, निर्मल कुमार गुप्ता का समावेश है.कोषाध्यक्ष संजीव डी.बुबना है।

# लॉर्ड्स ऑटोमेटिव ने लॉन्च किए आठ एडवांस टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर वाहन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लॉर्ड्स** मार्क इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड ने देश के उभरते ईवी क्षेत्र में मार्केट लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए आठ इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की एक एक्सक्लूसिव रेंज लॉन्च की है.

लॉर्ड्स ऑटोमेटिव ने 6 थ्री-व्हीलर (3W) ईवी मॉडल - लॉर्ड्स किंग ई-रिक्शा, लॉर्ड्स सम्राट ई-लोडर, लॉर्ड्स सवारी बटरफ्लाई ई-रिक्शा, लॉर्ड्स गति बटरफ्लाई ई-लोडर, दिव्यांगों के लिए खास तौर पर डिजाइन लॉर्ड्स ग्रेस ई-रिक्शा और लॉर्ड्स स्वच्छ यान ई-गारबेज के साथ-साथ 2 हाई-स्पीड टू-व्हीलर (2W) ईवी स्कूटर मॉडल - लॉर्ड्स इग्नाइट हाई स्पीड ई-स्कूटर और लॉर्ड्स प्राइम हाई स्पीड ई-कार्गो स्कूटर को लॉन्च किया है। इनकी कीमतें 49,999 से 175,000



रुपये के दायरे में हैं। ये ईवी देश भर में डीलरों, वितरकों और आम लोगों के लिए उपलब्ध हैं. कंपनी शुरुआत में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली एनसीआर, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल, गुजरात, राजस्थान और असम में टिअर-2 व टिअर-3 शहरों को टार्गेट करेगी।

2W और 3W ईवी के अत्याधुनिक 8 वेरिएंट की मेगा लॉन्चिंग देश में ग्रीन मोबिलिटी रिवॉल्यूशन लाने में प्रमुख भूमिका निभाने के लॉर्ड्स ऑटोमेटिव के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

इन ईवी का विनिर्माण सिलवासा, लखनऊ, गुरुग्राम और फरीदाबाद में स्थित कंपनी के अत्याधुनिक संयंत्रों में हो रहा है. ये मजबूत बैटरी क्षमता, एडवांस फीचर और पेलोड के साथ यात्रियों और माल की ढुलाई के लिए बेहतर सुरक्षा व सुविधा प्रदान करते हैं. लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ सच्चिदानंद उपाध्याय ने लॉन्च के बारे में कहा, आठ सोफिस्टिकेटेड ईवी को लॉन्च करना हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। देश में इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति लाना हमारा मिशन रहा है। हमारा मानना है कि यात्रियों और माल की ढुलाई में बड़े पैमाने पर ईवी को अपनाने से पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और भारत में ईवी क्रांति को नए सिरे से परिभाषित किया जा सकेगा।

# अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ की लेडीज विंग के तीज महोत्सव ने मचाई धूम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**अग्रवाल** समिति बल्लभगढ़ की लेडीज विंग द्वारा हरियाली तीज महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला एवं महासचिव लोकेश अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल धर्मशाला, चावला कॉलोनी में आयोजित महोत्सव में अतिथि सोनम गर्ग, अदिति गर्ग एवं नेहा गर्ग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति के प्रवक्ता ललित गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध प्राचीन परंपरा में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों की विरासत को आगे बढ़ाना था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मेरा देश है रंगीला गाने पर डांस एवं तीज क्वीन प्रतियोगिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। तीज क्वीन प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि वह 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए थी।

वंदना बंसल, मनीषा गुप्ता एवं शालिनी मंगला द्वारा तीज क्वीन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में अपना दायित्व निभाते हुए सुषमा सिंगला को तीज क्वीन, राधा प्रथम रनरअप एवं अर्चना मंगला को द्वितीय रनरअप घोषित किया गया। इसके साथ ही परंपरागत हिंदू विवाह की रस्मों को पूनम गुप्ता द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से प्रदर्शित किया गया। पूनम गोयल द्वारा लिखित एवं निर्देशित हरियाली तीज के महत्व को दर्शाती हुई लघु नाटिका का मंचन किया गया। कार्यक्रम का अत्यंत प्रभाव पूर्ण मंच संचालन पूनम गोयल व हेमा जैन ने किया। इसके साथ ही तीज क्वीन प्रतियोगिता की एंकरिंग प्रेरणा अग्रवाल और सीमा सिंगला ने की। मुख्य रूप से इंदु गोयल, राजरानी गोयल, छवि, अनीता, गुंजन, वर्षा, सुरक्षा, टीशा, दीपिका, निधि, नेहा, मोनिका, राजबाला, कविता, अंकिता, सपना, रितु, गोल्डी, नेहा, नीलम, पूनम, सोनल, कंचन एवं संगीता ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित महिलाओं ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद उठाया।

# राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में तीज मेले का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**राजकीय** महाविद्यालय फरीदाबाद में प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर के निर्देशन में तीज मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बड़खल विधानसभा की विधायिका सीमा त्रिखा रहीं, जिनका कॉलेज पहुंचने पर एनसीसी तथा एनएसएस के छात्रों ने परेड करके स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर ने महाविद्यालय में पहली बार तीज मेले का आयोजन करवाया और कहा कि तीज त्योहार हमारी संस्कृति व संस्कारों का प्रतीक है। तीज से ही हमारे सभी त्योहारों की शुरुआत होती है। इस तरह के आयोजन महाविद्यालय के विद्यार्थियों में सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित करते हैं। समारोह में एनसीआर इंफोटेनमेंट एसोसिएशन की तरफ से राखियों, ज्वैलरी तथा कपड़ों के स्टाल लगाए गए।

# पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांवों के विकास कार्यों में आएगी तेजी

## विकास करने के लिए सरकार ने दिए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**विकास** एवं पंचायत विभाग हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए आदेश जारी किए हैं। हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत विभाग के डायरेक्टर जनरल एवं सचिव की तरफ से आदेश जारी किए गए हैं। ब्लॉक स्तर पर करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को करवाने के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी व ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी को कहा गया है। विभाग की तरफ से टेंडर लगाने का कार्य जल्द ही शुरू किए जाएंगे।

पृथला ब्लॉक के विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि जिला व ब्लॉक स्तर पर विकास कार्य करवाने के लिए जल्द ही टेंडर लगाने का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों के लिए हरियाणा सरकार की तरफ से धनराशि आयेगी। कुमार का कहना है कि विकास के कार्यों में जिला परिषद के नए सचिवालय बनाने एवं बने सचिवालयों के नवनिर्माण का कार्य करवाया जायेगा। इसके अलावा गांव में सचिवालय, मुख्य मार्गों को जोड़ने वाले लिंक मार्गों का नवनिर्माण होगा। मुख्यमंत्री किसान खेत सड़क योजना के तहत खेतों तक जाने वाले रास्तों को पक्का करवाया जायेगा। गांवों के चारों तरफ बनी फिरनियों को पक्का बनाया जायेगा। गांवों में सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे। जिससे ग्रामीणों को शादी-ब्याह और दूसरे कार्यक्रम करने में सुविधा रहेगी। गांवों के तालाबों को पक्का करवाया जायेगा। गांवों में खेल स्टेडियम बनाए जायेंगे। जिससे युवा स्टेडियमों में खेलों की तैयारी कर आगे देश व प्रदेश स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकेंगे। इनके अलावा दूसरे विकास कार्य भी करवाए जाएंगे। सभी विकास कार्यों के लिए हरियाणा सरकार धनराशि उपलब्ध करवाएगी। विकास कार्यों के होने के बाद गांवों का स्वरूप पूरी तरह बदल जायेगा। उसके बाद ग्रामीणों को हर प्रकार की सुविधा ग्रामीण क्षेत्र में ही उपलब्ध होंगी।



सरकार के आए नए आदेश के बाद पूरे ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी आएगी। विकास कार्यों में जिला परिषद के सचिवालय, गांव स्तर पर सचिवालय, गांवों के चारों तरफ पक्की फिरनी बनाई जाएंगी। इसके लिए टेंडर लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

**-प्रवीण कुमार, बीडीपीओ**



गांवों में ही सामुदायिक भवन व ग्रामीण सचिवालय जैसी सुविधा मिलने के बाद ग्रामीण एक ही जगह पर बैठकर अपने फैसले और शादी विवाह कार्यक्रम कर सकेंगे। इससे ग्रामीणों को हजारों रुपये की बचत होगी।

**-सर्वेश कुमार, ग्रामीण**



गावों में सभी विकास कार्य होने के बाद ग्रामीणों का जीवन पूरी तरह से बदल जाएगा। उसके बाद ग्रामीणों को गांवों में ही खेलने के लिए खेल मैदान मिलेंगे। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेलने के लिए बाहर जाने से छुटकारा मिलेगा।

**-भगतसिंह, ग्रामीण**

# फरीदाबाद के राहुल राजौर ने माउंट युनाम पर लहराया तिरंगा

**फरीदाबाद।** भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत राहुल राजौर ने हिमाचल प्रदेश के लाहौल जिले में प्रसिद्ध बारालाचा ला दर्रे के निकट समुद्र तल से 6111 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट युनाम पीक पर तिरंगा फहराया। राहुल की इस उपलब्धि पर हरियाणा प्रदेश का डंका पूरी दुनिया में बजा है और फरीदाबाद का नाम स्वर्ण अक्षरों में रेखंकित हुआ है। राहुल की इस कामयाबी की खबर सुनकर शहरवासी समस्त राजौर परिवार को बधाई संदेश भेजकर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं। राहुल राजौर ने अपने 10 टीम साथियों के साथ मिलकर 14 अगस्त को रात्रि में चढ़ाई शुरू की। टीम में राहुल राजौर, उनके कोच अशोक पाल करनाल से, एक जम्मू कश्मीर से, एक इंदौर से तथा छह पर्वतारोही महाराष्ट्र से थे। 15 अगस्त को सुबह 06.30 बजे टीम के चार सदस्य युनाम पीक पर पहुंच गए। चोटी फतह करने वाले चार में हरियाणा के दोनों पर्वतारोही राहुल राजौर और अशोक पाल शामिल थे।

राहुल राजौर ने फोन पर बताया कि यह उसका पहला प्रयास था, जिसमें वह अपने कोच अशोक पाल के साथ थे।

# बाड़बंदी न होने से नहर में बेझिझक नहा रहे बच्चे





## नहर में तेज बहाव से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है

पायनियर समाचारस सेवा। फरीदाबाद

बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज को पार करने के बाद गुड़गांव नहर पर सिंचाई विभाग व फरीदाबाद नगर निगम द्वारा कोई बाड़बंदी नहीं की गई है। इसकी वजह से नहर के गहरे पानी में अक्सर छोटे बच्चे कूदकर नहाते हुए देखे जा सकते हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हो सकता है। लोगों का कहना है कि नहर में पानी का बहाव बहुत तेज होता है। जिसमे बच्चों के बहने का डर बना रहता है।

स्थानीय निवासी बालासिंह, कश्मीरा, राजेंद्र सिंह, सेवाराम आदि का कहना है कि बल्लभगढ़ रेलवे ओवर ब्रिज के 24 सेक्टर की तरफ उतरते ही गुड़गांव नहर पड़ती है। इस समय बारिश होने से नहर का बहाव बहुत ही तेज है। नहर पर सिंचाई विभाग व नगर परिषद फरीदाबाद की तरफ से बच्चों को रोकने के लिए कोई बाड़बंदी नहीं है। जिससे ये आसानी से नहर पर पहुंचकर नहाते हैं। नहर के ऊपर से पानी की पाइप लाइन गुजर रही है। इस लाइन के ऊपर चढ़कर आस-पास की कॉलोनियों के बच्चे आगरा नहर में कूदकर हर दिन नहाते रहते हैं। ज्यादातर बच्चों की उम्र आठ से 14 वर्ष है। सबसे बड़ी बात है कि बच्चे अपने अभिभावकों के बगैर नहर में कूदकर नहाते हैं। छोटे बच्चे होने की वजह से वे तैराकी में भी निपुण नहीं होते हैं। जिससे बच्चों के पानी के तेज बहाव में बहने व नीचे पानी में बनी गाद में भी फंसने का खतरा रहता है। लोगों का कहना है कि सिंचाई विभाग व नगर परिषद फरीदाबाद को तुरंत ही नहर के ऊपर बाड़बंदी करनी चाहिए, जिससे यहां बच्चे सुगमता से न जा सकें और नहरी पानी के बहाव में छलांग न लगा सकें। ऐसा नहीं करने पर यहां पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# पलवल रेलवे स्टेशन पर उत्तरी दिशा में फुट ओवर ब्रिज न होने से यात्री परेशान

## यात्रियों की बार-बार मांग के बाबजूद भी दूसरे फुट ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं करवाया गया




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पलवल रेलवे स्टेशन पर एक ही तरफ फुट-ओवर ब्रिज होने का खामियाजा यहां के यात्रियों को उठाना पड़ता है। इसकी वजह से स्टेशन के उत्तर दिशा की तरफ से आने-जाने वाले यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए एक किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है। जिससे कई बार यात्री जल्दी में रेलवे लाइन फांदकर यात्रा करते हैं। जिससे यात्री दुर्घटना के शिकार भी हो जाते हैं। यात्रियों की बार-बार मांग के बाबजूद भी आज तक रेलवे विभाग की तरफ से दूसरे फुट ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं करवाया गया है। जिससे रेल यात्रियों में रेलवे के खिलाफ भारी नाराजगी है।

पलवल रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री दीपक कुमार, सोनू चौधरी, योगेश कुमार, मीनाक्षी आदि का कहना है कि स्टेशन हर दिन कई दर्जन रेल गाड़ियों से हजारों यात्री बल्लभगढ़, फरीदाबाद, ओखला, निजामुद्दीन, नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, सोनीपत, कोसी, छाता, मथुरा, आगरा, भोपाल, इटारसी, भरतुपर, कोटा आदि जाते हैं। यात्री स्टेशन पर चारों दिशाओं से आते हैं। उन्होने बताया कि यात्रियों को रेलवे लाइन पार करने व एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए एक ही फुट ओवर ब्रिज है। जो स्टेशन के दक्षिण दिशा में स्थित है। इससे उत्तर दिशा की तरफ से आने वाले यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है।

इसकी वजह सें यात्री लाइन फांदकर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाना पंसद करते हैं। जिससे कई बार यात्री रेलगाडी की चपेट तक में आ जाते हैं। यात्रियों ने जल्द से जल्द स्टेशन पर उत्तर दिशा में दूसरे फुट ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग की है, जिससे यात्रियों को सुविधा रहे।

# 77वें स्वतंत्रता दिवस पर यादव कल्याण समिति में किया गया ध्वजारोहण

**फरीदाबाद।** यादव कल्याण समिति के प्रधान हुकमचंद लांबा व समाज के सभी गणमान्य लोगों ने ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रृद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को महान सवतंत्रता सेनानियों महात्मा गांधी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, लाला लाजपत राय व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जैसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। स्वतंत्रता दिवस पर देश की अखंडता और एकता का संकल्प लेने का आह्वान भी किया। नए युवा वर्गों को अपने देश की तरक्की में अपना योगदान देने को कहा गया। समारोह में समाज के प्रधान हुकमचंद लांबा, ब्रह्म यादव, अमित यादव, भूपेंद्र यादव, पूर्व पार्षद कमल यादव, ओपी यादव, प्रताप सिंह यादव, अर्जुन सिंह यादव, धरमपाल यादव, विक्रम यादव, रघुबीर यादव, सुंदर यादव, बीर सिंह यादव, विवेक यादव, चेयरमैन बाबूराम यादव, अशोक यादव, पोपेंदर यादव, मीडिया सलाहकार हरपाल सिंह यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बच्चों में देश प्रेम व पर्यावरण संरक्षण की भावना हो विकसित : नरेंद्र गुप्ता



## रोटरी क्लब एनआईटी ने सैकड़ों बच्चों के साथ निकाली तिरंगा रैली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि बच्चे देश के कर्णधार हैं तथा उनपर देश का भविष्य निर्भर करता है। इसलिए बच्चों में देश प्रेम व पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित होनी आवश्यक है। विधायक नरेंद्र गुप्ता रोटरी क्लब एनआईटी द्वारा निकाली जा रही विशाल तिरंगा यात्रा के बाद पौधारोपण करते हुए लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रोटरी क्लब एनआईटी के प्रधान वीरेंद्र मेहता व रोटरी ट्यूलिप की प्रधान डॉ. करुणापाल गुप्ता द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर धीरज भूटानी, भाजपा अजरोंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी, सुधीर आर्य, प्रेम पसरीचा, राजन गेरा, नवीन पसरीचा, मनोहर पुनयानी, वीरेंद्र चक्रवर्ती, नीरज चावला, जेएस कलसी, बिपन मेंहदीरत्ता, उदय मेहता, प्रमोद मित्तल, माधवी, आशा शर्मा, पल्लवी सिंघल, नरेश शर्मा, आनंद मेहता, अनिल अरोड़ा, निधि अग्रवाल, करुणापाल गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे। नरेंद्र गुप्ता ने क्लब के सदस्यों के साथ कल्प वृक्ष का पौधा लगाया। सेक्टर-15 कम्युनिटी सेंटर से तिरंगा रैली को गणमान्यजनों ने रवाना किया। जिसमें सेक्टर-8 सिही, सेक्टर-15 व साईं धाम स्कूल के सैकड़ों बच्चे भारत मां व वंदे मातरम् के जयकारे लगाते हुए रोटरी चौक पहुंचे। जहां विधायक ने बच्चों के साथ देश का जयगान किया और बच्चों को पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की उपलब्धियों को अवगत कराया और कहा कि हमें अपने देश पर गर्व है, जिसका डंका विदेशों में भी बज रहा है। इस मौके पर क्लब के प्रधान रोटेरियन वीरेंद्र मेहता ने कहा कि डीजी जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया।

# बरसात में भी नहीं चला पलवल के हुडा सेक्टर में पौधारोपण का कार्य

## सेक्टरों के हरे-भरे बनने पर लगा सवालिया निशान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हुडा बागवानी विभाग द्वारा बरसात के महीने में भी पलवल हुडा सेक्टर-2 में अभी तक पौधारोपण का कोई अभियान नहीं चलाया गया है। जिससे सेक्टर के हरा-भरा बनने पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। लोगों का कहना है कि हर साल बरसात में सेक्टर में हजारों हरे पौधे लगाए जाते हैं, परंतु इस बार बागवानी विभाग कुंभरणी नींद सोया हुआ है।

पर्यावरणविद संजय सिंह, भगतसिंह, राजकुमार आदि का कहना है कि पिछले दो माह से बरसात का मौसम चल रहा है। बरसात में हर साल पलवल के हुडा सेक्टर-2 व 12 हुडा बागवानी विभाग की तरफ से सेक्टरों को हरा-भरा बनाने के लिए बागवानी विभाग की हजारों हरे पौधे लगाए गए, लेकिन इस बार बरसात के दो माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई भी पौधा लगाने के अभियान की शुरुआत नहीं की गई है। जिसकी वजह से सेक्टर की कई सड़कों पर आज भी एक भी पौधा तक नहीं दिखाई देता।

लोगों का कहना है कि सेक्टर को बसे करीब 25 साल हो गए, परंतु अभी भी सड़कें बगैर पौधों के दिखाई देती हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर बसाते समय विभाग की तरफ से हुडा सेक्टरों में हरियाली के विशेष दावे किया जाते हैं। परंतु यहां पर पौधों की रोपाई नहीं होने की वजह से इन दावों की हवा निकल रही है। सेक्टर वासियों ने बागवानी विभाग से सेक्टर-2 में जल्द पौधारोपण करने की मांग की है। जिससे सेक्टरों को हरा-भरा बनाने की मांग की है।

## रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद द्वारा जांच शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद कोस्मोपोलिटन द्वारा रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पृथला के फोमपैक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में किया गया। इस मौके पर क्लब की प्रधान चेतना कुकरेजा, सचिव नवनीत गुंबर, कोषाध्यक्ष संजय चंदा, प्रोजेक्ट चेयरमैन अजय जुनेजा, उपप्रधान राहुल सलूजा व संयुक्त सचिव ज्योति जुनेजा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कंपनी के डायरेक्टर राजेश कुकरेजा और उनकी टीम के नेतृत्व में रक्तदान, नेत्रदान और दंत शिविर बहुत कामयाब और उनका सहयोग अति सराहनीय रहा। वे जोन 19 के असिस्टेंट गवर्ननर भी हैं।

# कैथल में हुए लाठीचार्ज पर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

कैथल में सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार की प्रतिमा पट्टिका पर गुर्जर शब्द लिखने के उपरांत उत्पन्न आक्रोश को लेकर शांतिपूर्वक विरोध कर रहे क्षत्रिय समाज के युवाओं पर पिछले दिनों लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर अब तक कोई कार्रवाई न होने को लेकर वीरवार को सेक्टर-8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जननायक जनता पार्टी के राजपूत समाज के पदाधिकारियों और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मुख्य राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजेश रावत, नारायण सिंह शेखावत, बीरेंद्र गौड़ के साथ जजपा के प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी, अनिल भाटी प्रदेश सचिव युवा इकाई, राजेश रावत एडवोकेट जिला महासचिव, देवेन्द्र सिंह बक्शी ने भाग लिया।

बैठक में क्षत्रिय युवाओं पर हुए लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई न होने पर कड़ी निंदा की गई। बैठक में मुख्य राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजेश रावत ने जजपा प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी के सामने उन पुलिसकर्मियों पर करवाई करने की मांग रखी जो इस कार्रवाई में शामिल थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का सभी को अधिकार है। कैथल में क्षत्रिय समाज के लोग यही कर रहे थे, लेकिन पुलिस प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए उन पर लाठियां बरसाईं, जोकि अमानवीय है और वह इसकी कड़ी भर्त्सना करते हैं। इस तरह की घटनाओं को कतई सहन नहीं किया जाएगा।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में शुरू हुआ नए विद्यार्थियों का ओरियेंटेशन

## कुलपति डॉ. राज नेहरू ने देश-दुनिया के सफलतम उद्यमियों के किस्से सुनाकर किया प्रेरित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल





श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि सपने देखें, उन्हें लिखकर अपनी जेब में रखें और सपने साकार करने के लिए संकल्प को दृढ़ करें। अपने लक्ष्यों के आड़े आने वाली कठिनाइयों को पहचानें और उन्हें दूर करने के लिए काम करें। वह बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय के दुधौला परिसर में आयोजित ओरियंटेशन में नए दाखिल हुए विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। राज नेहरू ने कहा कि हमारा चयन दिशा के संकल्पों को तय करता है। जिन विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षा और भविष्य के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का चयन किया है, उनके लिए करियर बनाने को पूरा आकाश पड़ा है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं है, बल्कि शिक्षा के साथ-साथ उसको जीवन में क्रियान्वित करना और अन्वेषण के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना ही मौलिक उद्देश्य है। इसीलिए विश्वविद्यालय ने अपने प्रोग्राम बनाने के लिए उद्योगों का सहारा लिया है। हम कार्यस्थल के अनुभव को शिक्षा के साथ जोड़ने की अवधारणा पर काम करते हैं। इसके माध्यम से शिक्षा के महत्व और अन्वेषण के नए आयाम को आसानी से समझा जा सकता है। कुलपति ने विद्यार्थियों को उद्यम के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से देश और दुनिया के सफलतम उद्यमियों के उदाहरण दिए। उन्होंने कहा कि कुछ नया सोचें और उसे हासिल करने के लिए मेहनत करें। नेहरू ने नए विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं बेहतर बनाने में सभी विद्यार्थी अपनी भूमिका सुनिश्वित करें। ताकि भविष्य में आने वाले विद्यार्थी आपके आचरण पर गर्व करें और आपको श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का हिस्सा होने पर गर्व हो। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. आरएस राठौड़ ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के नियम-कायदों से अवगत करवाया और उन्हें शिद्दत के साथ पढ़ने और सीखने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र अधिष्ठाता प्रो. ऋषिपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन सफलता के लिए बेहद जरूरी है। साथ ही सीखने की ललक भी बनाए रखनी चाहिए। एसोसिएट डीन डॉ. सविता शर्मा ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने प्रात:कालीन सत्र में योग अभ्यास किया और स्वास्थ्य के गुर सीखे। इस अवसर पर प्रो. डीके गंजू और डॉ. सोहन लाल भी मौजूद थे। डॉ. भावना रूपराई ने मंच संचालन किया।

## सीएजी रिपोर्ट

### विसंगतियां उजागर

**भारत** के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में आयुष्मान भारत व एक्सप्रेसवे परियोजनाओं में कुछ विसंगतियां उजागर की हैं। किसी भी फलते-फूलते समाज में लोकतंत्र, पारदर्शिता, जवाबदेही व प्रभावी प्रशासन सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी की रिपोर्ट में सरकार की कुछ फ्लैगशिप परियोजनाओं, जैसे आयुष्मान भारत व एक्सप्रेसवे जैसी बड़ी ढांचागत परियोजनाओं में विसंगतियां पाई गई हैं। इन विसंगतियों से न केवल सार्वजनिक पैसे के प्रभावी प्रयोग पर संदेह पैदा होते हैं, बल्कि जीवन्त निगरानी व्यवस्था की आवश्यकता भी उजागर होती है जिससे उनका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। आयुष्मान भारत योजना का आदर्श करोड़ों भारतीयों को समग्र स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करना है, पर इसमें कुप्रबंधन व विसंगतियों के अनेक आरोप लगे हैं। सीएजी रिपोर्ट में द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना पर सवाल उठाए गए हैं जिसकी लागत स्वीकृत 18 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर से 14 गुना बढ़ कर 250 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर हो गई। सीएजी द्वारा कराए 'परफार्मेंस आडिट' से भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या एबी-पीएमजय में अनेक विसंगतियां पाई गई हैं। इनके कारण करोड़ों रुपया अयोग्य लाभार्थियों पर खर्च हो गया है। एबी-पीएमजय के डेटाबेस की गड़बड़ियों में अवैध नाम, गलत जन्मतिथि, डुप्लीकेट हेल्थ आईडी तथा परिवारों का आकार यथार्थ से परे पाए गए हैं। सीएजी ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन फंड के हस्तांतरण जैसी विसंगतियां उजागर की हैं।




सीएजी की रिपोर्ट में एक्सप्रेसवे परियोजनाओं में परियोजना क्रियान्वयन तथा वित्तीय प्रबंधन में कुछ विसंगतियां उजागर हुई हैं। एक्सप्रेसवे आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण मार्ग हैं जो सुदूर क्षेत्रों को जोड़ते हैं तथा वस्तुओं व लोगों का तेज आवागमन सुनिश्चित करते हैं। रिपोर्ट में खर्च बढ़ने, विलम्ब तथा संदिग्ध लोगों को ठेके देने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं जिनसे परियोजना के नियोजन व क्रियान्वयन में कमियां सामने आती हैं। इन विसंगतियों के परिणाम दूरगामी होते हैं। हालांकि, मोदी सरकार आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं में आने वाली भ्रष्टाचार व अनियमितताओं की शिकायतों पर लगातार कार्रवाई करती रही है। इसके बावजूद सरकार को निश्चित रूप से सीएजी की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी व लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए। आवश्यक होने पर सीएजी रिपोर्ट में उठाए मुद्दों पर आगे जांच करानी चाहिए। हालांकि, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में मोदी सरकार ने तकनीकों के अधिकाधिक प्रयोग से पारदर्शिता, जवाबदेही तथा पैसे का सबसे अच्छा प्रयोग सुनिश्चित करने के प्रयास किए हैं। पिछले नौ साल में ढांचागत परियोजनाओं व समाज कल्याण योजनाओं का उल्लेखनीय विस्तार भी हुआ है। लेकिन देश में दशकों से व्याप्त 'भ्रष्टाचारी' तंत्र अपने लिए लगातार रास्ते निकालने के प्रयास में लगा रहता है जिसे कुछ निहित स्वार्थी राजनेताओं का संरक्षण भी प्राप्त है। इस तंत्र को पूरी तरह कुचलने के लिए जनता व सरकार के बीच निरंतर संवाद के साथ नौकरशाही की 'लाल फीताशाही' व 'विवेकाधीन अधिकारों' पर लगाम लगाने की जरूरत है। सरकार इस दिशा में कदम उठा रही है।

# जलवायु परिवर्तन व आदिवासी समाज

ढांचागत वित्तीय व्यवस्थाओं में तत्काल परिवर्तन जरूरी है ताकि अनियमित व हानिकारक कर्ज व्यवहारों पर आदिवासी समुदाय की निर्भरता समाप्त की जा सके।


बीकेपी सिन्हा


अरविंद कुमार झा

दुनिया भर में मूलनिवासी जनसंख्या जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। इसका कारण पर्यावरण व प्राकृतिक संसाधनों पर उनकी आजीविका निर्भर होती है। आदिवासी समुदाय मुख्यत: कृषि एवं वन संसाधनों पर अपनी आर्थिक आवश्यकताओं तथा सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवहारों के लिए निर्भर है। कृषि उत्पादों व वन संसाधनों पर उनकी अनिश्चितता जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ रही है जिससे उनको नए आर्थिक क्षेत्रों में पलायन करना पड़ता है जिसके अपने खतरे हैं। लेकिन उनके सामने अपनी आर्थिक गतिविधियों का संचालन औपचारिक व अनौपचारिक संस्थागत व्यवस्थाओं के माध्यम से संचालित करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। पर्यावरण व नीतिगत परिवर्तनों के कारण उनका जोखिम लगातार गंभीर होता जा रहा है। वैश्विक परिदृश्य से संकेत मिलता है कि मूलनिवासी आदिवासियों, जैसे नवाजो व होपी पर जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों ने उनके परंपरागत कृषि चक्रों में बाधा डाली है, उनका आर्थिक जोखिम बढ़ाया है तथा उनको वैकल्पिक आजीविकाओं व वित्तीय लेनदेन की ओर धकेला है।

आस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के लिए भूमि और समुद्र उनकी संस्कृति व अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। ऐसे में समुद्र स्तर का बढ़ना व उसके तापमान में उतार-चढ़ाव से उनके मछली पकड़ने व वनोपज संग्रह के व्यवहार प्रभावित हुए हैं। इसके कारण उनकी परंपरागत 'बार्टर' व्यवस्था प्रभावित हुई है और वे अज्ञात मुख्यधारा आर्थिक संरचनाओं के क्षेत्र में आ गए हैं। वनों व नदियों की परिस्थितिकी पर निर्भर अमेजन के मूलनिवासी अनुमान से परे बरसात तथा निर्वनीकरण से प्रभावित हुए हैं क्योंकि इससे न केवल उनके दैनिक जीवन पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि वे आय के वैकल्पिक साधनों की तलाश में नए वित्तीय लेनदेन अपनाने पर मजबूर हुए हैं।

प्राकृतिक विभीषिकाओं की बार-बार होने वाली घटनाओं व उनकी तीव्रता के कारण जंगलों में लगने वाली आग गंभीर रूप धारण करती है। इससे जैव-विविधता व परिस्थितिकी के विनाश के साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था समेत सभी लोगों का जीवन व आजीविका भी प्रभावित होती है।



पूर्वोत्तर भारत के आदिवासी समुदाय मानसून के बदलते पैटर्न से प्रभावित हो रहे हैं जिनसे उनके खेती तथा प्राचीन युग से जारी आर्थिक लेनदेन के तरीके प्रभावित हो रहे हैं। इससे वे नई वित्तीय व्यवस्थाओं की ओर जाने के लिए मजबूर हैं। आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में बरसात के पैटर्न में अनियमितता से कृषि चक्र प्रभावित हुए हैं जिनसे उनके आर्थिक व्यवहार व पसंद भी बदली है। मध्य भारत में भी आदिवासी अर्थव्यवस्था कृषि व वन संसाधनों पर निर्भर थी। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण उनका जोखिम बढ़ रहा है जो लेनदेन के क्षेत्र में भी सामने आ रहा है। लेखकों के अध्ययन तथा संबंधित विशेषज्ञों के अनुसार भारत में ओडिशा, झारखंड व महाराष्ट्र राज्यों के कुछ जिलों में मूलनिवासी समुदाय लेनदेन के मामले में जोखिमों का सामना कर रहे हैं, हालांकि इससे उन्होंने महत्वपूर्ण सबक भी सीखे हैं। एक शताब्दी के बरसात व तापमान के आंकड़ों से जलवायु परिवर्तन तथा उसके प्रभावों की जानकारी मिलती है।

हालांकि, पिछले 100 साल से मासिक तापमान लगभग स्थिर है, पर अध्ययन वाले सभी जिलों में नवंबर व दिसंबर के तापमान में 0.5 से 1 डिग्री तक बढ़त दिखाई दी है। इसके साथ ही विस्तृत आंकलन से अधिकांश जिलों में बरसात के पैटर्न में अंतर दिखाई दिया है और खासकर अक्टूबर व नवंबर में ज्यादा बरसात दिखी है। इस अध्ययन में 13 विशिष्ट पैरामीटर्स का प्रयोग किया गया जिनका संबंध आर्थिक गतिशीलता व लेनदेन के व्यवहारों से है जो जलवायु परिवर्तन से अत्यधिक प्रभावित होते हैं।

उल्लेखनीय है कि तीन राज्यों में अनेक परिवर्तन दिखाई पड़े जिनसे विकास रणनीतियों के विभिन्न स्तर तथा वहां आदिवासी समुदायों की विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक स्थितियां सामने आईं।

झारखंड की तुलना में ओडिशा व महाराष्ट्र में बचत और कर्ज सुविधाओं के लिए बैंकों से संपर्क ज्यादा प्रभावशाली है। सभी तीन राज्यों में समय बीतने के साथ 'सूदखोरों' पर उनकी निर्भरता घटी है। लेकिन ओडिशा व झारखंड में उनकी उपस्थिति बनी हुई है, जबकि महाराष्ट्र में कर्ज आवश्यकताओं के िए सहकारी बैंकों को पसंद किया जाता है। इन राज्यों में उत्तरदाताओं के बड़े हिस्से का संबंध कृषि व दैनिक मजदूरी से है। रबी और खरीफ फसलों के साथ सब्जियां उगाना महाराष्ट्र व झारखंड की तुलना में ओडिशा में खासतौर से उल्लेखनीय है। इससे संबंधित क्षेत्रों में कमजोर विकास सामने आता है। ओडिशा की कृषि चुनौतियां तापमान के घटने-बढ़ने, बरसात की अनिश्चितता, सरकार की समुचित सहायता में कमी तथा फसल के पश्चात व सिंचाई के मुद्दों से जुड़ी हैं। महाराष्ट्र की प्रमुख कृषि चिन्तायें वित्तीय हैं जिनके साथ अनुमान से परे बरसात तथा अनुपयुक्त तकनीकी निर्देशन व सरकारी सहायता में कमी भी शामिल हैं। झारखंड में खेती को मुख्यत: जलवायु परिवर्तन, कीट नियंत्रण, फसल कटने के बाद की चुनौतियों तथा सिंचाई में कमी का सामना करना पड़ता है। सभी राज्यों में समस्याओं का केन्द्र बढ़ता तापमान, बरसात के पैटर्न में बदलाव तथा पानी, जंगल व कृषि संसाधनों की कमी है।

इन प्रभावों का सामना करने के बावजूद अनेक उत्तरदाताओं ने इसे जलवायु परिवर्तन की व्यापक अवधारणा से नहीं जोड़ा और उसे केवल 'खराब मौसम' बता कर खारिज कर दिया। जागरूकता की यह कमी प्रभावी निपटने वाली रणनीतियों की अनुपस्थिति में और गंभीर हो जाती है। इससे अनेक लोग अल्पकालीन समाधानों, जैसे, उपभोग घटाने, संपत्तियां बेचने, कर्ज लेने या बचत का प्रयोग करने, आदि का प्रयोग करते हैं।

इस अध्ययन से उन रणनीतियों की आवश्यकता उजागर होती है जिनसे कृषि उत्पादकता बढ़े, क्षेत्रीय भिन्नताओं को संबोधित किया जाए तथा कृषि तकनीकों का खास पर्यावरणीय व सामाजिक स्थितियों से तालमेल बिठाया जाए। फसल के देशी प्रकारों को बढ़ावा देने, जर्मप्लाज्म विविधता संरक्षित करने तथा ऐसी फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है जो जलवायु परिवर्तन संबंधी चुनौतियों का सामना कर सकें। परंपरागत कृषि विधियों, जैसे विविधतापूर्ण फसल पैटर्नों, फसल चक्र में बार-बार परिवर्तन, आर्गेनिक उर्वरकों के प्रयोग तथा ऐसी विश्वसनीय बीज प्रजातियां उगाने पर जोर देना जरूरी है जो जलवायु परिवर्तन से निपट सकें। वनाधिकार कानून, 2006 के अंतर्गत खराब कृषि उत्पादकता वाले क्षेत्रों की पहचान के साथ ही बेहतर अध्ययनों का महत्व है जो ऐसे ऐतिहासिक रूप से हाशियाकृत क्षेत्रों में उपज को बढ़ावा दे सकें। इनमें कृषि वानिकी, औषधीय पौधों की खेती तथा समन्वित कृषि व्यवहार शामिल हैं जिनसे जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने को प्राथमिकता मिलती है। इसके साथ ही 'पंचायत एक्सटेंशन टु शिड्यूल्ड एरियाज़ एक्ट, 1966' तथा इन क्षेत्रों में वनाधिकार कानून, 2006 के समुचित क्रियान्वयन पर जोर दिया जाना चाहिए। इससे संरक्षण दायित्वों तथा संसाधनों पर लोगों के अधिकारों के बीच संतुलन बनाया जा सकता है।

वित्तीय व्यवस्थाओं में तत्काल परिवर्तन की आवश्यकता है ताकि कर्ज के ऐसे अनियंत्रित व संभवत: हानिकारक तरीकों पर आदिवासी समुदायों की निर्भरता घटाई जा सके जो उनको कर्ज के जाल में फंसा देते हैं। इसके लिए आदिवासी समुदायों के लेनदेन तरीकों के गंभीर अध्ययन की जरूरत है। इससे बीमा व बैंकों को उपयक्त वित्तीय समाधान निकालने में मदद मिलेगी। राज्यों को सर्वोत्तम व्यवहारों, संसाधनों व तकनीकी जानकारियों की पहचान करनी चाहिए जिनसे जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने में मूलनिवासी समुदायों की मदद की जा सके। इस उद्देश्य से सरकारी एजेंसियों, समुदायों तथा सिविल सोसाइटी समूहों के बीच सहयोग लाभदायक हो सकता है। जागरूकता अभियानों को संस्थाबद्ध करने, सार्वजनिक शिक्षा अभियान चलाने तथा कृषि सलाह सुविधाओं को सुगम बनाने से समुदायों को लाभ होगा। परंपरागत ज्ञान तथा आधुनिक तकनीकों के विलय से जलवायु जागरूकता प्रशासन में सहायता मिलेगी। इससे आदिवासी समुदायों को लेनदेन के खतरों से बचाने में सहायता मिलेगी तथा उनका सशक्तीकरण होगा।

# प्रचालन तंत्र मार्केटिंग के लाभ

> “बदलती अपेक्षाओं, प्रौद्योगिकी में प्रगति और वैश्विक बाजार की गतिशीलता के कारण लॉजिस्टिक्स उद्योग निरंतर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।”


**रचित मिश्रा**
(लेखक, तकनीकी क्षेत्र से जुड़े हैं)


उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाओं, प्रौद्योगिकी में प्रगति और वैश्विक बाजार की गतिशीलता के कारण लॉजिस्टिक्स उद्योग निरंतर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। ये बदलाव इस क्षेत्र में काम करने वाले व्यवसायों के लिए चुनौतियाँ और अवसर दोनों प्रस्तुत करते हैं। प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने और प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने के लिए, कंपनियों को अपनी मार्केटिंग रणनीतियों को लगातार विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स माहौल के अनुरूप ढालना होगा। इस आलेख में,

***लॉजिस्टिक्स उद्योग की बदलती गतिशीलता को समझना :***

हाल के वर्षों में, लॉजिस्टिक्स उद्योग ने महत्वपूर्ण परिवर्तनों का अनुभव किया है। ई-कॉमर्स की तेजी से वृद्धि ने कुशल और विश्वसनीय डिलीवरी सेवाओं की मांग में वृद्धि पैदा की है। उपभोक्ता अब त्वरित शिपिंग, पारदर्शी ट्रैकिंग और परेशानी मुक्त रिटर्न प्रक्रियाओं की अपेक्षा करते हैं। इसके अतिरिक्त, वैश्वीकरण ने आपूर्ति श्रृंखलाओं का विस्तार किया है, जिसके लिए वैश्विक स्तर पर सुव्यवस्थित लॉजिस्टिक्स संचालन की आवश्यकता है। इन परिवर्तनों को प्रभावी ढंग से नेविगेट करने के लिए, व्यवसायों को खेल में नई गतिशीलता की गहन समझ होनी चाहिए।

***तकनीकी नवाचारों को अपनाना :***

प्रौद्योगिकी लॉजिस्टिक्स उद्योग में क्रांति ला रही है, जो लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों के लिए नवीन समाधान प्रदान कर रही है। स्वायत्त वाहन, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ब्लॉकचेन आपूर्ति श्रृंखला के हर पहलू को नया आकार दे रहे हैं। प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, व्यवसाय अपने विपणन प्रयासों को अनुकूलित कर सकते हैं। डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग एल्गोरिदम कंपनियों को उपभोक्ता व्यवहार में पैटर्न और रुझानों की पहचान करने में सक्षम बनाते हैं, जिससे लक्षित और व्यक्तिगत विपणन अभियानों की अनुमति मिलती है। स्मार्ट लॉजिस्टिक्स समाधान वास्तविक समय पर ट्रैकिंग और दृश्यता प्रदान करते हैं, ग्राहक अनुभव को बढ़ाते हैं और विश्वास का निर्माण करते हैं।



***वैयक्तिकरण और ग्राहक-केंद्रित विपणन :***

आज की सूचना-संतृप्त दुनिया में, वैयक्तिकृत अनुभव उपभोक्ताओं के लिए बहुत मूल्यवान हैं। सामान्य जन विपणन दृष्टिकोण अब प्रभावी ढंग से उनका ध्यान आकर्षित नहीं करते हैं। इसके बजाय, व्यवसायों को ग्राहक-केंद्रित विपणन रणनीतियों को अपनाने की आवश्यकता है जो अनुरूप अनुभव प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। ग्राहक डेटा का उपयोग करके, कंपनियां प्राथमिकताओं, खरीदारी की आदतों और समस्या बिंदुओं को समझ सकती हैं। इस जानकारी से लैस होकर, वे लक्षित सामग्री, वैयक्तिकृत अनुशंसाएँ और अनुकूलित प्रचार बना सकते हैं। इस तरह के वैयक्तिकृत दृष्टिकोण न केवल ग्राहक जुड़ाव बढ़ाते हैं बल्कि ब्रांड के प्रति वफादारी और वकालत को भी बढ़ावा देते हैं।

***सामग्री विपणन और विचार नेतृत्व :***

कंटेंट मार्केटिंग व्यवसायों के लिए विचार नेतृत्व स्थापित करने और अपने लक्षित दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है। मूल्यवान और जानकारीपूर्ण सामग्री बनाकर, कंपनियां खुद को उद्योग विशेषज्ञ के रूप में स्थापित कर सकती हैं और संभावित ग्राहकों के बीच विश्वास पैदा कर सकती हैं। लॉजिस्टिक्स उद्योग में, व्यवसाय एक ऐसी सामग्री रणनीति विकसित कर सकते हैं जो उनके लक्षित दर्शकों के सामने आने वाली समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करती है। लगातार उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उत्पादन करना और इसे वेबसाइटों, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों और उद्योग मंचों जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से साझा करना व्यवसायों को एक वफादार अनुयायी को आकर्षित करने और खुद को सूचना के विश्वसनीय स्रोत के रूप में स्थापित करने की अनुमति देता है।

सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग का लाभ उठाना आवश्यक है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लॉजिस्टिक्स क्षेत्र सहित सभी उद्योगों में मार्केटिंग रणनीतियों का अभिन्न अंग बन गए हैं। व्यवसाय अपने लक्षित दर्शकों के साथ जुड़ने, अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित करने और ब्रांड जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया चैनलों का उपयोग कर सकते हैं। एक लॉजिस्टिक्स कंपनी के मूल्य प्रस्ताव को उजागर करने वाली आकर्षक सोशल मीडिया सामग्री अनुयायियों को आकर्षित कर सकती है और जुड़ाव बढ़ा सकती है। बदलती गतिशीलता को समझकर, तकनीकी नवाचारों को अपनाकर, वैयक्तिकरण और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर, सामग्री विपणन और विचार नेतृत्व का लाभ उठाकर, और सोशल मीडिया और प्रभावशाली विपणन का उपयोग करके, कंपनियां प्रतिस्पर्धा से आगे रह सकती हैं और प्रभावी ढंग से अपने लक्षित दर्शकों तक पहुंच सकती हैं।

चुस्त, नवोन्मेषी और ग्राहक-केंद्रित रहकर, कंपनियां बदलते लॉजिस्टिक्स परिदृश्य को नेविगेट कर सकती हैं और तेजी से प्रतिस्पर्धी बाजार में विकास को गति दे सकती हैं।

## आप की बात

### ट्रंप पर संकट

**जनवरी** से लेकर अब तक अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर चार आपराधिक अभियोग लगाए जा चुके हैं। इनमें वयस्क फिल्म की महिला अभिनेत्री को 1.30 लाख डॉलर मुँह बंद करने के लिए देना, संसद भवन में हमला करवाना, अपने घर में सरकारी दस्तावेज छुपाकर रखना तथा उनके व उनके सहयोगियों द्वारा 2020 के चुनाव को पलटने के प्रयास करना शामिल हैं। 2020 में जनादेश को पलटने का अभियोग सर्वाधिक गंभीर है। इसकी व्यापक जांच के हिस्से के रूप में उन पर गुंडागर्दी और कई साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। इस आरोप का सबसे बड़ा साक्ष्य अभियोजन पक्ष के पास हाथ लग गया है। एक रिकॉर्डिंग में डोनाल्ड ट्रम्प को जॉर्जिया के राज्य सचिव ब्रैड रैफेंसपर्गर पर दबाव डालते सुना जा सकता है जिसमे वे कह रहे हैं उनके लिए 11,780 वोटों का प्रबंध कहीं से करो ताकि वे यह चुनाव जीत सकें। इन अभियोगों को देखते हुए ट्रंप का अगले साल चुनाव लड़ना या रिपब्लिकन पार्टी द्वारा उनको उम्मीदवार बनाना लगभग असंभव लग रहा है। लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि इससे अमेरिका में श्वेत बनाम अश्वेत की वह खाई कम हो सकेगी जो ट्रंप के समय बहुत बढ़ गई थी तथा बाइडेन उसे घटाने का प्रयास कर रहे हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मोदी का संबोधन

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का लाल किले की प्राचीर से दिया गया भाषण जोशीला और बेमिसाल था।इस उम्र में भी जो ऊर्जा और आत्मबल उनकी बॉडी लैंग्वेज में नजर आया वह अद्भुत था। प्रधान मंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियां व विपक्ष की नाकामियों के साथ भविष्य के भारत की उज्जवल तस्वीर पेश की है। अगले वर्ष फिर से लाल किले किले की प्राचीर से संबोधित करूंगा जैसे शब्द विरोधियों के मनोमस्तिष्क पर करंट का झटका लगाने वाले हैं। स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे का आयोजन में उपस्थित नहीं होना उनकी निम्न स्तरीय सोच को देश के सामने खाली पड़ी कुर्सी के रूप में नजर आ रहा था। प्रधानमंत्री का भाषण सिर्फ देशवासियों के लिए नहीं, बल्कि दुनिया के सभी नागरिकों के लिए भी था। इस बार तो उन्होंने देशवासियों को अपना परिवार बनाकर सबका मन मोह लिया है। राजनीति से परे हटकर भी उनका भाषण सटीक व संतुलित था। आज देश के अधिकांश नागरिक व खासकर नौजवान देश के भविष्य के प्रति उम्मीदों से भरे हैं। मोदी के संबोधन ने उनमें और उत्साह भर दिया है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### भारत की छवि

**नया इतिहास** लिखने की शुरुआत तो कई वर्ष पहले से ही हो चुकी है जिसका प्रभाव धीरे-धीरे हिंदुस्तान के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिलक्षित हो रहा है। आज हिंदुस्तान की जो अंतरराष्ट्रीय छवि विश्व में बनी है। कभी कल्पना भी नहीं थी कि विश्व समुदाय में भारत इतनी ऊंचाइयां प्राप्त करेगा जितनी आज प्राप्त कर रहा है। वहीं हमारे देश की राजनीतिक कमियों की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में परिवारवाद, भाई-भतीजावाद, आदि को देश को पीछे धकेलने वाले कारक बताया है जो कि शत प्रतिशत सही है। हम आशा करते हैं कि हम सभी देशवासी अब राजनीति के पिछले ढांचे को तोड़कर अच्छे चरित्र वाले कर्मशील देश के प्रति प्रतिबद्ध लोगों का अपने विवेक से ही चयन करके उन्हें अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। परिवारवाद, भाई-भतीजावाद, आदि सिर्फ देश के मतदाता ही मिटा सकते हैं। हमें यह भी तय करना होगा कि आपराधिक रिकॉर्ड वाले किसी भी उम्मीदवार को वोट नहीं देंगे चाहे वह किसी भी पार्टी का हो। इससे निश्चित रूप से भारत की छवि और निखरेगी और वह 2047 में सर्वश्रेष्ठ देश बनेगा।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### शरद पवार की राजनीति

**एनसीपी प्रमुख शरद पवार** एक चतुर राजनीतिक खिलाड़ी हैं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं। सरकार में न रहते हुए भी वे महाराष्ट्र की सरकार चला रहे हैं। पहले महाअघाड़ी सरकार उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शानदार तरीके से चलाई, फिर शिवसेना की उठापटक के बाद भाजपा-शिवसेना की एकनाथ शिंदे की चलती सरकार में अपने भतीजे अजित पवार को उप-मुख्यमंत्री बनवा दिया। भाजपा के कतिपय नेताओं के बयानों से लगता है कि चाचा शरद पवार व भतीजे अजित पवार की हाल में मुलाकात से चाचा के भाजपा में आने की संभावना बन रही है। हालांकि शरद पवार ने इस संभावना से इनकार किया है। शरद पवार साहब एक मंजे राजनीतिक खिलाड़ी हैं जिन्होंने कांग्रेस को मात देकर एनसीपी बनाई और उसे आगे बढ़ाया। अब महाराष्ट्र की राजनीति में एनसीपी के सदस्यों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। ऐसा लगता है कि शरद पवार का दबदबा बना रहेगा। मोदी के साथ मंच साझा कर उन्होंने दिखा दिया कि रराजनीति में उनके महत्व को कोई अनदेखा नहीं कर सकता और वे किसी की शर्त पर चलने वाले नहीं हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर हो: योगी

● मुख्यमंत्री ने जनपद वाराणसी में संचालित विकास परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ वाराणसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को जनपद वाराणसी भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस सभागार में जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विकास परियोजनाओं तथा निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्रत्येक दशा में प्राथमिकता पर उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने शहर का विस्तार व बस स्टेशन की स्थापना रिंग रोड के किनारे कराए जाने पर बल देते हुए कहा कि शहर के मध्य स्थापित ट्रांसपोर्ट नगर को रिंग रोड के किनारे बसाया जाए। वेयरहाउस को स्थानान्तरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संचारी रोगों से निपटने हेतु सभी तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें कोई कोताही न बरती जाए। डेंगूए चिकनगुनिया आदि संक्रामक रोगों के दृष्टिगत प्रभावित क्षेत्रों में दवाओं का छिड़काव कराया जाए। अस्पतालों में संक्रामक रोगों के मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। ओपीडी में डॉक्टरों की 24 घण्टे उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। सर्विलांस टीम को एक्टिव रखा जाए। मुख्यमंत्री ने शहर की स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता है। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि शहर की नियमित सफाई हो तथा रोजाना कूड़े का उठान हो। शहर में कहीं भी कूड़े का ढेर दिखाई न दे। शहर के पब्लिक टॉयलेट एवं यूरिनल की नियमित साफसफाई करायी जाए। जी–20 का कार्यक्रम आगामी दिनों में होना है इसलिए बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। पथ विक्रेताओं का स्ट्रीट वेण्डर जोन में सुरक्षित पुनर्वास कराया जाए। इसमें लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने सम्भावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण किए जाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बाढ़ की स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाए। इसमें कतई विलम्ब नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण प्रत्येक दशा में प्राथमिकता पर निर्धारित समय.सीमा में सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने.अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित रहकर जनसामान्य की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित करें। समस्याओं का मेरिट के आधार पर निस्तारण कराएं। विकास प्राधिकरण के अधिकारी जनसामान्य की समस्याओं का सुगम निस्तारण सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने राजस्व वसूली में तेजी लाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वादों का भी प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जाए। तहसीलदारए नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के फील्ड के अधिकारीध्कर्मचारी अपने.अपने तैनाती स्थलों पर ही रात्रि निवास करें। थानेदार भी अपने.अपने थाना क्षेत्र में ही निवास करें। जनपद में वाहनों के अवैध स्टैण्ड कहीं भी नहीं रहने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान होमगार्ड्स एवं पीआरडी के जवानों को प्रशिक्षित कर उनका उपयोग सुगम यातायात व्यवस्था के लिए किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के इण्टीग्रेटेड ट्रैफिक मॉनीटरिंग सिस्टम के सिग्नल की संख्या और बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि यह छोटी.छोटी घटनाएंए बड़ी घटनाओं का रूप ले लेती हैं। इसलिए पुलिस द्वारा नियमित फुट पेट्रोलिंग की जाए। शहर के सभी सीसीटीवी कैमरे प्रत्येक दशा में क्रियाशील रहने चाहिए। अवैध खनन एवं वसूली पर रोक लगाए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जनपद की सीमाओं पर पैनी नजर रखी जाए। बैठक में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन.प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## श्रावण मास में सीएम ने तीसरी बार किये बाबा विश्वनाथ के दर्शन

**लखनऊ/वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी दौरे के दौरान गुरुवार को बाबा काल भैरव और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने काशी कोतवाल काल भैरव मंदिर में शीश नवाया। इसके बाद वे श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे यहां गर्भगृह में गोरक्षपीठाधीश्वर ने बाबा विश्वनाथ का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रावण मास में तीसरी बार बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे थे। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सावन के पहले दिन और तीसरे सोमवार को भी बाबा के दरबार में दर्शन करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के पश्चात अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सावन महीने में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। दर्शनार्थियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाए। बता दें कि सीएम जी 20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को वाराणसी पहुंचे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंतरराष्ट्रीय रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में जी .20 के यूथ 20 शिखर सम्मेलन के उद्घाटन में भाग लेंगे।

# मरीजों के प्रति लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

## ड्रग वेयर हाउस में उपलब्ध सभी दवाएं मरीजों को कराई जाएं उपलब्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मरीजों को उच्च श्रेणी की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। मरीजों को लेकर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में दवाएं उपलब्ध हैं। चिकित्सक बाहर की दवाएं कतई न लिखें।

उप मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को एनेक्सी भवन में सभी चिकित्सा संस्थानों के प्रमुखों की बैठक में स्वास्थ्य इंतजामों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा– निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अस्पतालों की समस्याओं और कमियों को निदेशक–सीएमएस अपने स्तर से जिम्मेदारी लेकर दूर करें। सभी अस्पताल एक–दूसरे से समन्वय बनाए रखें। यदि कोई



सामान्य कमी हो तो दूसरे अस्पताल की सहायता लेकर उसे दूर करें। जो दवाएं जिलों के ड्रग वेयर हाउस में उपलब्ध हैं, उन्हें मरीजों को उपलब्ध कराया जाए। रोगी कल्याण निधि की राशि मरीजों के हित में प्रयोग की जाए। हर महीने अस्पताल के प्रमुख अपने संस्थान की क्रिटिकल परफॉर्मेंस का विश्लेषण करें। केयर एप में हर सोमवार उपकरणों की क्रियाशीलता का डाटा उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों के लिए वेंटीलेटर–आईसीयू की व्यवस्था के लिए सभी चिकित्सा संस्थान आपस में समन्वय स्थापित करें। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आपातकालीन वार्ड में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त ड्यूटी लगाई जाए। मरीजों के लिए एंबुलेंस, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, आवश्यक दवाइयां, उपकरणों, पंखा.कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। आईपीडी वार्ड में जो भोजन उपलब्ध कराया जाता है, उनकी गुणवत्ता की नियमित जांच हो। तीमारदारों का टेस्टीमोनियल रिकॉर्ड रखा जाए। ब्रजेश पाठक ने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की जानकारी साइन बोर्ड पर दर्ज की जाए। साइन बोर्ड को समय–समय पर अपडेट किया जाए। सभी चिकित्सक अपने पर्चे पर दवाओं का जेनरिक नाम ही लिखें। अस्पतालों में नियमित साफ–सफाई और उनका नियमित रूप से पर्यवेक्षण करें। अस्पताल में रख–रखाव, मरम्मत, रंगाई–पुताई प्राथमिकता से की जाए।

बैठक में चिकित्सा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, सचिव रंजन कुमार, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा मिंजल सिंह, महानिदेशक स्वास्थ्य दीपा त्यागी, महानिदेशक परिवार कल्याण अनीता जोशी निदेशक एनएचएम पिंकी जोवेल सहित राजधानी के सभी अस्पतालों के निदेशक/अधीक्षक उपस्थित थे।

# देश विरोधी गतिविधियों में शामिल अपराधी कलीम गिरफ्तार

## पांच दिन पूर्व ही पाकिस्तान से आया है वापस, भारत में जेहाद फैलाने के लिए लोगों को कर रहा था प्रेरित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पाकिस्तानी** खुफि या एजेन्सी आईएसआई से मिलकर एक अपराधिक षडयंत्र के तहत अवैध असलहों को एकत्र कर भारत देश की एकता, अखंडता, सम्प्रभुता तथा सामाजिक सौहार्द को विखंडित करने एवं भारत की आन्तरिक व बाह्य सुरक्षा सेंध लगाने का प्रयास करने वाले शातिर अपराधी कलीम को एसटीएफने शामली जिले से गिरफ्तार किया है। खुफिया एजेंसी अपराधी से पूछताछ में जुटी हुई है। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन, 105 वर्क उर्दू भाषा के लिखे प्रिटेंड पेपर की छायप्रति, पांच वर्क हिन्दी अनुवार पेपर बरामद हुए हैं।

एसटीएफ को सूचना मिली कि कलीम निवासी मोमीनपुर घेरबुखारी नौकुआं, थना कोतवाली, जनपद शामली व उसका भाई सहसीम उर्फ तासीम आदि लोग एवं इनके सहयोग एक आतंकवादी संगठन से मिलकर आपराधिक साजिश के तहत अवैध असलहों को एकत्र कर भारत की



● व्हाट्सएप पर पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में था, सूचनाओं का करता था आदान-प्रदान

आन्तरिक व बाह्य सुरक्षा को क्षति कारित करने के प्रयास में किसी बड़ी घटना को अन्जाम देने की योजना बना रहे हैं। ये लोग मोबाइल पर व्हाट्सएप द्वारा भारत की सुरक्षा सम्बन्धी स्थलों के फ टोग्राफ व मैसेज पाकिस्तान में आईएसआई व आंतकी संगठनों को भेजते हैं। प्राप्त मोबाइल नम्बरों की आईपी एड्रेस पाकिस्तान में लाहौर शहर की है। गहन छानबीन में सामने आया कि उत्तर प्रदेश के कुछ व्यक्तियों का एक समूह भारत के अलग–अलग शहरों में अपराधिक षडयन्त्र के तहत आम जनता पर अवैध हथियारों से हमले की योजना पर इस उद्देश्य से कार्य कर रहा हैं कि ऐसी घटना कारित कर समाज में भय और आतंक का वातावरण सृजित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर विश्वास करते हुए सूचना को विकसित किया गया। इसी दौरान जरिए सहयोगी एजेन्सी सूचना प्राप्त हुई कि कलीम पूरी तरह कट्टरपंथी विचारधारा का समर्थन करता हैं जो करीब 4–5 दिन पहले पाकिस्तान से भारत आया हैं तथा यहां पर लोगों को भारत में जेहाद फैलाने के लिए प्रेरित कर रहा हैं एवं भारत में मुजाहिदीन की जमात बनाने की तैयारी में है। कलीम लोगों से कहता है कि आप मेरे लिए सहादत की दुआ करना तथा आपके जो दोस्त मुजाहिद बनना चाहते हैं उनसे मेरी बात करा देना। इस सूचना पर 16 अगस्त को एसटीएफ की टीम ने कलीम के आवास पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर उसने बताया कि वह पांच भाई हैं और वह तीसरे नम्बर का हैं। सभी भाईयों की शादी हो चुकी हैं तथा वह अविवाहित हैं। इनके रिश्तेदार पाकिस्तान में रहते हैं, जिनसे मिलने के लिए काफी समय से वह पाकिस्तान आता जाता रहता हैं। पाकिस्तान में रिश्तेदारों के सम्बन्ध में पूछताछ पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पाकिस्तान आने–जाने पर उसकी आईएसआई के कुछ लोगों व हैण्डलर से जान पहचान हो गयी थी। उन लोगों ने इसे कुछ पैसो का लालच देकर कहा था कि तुम्हे भारत में जिहाद फैलाने के लिए असलहा व गोला–बारूद तथा पैसा दिया जायेगा जिसको तुम भारत में सौहार्द बिगाड़ने के लिए अपने लोगो को तैयार करो तथा भारत के भिन्न–भिन्न स्थानों पर दंगा फ साद कर विध्वंसक गतिविधियों को अन्जाम दो ताकि भारत में शरियत कानून के तहत नये सिस्टम को स्थापित कर भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाया जा सके कलीम ने एक मोबाइल नम्बर फर्जी आईडी का लिया था।

# सूखे से हुई क्षति की भरपाई में जुटी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बारिश** कम हो ज्यादा। सूखा पड़े या बाढ़ आए। आप चिंता मत करें। सरकार संकट की हर घड़ी में आपके साथ रही है। और रहेगी। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों को यह भरोसा गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया था। इस पर तेजी से अमल भी हो रहा है। दरअसल किसानों का हित योगी सरकार की अपने पहले कार्यकाल के पहले दिन से ही प्राथमिकता रही है। इस क्रम में किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा की तारीख बढ़ाकर 10 अगस्त तक की गई थी ताकि अधिकाधिक किसान जरूरत पड़ने पर इससे लाभान्वित हो सकें। कम बारिश वाले 14 जिलों में बीजों के मिनीकिट वितरण के भी निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जिलों के किसानों को अरहर उड़द और मूंग आदि के बीजों के मिनीकिट बांटे जा रहे हैं। ताकि किसान कम अवधि वाली दूसरी फ सलों से अपनी क्षति की भरपाई कर सकें। इसके लिए लगभग डेढ़ लाख मिनीकिट उपलब्ध कराए गए हैं।



इसके माध्यम से लगभग 5800 कुंतल बीज निशुल्क वितरित किया जाएंगे। यह पहली बार नहीं है।

योगी–01 की पहली कैबिनेट से लघु सीमांत किसानों की कर्जमाफ ी से जो सिलसिला शुरू हुआ वह योगी–02 में भी उसी शिद्दत से जारी है। रिकॉर्ड गन्ना मूल्य का भुगतान, एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर धान और गेंहू की रिकॉर्ड खरीद। तय समय पर भुगतान इसके प्रमाण हैं।

**कम वर्षा वाले जिले:** झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, मऊ, देवरिया, कुशीनगर, चंदौली, मिर्जापुर, कौशांबी और पीलीभीत।

# बनारस की तर्ज पर कराया जाए प्रयागराज का सौंदर्यीकरण: सीएस

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई प्रयागराज महाकुम्भ मेला-2025 की शीर्ष समिति की चतुर्थ बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि प्रयागराज को स्वच्छ, सुन्दर, हरित व सुरक्षित शहर बनाया जाए। जिस प्रकार बनारस में हृदय योजना से शहर का सौन्दर्यीकरण कराया गया है, स्टडी कर उसी प्रकार प्रयागराज में भी कराया जाये। शहर का नियोजित विकास होना चाहिए। कॉमन थीम, कलरिंग, फसाडिंग से शहर में भव्यता आएगी। प्रयागराज व कुम्भ मेला क्षेत्र में कराए जाने वाले कार्यों में एकरूपता रहनी चाहिए। पोल, पेंटिंग, स्ट्रीट लाइट, होर्डिंग, साइनेज, सड़क आदि के विकास का एक स्टैण्डर्ड फ ारमेट तैयार किया जाए। वृद्धजन के लिए जगह–जगह पर बैठने के लिए सीटें बनायी जाएं। कुंभ से संबंधित पूरी कहानी का विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर चित्रण कर शहर को सुन्दर बनाया जाए। जगह–जगह पर डस्टबिन रखवाए जाएं। बैठक में 7 विभागों की 34 परियोजनाओं पर चर्चा की गई, जिसमें से 269.43 करोड़ रुपये की 33 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया। स्वीकृत परियोजनाओं में नगर निगम की 30.61 करोड़ रुपये लागत की 7, प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 70.11 करोड़ रुपये की 6, उप्र जल निगम की 57.05 करोड़ रुपये लागत की 3, उप्र पावर कारपोरेशन लि. की 69.95 करोड़ रुपये लागत की 11, प्रयागराज मेला प्राधिकरण की 4.52 करोड़ रुपये लागत की 1, पर्यटन विभाग की 7.77 करोड़ रुपये लागत की 1, वन विभाग की 29.42 करोड़ रुपये लागत की 4 परियोजनायें शामिल हैं। होटल राही इलावर्त में फ र्निशिंग व इंटीरियर सजावट आदि कार्यों को पर्यटन विभाग के बजट से कराने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि जी–20 की भांति सभी कार्य परमानेन्ट नेचर के होने चाहिए ताकि इसका लाभ शहर को मिल सके। उन्होंने कहा कि शहर के सौन्दर्यीकरण सहित अन्य कार्यों में लोगों की सहभागिता होनी चाहिये। शहर के हेरिटेज को ध्यान में रखते हुए एवं स्मार्ट सिटी की लर्निंग का उपयोग कर शहर का चतुर्मुखी विकास किया जाए। एक अभियान चलाया जाए, जिसमें वहां के लोगों से पूछा जाए कि उनके शहर में क्या–क्या सुविधाएं होनी चाहिए। समय–सारिणी बनाकर सभी कार्यों को कुम्भ से पहले पूरा कराया जाए। निर्माण कार्यों में मानक एवं गुणवत्ता के साथ कतई समझौता न किया जाये। शहर को सुन्दर बनाने में कॉर्पोरेट सेक्टर को भी शामिल किया जाए। इससे पूर्व बैठक में मेलाधिकारी कुम्भ विजय किरन आनंद द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की अद्यावधिक स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण, अपर मुख्य सचिव वन मनोज सिंह, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान, प्रबंध निदेशक यूपीपीसीएल पंकज कुमार, प्रबंध निदेशक यूपीएसआरटीसी मासूम अली सरवर, एमडी यूपी राज्य पर्यटन विकास निगम अश्विनी कुमार पाण्डेय, मेलाधिकारी विजय किरण आनंद सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शिकायतों के समाधान में देश में सबसे आगे रहा यूपी रेरा

● बीते पांच वर्षों में प्राप्त 50666 शिकायतों में 43929 का किया निस्तारण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत सीएम योगी को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। प्रदेश में रीयल एस्टेट से संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए गठित उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने पिछले पांच वर्षों से अब तक कुल 50666 प्राप्त शिकायतों में से 43929 शिकायतों का निस्तारण कर पूरे देश के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह आंकड़ा देश में कुल रेरा शिकायतों के समाधान का लगभग चालीस प्रतिशत है। शिकायतों के प्राप्त होने के बाद यूपी रेरा ने सभी शिकायतों की सुनवाई कर उन्हें रियल एस्टेट (नियमन और विकास) अधिनियम 2016 के नियमों के अधीन जांच कर और नियमानुसार कार्यान्वयन आदेशों का अनुपालन करवाकर सीएम योगी की मंशा के अनुरूप शिकायतकर्ताओं के हितों की सुरक्षा करने का उत्तरदायित्व निभाया।




यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय आर. भूसरेड्डी ने कहा कि देश भर के रेरा के लिए यूपी रेरा ने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। यदि भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र को विकसित करना है तो होम बायर्स और प्रोमोटर्स दोनों की समस्याओं को जल्द निस्तारित कर एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना होगा। यूपी रेरा इस क्षेत्र में इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए नए कदम उठाने की तैयारी कर रहा है और आने वाले समय में होम बायर्स के अधिक और शीघ्र शिकायत निस्तारण की सुविधा प्राप्त होगी। यूपी रेरा के गठन के बाद उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। यूपी रेरा ने बहुआयामी प्रयास कर प्रोमोटर्स को उनकी जिम्मेदारियों और ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसका परिणाम सकारात्मक रहा और यूपी रेरा में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज भी हुईं और निस्तारित भी।

उत्तर प्रदेश रेरा को सर्वाधिक शिकायतें एनसीआर क्षेत्र में प्राप्त हुई हैं और सर्वाधिक निस्तारण भी यही हुआ। इस क्षेत्र में अब तक कुल 38619 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें 33211 का निस्तारण कर दिया गया। टॉप 10 जिलों की बात करें तो गौतमबुद्धनगर में सर्वाधिक 30713 शिकायतें मिलीं जिनमे से 26453 का निस्तारण सुनिश्चित किया गया। यानी 86.13 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया गया। इसी तरह लखनऊ में 89.15 प्रतिशत, गाजियाबाद में 84.57 प्रतिशत, वाराणसी में 94.57 प्रतिशत, मेरठ में 91.57 प्रतिशत, आगरा में 80 प्रतिशत, कानपुर नगर में 94.16 प्रतिशत, बाराबंकी में 90.55 प्रतिशत, प्रयागराज में 77.57 प्रतिशत और मथुरा में 74.85 प्रशित शिकायतों का समाधान किया गया।

# ग्राउंडवॉटर चार्जिंग चेकडैमों के निर्माण से किया जाएगा भूजल का संरक्षण

● प्रदेश के 13 जिलों में 8 करोड़ रुपए के व्यय से इस योजना को दिया जाएगा मूर्त रूप, विस्तृत कार्ययोजना तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश प्राकृतिक संपदा से पूर्ण प्रांत है। यहां खेती के लिए नदियों, नहरों व नलकूपों से सिंचाई की उत्तम व्यवस्था है। इसके बावजूद, पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश में भूजल दोहन काफी बढ़ गया है। चाहें बात किसानी की हो या फिर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति की, भूजल दोहन के कारण लगातार प्रदेश के कई इलाकों में भूजल स्तर में गिरावट के तथ्य सामने आते रहते हैं। ऐसे मेंए सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में ग्राउंडवॉटर चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण से भूजल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस क्रम मेंए प्रदेश के 13 जिलों में 8 करोड़ रुपए की कुल अनुमानित लागत लगाकर ग्राउंडवॉटर चार्जिंग चेकडैमों का निर्माण किया जाएगा। इसमें जिन 13 जिलों को मुख्यत: लक्षित किया गया है उनमें से हाथरस, बदायूं, मुरादाबाद, सम्भल, प्रयागराज, कौशाम्बी, फ तेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर व चित्रकूट प्रमुख हैं। इस विषय में प्राविधानित धनराशि को अवमुक्त किए जाने का आदेश भी जारी किया जा चुका है। इस योजना के अंतर्गत कुल 13 जिलों में 8 करोड़ रुपए की कुल अनुमानित लागत के जरिए चेकडैम्स को बनाया जाएगा। इसमें हाथरस में 70.5 लाख, बदायूं में 38 लाख, मुरादाबाद में 28 लाख, सम्भल में 72 लाख, प्रयागराज में 80 लाख, कौशाम्बी में 1.21 करोड़, फ तेहपुर में 1.03 करोड़, प्रतापगढ़ में 37.23 लाख, सोनभद्र में 28 लाख, जालौन में 50 लाख, ललितपुर में 41 लाख, हमीरपुर में 35.60 लाख व चित्रकूट में 94.16 लाख रुपए खर्चकर ग्राउंडवॉटर चेकडैम्स बनाए जाएंगे। इन्हें बनाने के लिए धनराशि अवमुक्त की गई है और इस विषय में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा लघु सिंचाई संबंधित प्रखंड को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कार्ययोजना के अनुसारए लघु सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता की देखरेख में ग्राउंडवॉटर चार्जिंग चेकडैम का निर्माण किया जाएगा। इनके निर्माण समेत इनकी देखरेख व अन्य सभी संबंधित तथ्यों की विवेचना मुख्य अभियंता द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। वहीं अवमुक्त राशि को लेकर मुख्य अभियंता द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि स्वीकृत किए जा रहे निर्माण कार्य के लिए पहले से राज्य सरकार द्वारा जारी फंड का दोहराव न हो। सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिए अनापत्ति संबंधित प्रमाण पत्र, निर्माण कार्य के लिए जरूरी मशीनरी व अन्य साजो–सामान की खरीद समेत अन्य सभी आवश्यक कार्रवाइयों को उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल तथा फाइनेंशियल हैंडबुक के नियमों के अंतर्गत ही किया जाएगा। लघु सिंचाई विभाग द्वारा ही अवमुक्त धनराशि को सभी 13 जिलों में कार्ययोजना के आधार पर वितरित कर निर्माण कार्य में लाया जाएगा।

## चेयरमैन संजय आर. भूसरेड्डी ने क्षेत्रीय कार्यालय का निरीक्षण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश रेरा के नवनियुक्त चेयरमैन संजय आर. भूसरेड्डी ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश रेरा क्षेत्रीय कार्यालय, गौतम बुद्ध नगर में सदस्यों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें सदस्य टी. वेंकटेश व डॉ. दीपक स्वरूप सक्सेना, कन्सिलीऐशन कंसल्टेंट आरडी पालीवाल, पीएमडी कंसल्टेंट डीके सिंह, कम्यूनिकेशन कंसल्टेंट रितेश सिंह तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। रेड्डी की अध्यक्षता में प्राधिकरण के अधिकारियों ने अपने–अपने विभाग की प्रस्तुति दी और चेयरमैन को वर्तमान स्थिति से अवगत कराया तथा भविष्य की योजनाओं के विषय में वार्ता की। रेड्डी ने सभी पहलुओं का संज्ञान लिया और रियल एस्टेट सेक्टर के हितधारकों के प्रति निष्ठा से कार्य करते रहने का महत्वपूर्ण सुझाव दिए। रेड्डी ने अपने पीठ के लॉ ट्रैनी (विधि प्रशिक्षु) से भी वार्ता की और वर्चुअल हियरिंग की तैयारियों की समीक्षा की।

## किसानों के गन्ना बकाए के भुगतान की मांग को लेकर रालोद ने सभी जिलों में सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निर्देश पर प्रदेश के गन्ना किसानों को उनके बकाए का भुगतान कराने के लिए पार्टी ने गुरुवार को प्रदेश के सभी जिलों में जिला गन्ना अधिकारियों के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। यह जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता वेद प्रकाश शास्त्री ने दी।

उन्होंने कहा कि उप्र में गन्ना केवल किसानों व मजदूरों का ही नहीं व्यापारियों की भी आजीविका का केन्द्र बिन्दु है। चीनी मिलों पर किसानों के गत सत्र का हजारों करोड़ रुपया अभी बकाया है जिसकी वजह से किसानों मजदूरों व व्यापारियों का सामाजिक व आर्थिक ताना बाना बिगड़ चुका है और यह सभी वर्ग भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं । उन्होंने कहा कि चीनी मिले किसानों का हजारों करोड़ रुपये दबाएं बैठी हैं और सरकार उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर रही है जिसको लेकर किसानों में बहुत आक्रोश है।

## फसलों के अवशेष जलाने से हो रहे

# प्रदूषण की करें रोकथामः डीएम

**लखीमपुर खीरी।** फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए। डीएम के स्तर से जारी दिशा निर्देश के अनुसार जनपद स्तर पर एक सेल गठित होगी। जिसकी कार्यवाही शुरू कर दी गई। डीएम ने अधीनस्थों को प्रतिदिन अनुश्रवण किए जाने एवं प्रत्येक गांव के ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय लेखपाल को किसी भी दशा में अपने से सम्बन्धित क्षेत्र में परालीध्कृषि अपशिष्ट न जलाये जाने के लिए कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में फसल अवशेष को जलने से रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा किसी भी दशा में फसल अवशेष को न जलने दें।

डीएम ने बताया कि जनपद स्तर पर एडीएम की अध्यक्षता में एक सेल पूर्व वर्षों की भाँति कार्य करेगी। उक्त सेल फसल की कटाई से रबी की बुवाई तक मानीटरिंग की कार्यवाही करेगी। फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्र का उपयोग किया जाना जरूरी होगा। यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त व्यवस्था बगैर कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई न करने पाये। यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रारेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुयी पायी जाये तो उसको तत्काल सीज करते हुये कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा. मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाये।

डीएम ने सभी एसडीएम एवं बीडीओ को निर्देश दिए कि फसल अवशेष प्रबन्धन के इस अभियान में ग्राम पंचायत सदस्यए ग्राम प्रधान का सक्रिय सहयोग लिया जाये तथा ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधानों को सम्मेलन करके उन्हें अवगत कराया जाये कि वे इसका व्यापक प्रचार.प्रसार करें तथा अपनी ग्राम पंचायत में कृषकों को फसल अवशेष न जलाये जाने हेतु प्रेरित करने के अभियान का नेतृत्व करें।

डीएम ने अफसरों को निर्देश दिए कि कृषकों को बताए कि एनजीटी के आदेशानुसार फसल अवशेष जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है। राजस्व विभाग द्वारा पर्यावरण को हो रहे क्षतिपूर्ति की वसूली के निर्देश है। इसमें 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए रू0 2500६ए 02 से 05 एकड़ क्षेत्र के लिए रूण् 5000६ और 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए रूण् 15000६ तक पर्यावरण कम्पन्सेशन की वसूली के निर्देश है। पराली जलाने की घटना पाये जाने पर सम्बन्धित को दण्डित करने के सम्बन्ध में राजस्व विभाग के शासनादेश द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा 24 के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति की वसूली एवं धारा.26 के अन्तर्गत उल्लंघन की पुनरावृत्ति होने पर सम्बन्धित के विरुद्ध अर्थदण्ड इत्यादि की कार्यवाही के प्रावधानों से भी कृषको को अवगत कराया जाये।

डीएम ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक राजस्व ग्रामध् राजस्व ग्राम कलस्टर के लिए एक राजकीय कर्मचारी को नोडल अधिकारी तथा श्रेणी.2 के कार्मिक को न्याय पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी नामित होगे। जो अपनी.अपनी अधिकारिता में फसल अवशेष जलाने से हो रही हानि की जानकारी कृषकों को देंगे तथा प्रयास करेंगे कि उनके क्षेत्र में फसल अवशेष जलाने की कोई घटना घटित न हो। डीएम ने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर इस अभियान के लिए बीडीओ की अध्यक्षता में समिति गठित की जाये, जिसके सदस्य के रूप में क्षेत्र से सम्बन्धित नायब तहसीलदार, सम्बन्धित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तथा एडीओ (कृषि) रखे जायें। इस समिति के सभी सदस्य समन्वय स्थापित करके ब्लॉक में फसल अवशेष प्रबन्धन के लिए कार्यवाहियों का कुशल संचालन सुनिश्चित करें।

# पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया

### ● युवती का दो सगे भाइयों पर दुष्कर्म करने का आरोप

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**युवती** ने दो सगे भाइयों पर बारी-बारी से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफसामूहिक दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की थी। मामला दो समुदायों के बीच होने के कारण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है। चौक कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने 14 अगस्त को बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की तहरीर थाने में दी थी। मोहल्ला बिजलीपुरा चौभुरजी के रहने वाले 32 साल के अब्दुल रहमान सिद्दीकी और उसके भाई पर बारी-बारी से घर बुलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप था। आरोप है कि, घर बुलाने के बाद एक कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।




### दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने आनन-फानन तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। बीती रात चौक कोतवाली पुलिस गश्त कर रही थी तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी अब्दुल रहमान सिद्दीकी को हधुमतधाम पुल के पास से गिरफ्तार किया है। जबकि पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है। एसपी सिटी सुधीर जायसवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रधान ने दलित के ऊपर किया पेशाब धमकाया और कहे जातिसूचक शब्द

**बरेली।** ग्राम बूढ़ा थाना भोजीपुरा जिला बरेली के निवासी कमल पुत्र स्व सेवाराम के ऊपर वहाँ के प्रधान द्वारा धमकाने और मारपीट कर उसके ऊपर पेशाब करने का मामला प्रकाश में आया है, । हमारी 3. 5 बीघा जमीन है जिसमें चार हिस्से है जिसको मेरी मां नन्ही देवी व भाई कृष्ण पाल राजू लोग बेच रहे हैं जिसको गांव का ही वर्तमान रहीस ग्राम प्रधान पुत्र हबीब शाह जबरदस्ती खरीद रहा है जब मैंने अपना हिस्सा बेचने से मना किया तो मुझे कल 14 अगस्त को सुबह 10 बजे राशन कार्ड के बहाने अपने घर बुलाकर अनीश पुत्र रहीस प्रधान शाहरून पुत्र रईस हनीफपुत्र सफीक रईस प्रधान ने अपने घर में एक कमरे में बंधक बना लिया और मेरे साथ मारपीट की। उसने आगे बताया कि रईस प्रधान का मुख्य पेशा गरीब लोगों की जमीन को हड़पना है यह प्रधान भू माफिया प्रवृत्ति है गरीब व्यक्तियों की जमीन को कम दामों पर तय करके प्लाटिंग शुरू करता है उसके बाद पार्टियों को जमीन बेच देता है और गरीब व्यक्तियों से रजिस्ट्री सीधे पार्टी के नाम कर देता है लेकिन किसान को पैसा नहीं देता है रईस प्रधान ने यही कोशिश मेरे साथ भी की और मेरे इन्कार कर देने पर रईस प्रधान ने मुझको बहाने से अपने घर बुलाकर एक कमरे में बंद करके मेरे साथ मारपीट की, गंदी गालियां दी और जातिसूचक शब्द भी कहे और यही नहीं रईस प्रधान ने मेरे ऊपर पेशाब भी की और कहा कि अगर तू पुलिस के पास गया तो मैं तुझे गांव में रहने नहीं दूंगा क्योंकि मेरी थाने में बहुत पहुंच है और कहा कि तू चमार है तू मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा।

करणी सेना जिलाध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह के साथ थाना भोजीपुरा पहुंचा और सारा मामला जानकर राहुल सिंह ने तत्काल थानाध्यक्ष से बात की व कारवाई आगे बढ़ायी और कमल की हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया, करणी सेना हर सताये हुए व्यक्ति के साथ खड़ी है।वही करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जिस तरीके से मध्य प्रदेश में दलित युवक के ऊपर पेशाब की गई वह मामले में बहुत तूल पकड़ा और उसके ऊपर तत्काल कार्रवाई की गई है उसके घर को गिरा दिया गया।

# उपचुनावः दो ग्राम प्रधान व 63 ग्राम पंचायत सदस्यों के पद पर होगा मतदान

### ● डीएम ने जारी किया उपनिर्वाचन कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के आधार पर जनपद में दो ग्राम प्रधान तथा 63 ग्राम पंचायत सदस्यों के पद पर उपचुनाव कराया जाएगा। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की ओर से कार्यक्रम जारी किया गया है। डीएम की ओर से जारी उप निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र को जमा करने का अंन्तिम तिथि 22 अगस्त (पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक) है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 23 अगस्त (पूर्वाह्न 10 बजे से कार्य समाप्ति तक) होगी। उम्मीदवारी वापसी 24 अगस्त (पूर्वाह 10 बजे से अपराह्न 03 बजे तक), उसी दिन प्रतीक आवंटन (अपराह्न 03 बजे से कार्य समाप्ति तक) होगा। मतदान 06 सितम्बर को (प्रात: 07 बजे से अपराह्न 05 बजे तक) एवम् मतगणना 08 सितम्बर को (प्रात: 08 बजे से कार्य समाप्ति तक) होगी।

डीएम ने बताया कि ब्लॉक निघासन की ग्राम पंचायत मदनापुर व रमियाबेहड की ग्रापं अकठी में प्रधान के रिक्त पद पर उप निर्वाचन होगा। 63 सदस्य ग्राम पंचायत के रिक्त स्थानोंध्पदों पर उप निर्वाचन होगा। ग्राम पंचायतों के प्रधानोंए सदस्यों के रिक्त स्थानोंध्पदों पर निर्वाचन के लिए प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण देते हुए निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा 18 अगस्त को सार्वजनिक सूचना निर्गत होगी। इस निर्वाचन कार्यक्रम की संबंधित गाँवों में मुनादी के जरिए सर्वसाधारण को इसकी सूचना दी जाये। उक्त उप निर्वाचन उप्र पंचायतराज (सदस्यों, प्रधानों और उप प्रधानों का निर्वाचन) नियमावलीए 1994 के अनुसार सम्पन्न होगा। निर्वाचन अधिकारी की सूचना निर्गत किए जाने के दिनॉक से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जाएगा। उपर्युक्त उप निर्वाचन में प्रधानए ग्राम पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करनेए उनकी संवीक्षा करनेए उम्मीदवारी वापस लेनेए चुनाव चिह्न आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बन्धित ब्लॉक मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित ब्लॉक मुख्यालय पर होगी। उपर्युक्त समय सारणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे। निर्धारित समय सारणी के अनुसार कार्यवाही होगी।

## सड़क किनारे मिले शव की हुई शिनाख्त

**बरेली।** सड़क किनारे मिले अज्ञात शव की शिनाख्त आज पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने कर ली। इज्जत नगर थाना क्षेत्र में सेंट्रल जेल के सामने पुल के नीचे सड़क किनारे मिले लखीमपुर खीरी जिले के मैलानी थाना क्षेत्र के गांव कुकूहापुर निवासी 50 वर्षीय सर्वेश कुमार पुत्र मोतीलाल के शव की शिनाख्त आज दोपहर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे उसके साथियों ने कर ली है उन्होंने बताया कि सर्वेश रामपुर से मिलक इलाके में उनके साथ मजदूरी पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता था कई दिनों से बीमार चल रहा था वह कल शाम को मिलक से अपने घर जाने की बात कह कर रोडवेज की बस से चला था वह घर नहीं पहुंचा और आज सुबह उसकी लाश बरेली में सेंट्रल जेल के सामने पुल के नीचे सड़क किनारे पाई गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी और लाश को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## क्विक न्यूज

### सड़क पर छुट्टा पशु छोड़ कर रोका कैबिनेट मंत्री का रास्ता

**बरेली।** ग्रामीणों ने सड़क पर छुट्टा पशु छोड़ कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह का रास्ता रोक लिया और हंगामा करने लगे वह समस्याओं के समाधान की मांग करने लगे पुलिस टीम और एसडीएम के समझाने के बाद वह शांत कराया तब कैबिनेट मंत्री का काफिला रवाना हो सका । सिरौली थाना क्षेत्र के पिपरिया उपराला मे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह और अपर मुख्य सचिव रजनीश दुबे पॉलीक्लिनिक का भूमि पूजन करने के लिए जा रहे थे ग्रामीणों ने सड़क पर छुट्टा पशु खड़े कर कैबिनेट मंत्री का रास्ता रोक दिया ग्रामीण कई समस्याओं को लेकर हंगामा करने लगे इस दौरान एसडीएम ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया तो नोकझोंक के बाद धक्का मुक्की हो गई उन्होंने ग्रामीणों को जल्द समस्या का समाधान करने के आश्वासन दिया। इसके बाद लोग शांत हुए और सड़क से छुट्टा पशुओं को हटाया इस तरह लगभग 40 मिनट तक ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री का काफिला रोक दिया।

### शॉर्ट सर्किट से स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में लगी आग

बरेली । कलक्ट्रेट के पास स्थित स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के एसी व सर्वर रूम में शर्ट सर्किट से आग लग गई तभी फॉल सीलिंग ने आग पकड़ ली घटना के समय ग्राहकों की उपस्थिति में स्टाफ बैंक के अंदर काम कर रहा था अचानक आग लगने और धुआं उठने से अफरा-तफरी मच गई कुछ ही देर में आग परिसर में फैलने लगी और धुआं उठने लगा दूर दूर तक धुआं बैंक के बाहर देखा जाने लगा कुछ ही देर में सूचना पर बैंक के तमाम अधिकारी, चौकी पुलिस व दमकल गाड़ियाँ पहुंच गईं ।सिविल लाइंस स्थित स्टेट बैंक की मुख्य शाखा परिसर में आग लगने की सूचना मिलने पर दमकलों की कई गाड़ियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने से बैक परिसर में धुएँ का गुब्बार अंदर भर गया जिस कारण लोगों का दम घुटने लगा बमुश्किल ग्राहकों व कर्मियों ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई सीएफओ सीएम शर्मा ने बताया कि आग की सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुँची और प्रथम तल में लगे शीशों को तोड़ आग पर क़ाबू पाया घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया दमकल कर्मियों ने बताया कि बैंक में लगे फायर एस्टिंगुशर के प्रयोग से आग की लपटो पर क़ाबू पाया गया और बड़ा हादसा टल गया मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्र मोहन शर्मा के अनुसार आग प्रथम तल के रूम में शार्ट सर्किट से लगना शुरू हुई और परिसर में धुँध छा गया कई घंटे के प्रयास में बुझा ली गई वहीं बैंक प्रबंधन का कहना है कि आग में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### पंचायत में दादा का पोते ने सिर फोड़ा

बरेली। पोते ने अपने दादा के सिर में डंडा मारकर हत्या कर दी संपत्ति के विवाद में गुरुवार को पंचायत चल रही थी बुजुर्ग ने सेवा करने वाले बेटे को ज्यादा संपत्ति देने की बात कह दी इस बात से नाराज दूसरे बेटे का लड़का आग बबूला हो गया और उसने हमला कर दिया और फरार हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बहेड़ी थाना क्षेत्र के पुरैनिया ताल गांव के रहने वाले साबिर पुत्र मो हसन ने अपने एक बेटे को ज्यादा संपत्ति दे दी थी इसको लेकर दूसरा बेटा विरोध कर रहा था गुरुवार सुबह पंचायत चल रही थी। बुजुर्ग ने सेवा करने वाले बेटे को ज्यादा जमीन देने की बात कही इसको लेकर पंचायत में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई इसी बीच बुजुर्ग के पोते ताहिर ने उन पर डंडे से हमला कर दिया सिर में डंडा लगने से बुजुर्ग लहूलुहान हो गया आनन-फानन में उसको सीएचसी में भर्ती कराया गया यहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग को गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया इंस्पेक्टर बहेड़ी ने बताया कि आरोपी के खिलाफमुकदमा लिखा हुआ है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### श्वेतांक ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

लखनऊ। आईकू द्वारा कानपुरए उत्तर प्रदेश के 23 वर्षीय श्वेतांक पांडे को 3 महीने तक पूरे देश में किए गये हंट के बाद अपना पहला चीफगेमिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। श्वेतांक आईकू में सबसे कम उम्र के मुख्य गेमिंग अधिकारियों में से एक बनने का आवेदन देने वाले 60,000 से अधिक आवेदकों में अंतिम थे। श्वेतांक का चयन गेमप्ले, गेमिंग के ज्ञानए और व्यक्तित्व एवं संचार के कौशल पर आधारित एक रोमांचक चयन प्रक्रिया के बाद किया गया। श्वेतांक के पिता कानपुर में एक पुलिस अधिकारी हैं। श्वेतांक गेमिंग का शौक़ीन हैए उसका झुकाव हमेशा से गेमिंग और ईस्पोर्ट्स की ओर था। अपने करियर की शुरुआत में उसने पूरे एक साल तक नौकरी इसलिए की ताकि वह पैसे बचाकर अपना पसंदीदा गेम बीजीएमआई खेलने के लिए एक नया फ़ोन ख़रीद सके। यहाँ तक कि उसने अपनी एमबीए की पढ़ाई भी छोड़ दीए और गेमिंग में करियर बनाने की अपनी रुचि को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी। आईकू का पहला चीफगेमिंग ऑफिसर बनने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए श्वेतांक ने कहा कि मैं इस समय बहुत ज़्यादा खुश हूँ। जब मैंने फॉर्म भरा था तब मैं केवल फाइनलिस्ट में आने की उम्मीद कर रहा था। मुझे नहीं पता था कि मैं यहाँ तक पहुँच जाऊँगा।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** पति से झगड़े के बाद विवाहिता ने फांसी लगा ली इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई घटना के बाद पति फरार हो गया मृतका के भाई ने पति पर हत्या का आरोप लगाया । आंवला थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी भूरे की 25 वर्षीय पत्नी बबली को बीती रात इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के भाई देशपाल ने बताया कि उसके पिता अलीगंज थाने के गांव गुजराही निवासी सोमपाल ने सन 2017 में बबली का विवाह सब्जी का कारोबार करने वाले भूरे से किया था वह एक बेटी की मां थी उसका पति से अक्सर झगड़ा होता था पति उस पर मायके से रकम लाने का दबाव डालता था कल शाम को भी उसका पति से झगड़ा हुआ था इसके बाद बबली ने घर में पंखे से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली घर वालों ने उसे देख लिया और इलाज के लिए फांसी से उतर कर अस्पताल ले गए लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी।

# सदर विधायक योगेश वर्मा ने किया बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** बाल स्वास्थ्य पोषण माह की शुरुआत बुधवार से हो गई है। इसका शुभारंभ जिला महिला चिकित्सालय में कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर तमाम योजनाएं चला रही है। बाल स्वास्थ्य पोषण माह इसी की एक कड़ी है। जिसके अंतर्गत गांव.गांव तक बाल स्वास्थ्य पोषण के प्रति आम जनमानस को स्वास्थ्य कार्यकर्ता जागरूक करेंगे। इस दौरान उन्होंने अपील की की सभी अभिभावक अपने बच्चों का नियमित वजन कराएं, टीकाकरण कराएं और विटामिन ए की खुराक अपने नजदीकी आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र पर जरूर पिलाएं। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह के दौरान जिला महिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रोंए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप केंद्रों पर बच्चों के माता.पिता को बाल स्वास्थ्य पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी।

### साझेदारी की घोषणा

लखनऊ। पेप्सी ने स्टैंड.अप की दुनिया के जाने.माने चेहरे और लोकप्रिय कमेडियन ज़ाकिर खान के साथ उत्साहजनक सहयोग की घोषणा की। ज़ाकिर के साथ पेप्सी की इस मज़ेदार साझेदारी का उद्देश्य दोस्तों को अपने साथियों के साथ खड़ा होने के लिए प्रेरित करना और प्रोत्साहित करना है। अपने तरह के इस अनूठे अभियान में ज़ाकिर खान ने युवाओं एक दूसरे के साथ सच्ची दोस्ती निभाने के लिए प्रेरित करते हैंए दोस्तों को मुश्किल परिस्थितियों से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और दोस्तों को बेहद खतरनाक श्फ्रेंडज़ोनश् से दूर रहने के लिए कहते हैं दृ यह एक ऐसा ज़ोन है जिससे युवा पीढ़ी बच रही है।

# लापरवाही की वजह से रुके सभी कार्य एक सप्ताह में शुरू किए जाएंः डीएम




**शाहजहांपुर।** लोक निर्माण विभाग के कार्य की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रखिन सिन्हा तथा महेंद्र पाल सिंह ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों में आ रही बाधाओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया बैठक में मुख्यत: मार्गों के चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ी करण के प्रोजेक्ट्स पर बात हुई। इनमें वन विभाग, बिजली विभाग , यूटिलिटी से सम्बंधित तथा अतिक्रमण से संबंधित समस्याओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गयाद्य डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करके कार्यों का निष्पादन करें। डीएम ने अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि वह काम में तेजी लाये तथा समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करें लोक निर्माण विभाग के कार्य शासन की प्राथमिकता में है, उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित अधिकारी समय समय पर विभाग के द्वारा निष्पादित कार्यों की गुणवत्ता की जांच भी करते रहे। बैठक में लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग तथा वन विभाग से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 117 वर्ष से कब्जे वाली नजूल भूमि को प्रशासन ने किया सील

### ● डीएम ने राज्य सरकार के नियंत्रण में ली 18 एकड़ नजूल भूमि ● नवीन भवन निर्माण के लिए 2017 से किए जा रहे प्रयास ● जमीन न मिल पाने की वजह से भवन निर्माण में आ रही थी रुकावट ● 117 साल से नजूल की जमीन पर था कब्जा ● पॉश एरिया सिविल लाइन में स्थित जमीन

**सीतापुर।** सीतापुर में नवीन जिला चिकित्सालय भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अस्पताल निर्माण के लिए शहर में ही 18 एकड़ नजूल की जमीन मिल गई है। सब कुछ ठीक रहा तो जनपद वासियों को जल्द ही नवीन जिला चिकित्सालय उपलब्ध होगा। वैसे जिला चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए प्रयास तो पिछले कई वर्षों से किए जा रहे थे, लेकिन सबसे अहम समस्या यह थी की भवन निर्माण के लिए जमीन ही उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। सीतापुर प्रशासन को 18 एकड़ नजूल की जमीन मिल गई है प्रशासन ने उसे राज्य सरकार के नियंत्रण में लेते हुए, जिला अस्पताल बनाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजने की कार्रवाई शुरु कर दी है। शासन से स्वीकृति मिलते ही प्रदेश स्तरीय टीम मौके पर भूमि का चिन्हांकन करेगी, इसके बाद भूमि को स्वास्थ्य विभाग को ट्रांसफर किया जाएगा और फिर भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। चूकिं जिला चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए कम से कम 15 एकड़ भूमि होना जरुरी है, जिस भूमि को राज्य सरकार के नियंत्रण में लिया गया है वह 18 एकड़ है ऐसे में उच्च स्तरीय जिला चिकित्सालय भवन के निर्माण को भी स्वीकृति मिल सकती है बहरहाल भवन निर्माण का स्तर क्या होगा यह तो बाद में पता चल सकेगा। मौजूदा समय जिला चिकित्सालय भवन कितना पुराना है, पुराने भवन में इलाज लिए क्या दिक्कतें हो रही है। नवीन भवन निर्माण के कवायत कब से चल रही है लेकिन आइए सबसे पहले जान लेते है राज्य सरकार के नियंत्रण में ली गई भूमि और जिला चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए डीएम अनुज सिंह के स्तर से क्या प्रयास किए जा रहे है। हमने जिला अधिकारी अनुज सिंह से इस मामले में खास बातचीत की। शहर के मध्य जिला चिकित्सालय का भवन जो बना हुआ है उस बिल्डिंग का निर्माण 1886 में कराया गया था। बाद में कुछ नवीन वार्डों का निर्माण भी कराया गया, लेकिन जो बिल्डिंग 1886 में बनवाई गई थी वह काफी जर्जर हो चुकी है। बारीश के समय पुरानी बिल्डिंग की छतों से पानी टपकने लगता है। जिला चिकित्सालय में 213 बेड स्वीकृत है मरीजों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बेडों की व्यवस्था की गई है। मौजूदा समय 274 बेडों पर मरीज भर्ती किए जाते है। कई बार एक-एक बेड पर दो-दो मरीजों को भर्ती करना पड़ता है। जिला चिकित्सालय सीतापुर के सीएमएस डॉ. आर के सिंह के मुताबिक मौजूदा समय प्रतिदिन ओपीडी में 5 हजार मरीज पहुंच रहे है 90 से 100 मरीज इमरजेंसी में भर्ती किए जाते है। सीएमएस ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई वर्ष 2017 से प्रक्रिया मे है लेकिन बीच में कोविड काल आ जाने की वजह से प्रक्रिया गति नहीं पकड़ सकी। जिला प्रशासन ने जिस नजूल की 18 एकड़ जमीन को राज्य सरकार के नियंत्रण में लिया है उस नजूल भूमि पर 117 साल से कब्जा था। पॉश इलाके में स्थित्त इस नजूल भूमि पर 1906 से मेबेल जोंस जूनियर हाई स्कूल हॉस्टल होम का गेट लगाकर मेथोडिस्ट चर्च नाम की संस्था के द्वारा कब्जा किया गया था। इस संस्था को कागजों में 1872 से मान्यता प्राप्त दिखाया गया था। जिला प्रशासन ने जब संस्था की जांच कराई तो पता चला की इसे पादरी चर्च मिशन जैरे इंतजाम मैनेजर मिशन के नाम से फर्जी बैनामे के आधार पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराया गया था। डीएम के निर्देश पर अब इसे खारिज करते हुए 18 एकड़ नजूल की जमीन को सील कराया गया है। पॉश इलाके सिविल लाइन स्थित इस जमीन की कीमत लगभग 700 करोड़ रुपये बताई जाती है।

## शॉर्ट सर्किट से स्टेट बैंक मुख्य शाखा में लगी आग

**बरेली।** डीएम आवास के पास स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई आग लगते ही स्टेट बैंक के अंदर भगदड़ मच गई। बड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों से आग पर काबू पाया।सीएफओ चंद्र मोहन शर्मा ने बताया हम लोगों को सूचना मिली स्टेट बैंक की मुख्य शाखा मैं आग लग गई है स्टेट बैंक के प्रथम तल पर लोन सेक्शन में आग लगी हुई थी जब अंदर जाकर देखा लोन सेक्शन की एसी और उसकी वायरिंग में आग लगी हुई थी जिस कारण लोन सैंक्शन का एक चेंबर और उसकी सीलिंग में आग लगी हुई थी। आग पर काबू पा लिया गया। हर एंगल से आग की जांच कर रहे हैं यह आग कहीं जानबूझकर के तो नहीं लगाई गई हो यहां पर दिन के समय मे भीड़ भी ज्यादा रहती है। हर एंगल से जांच कर रहे हैं ज्यादा बड़ा नुकसान नहीं हुआ है।स्टेक बैंक प्रबंधक जग नारायण मिश्रा ने बताया शॉर्ट सर्किट होने से लोन सेक्शन में आग लगी है आग लगते ही तुरंत हम लोगो ने फायर ब्रिगेड बालो को सूचना दी।

# बाढ़ पीड़ितों का दर्द जानने पहुंचीं एसडीएम

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर उप जिलाधिकारी (सदर) श्रद्धा सिंह ने तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह के संग ट्रैक्टर और नाव पर सवार होकर तहसील सदर ब्लाक बिजुआ क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ प्रभावित राजस्व ग्राम खमरिया, मेहंदी, सिंधिया का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने राहत व बचाव कार्यों का सघन पर्यवेक्षण कर फील्ड में कार्य कर रहे अधिकारियोंए कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। एसडीएम श्रद्धा सिंह ने प्रभावित गांवों में पहुंचने के लिए नाव और ट्रैक्टर का सहारा लिया। प्रभावित गांवों में दस्तक दी, ग्रामीणों का दुख देखा और सुना। हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने पूछा कि क्या आप लोगों को भोजन और राहत सामग्री मिल रही है।

इस पर ग्रामीणों ने हामी भरी। ग्रामवासियों से उनकी रोज़मर्रा की ज़िन्दगी में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बताते चले कि राजस्व गांव सिंधिया के 120 प्रभावित परिवारों को तहसील प्रशासन ने खाद्यान्न किट मुहैया कराई। शेष गांव में खाद्यान्न किट पहुंचने का सिलसिला जारी है। भ्रमण के दौरान राजस्व निरीक्षक, लेखपाल मौजूद रहे।



एसडीएम श्रद्धा सिंह ने बताया कि तहसील सदर के बाढ़ एवं कटान से प्रभावित गांवों में अबतक 42560 लंच पैकेट वितरित किए गए। वही 400 खाद्यान्न किट का बाटी है। अवशेष प्रभावित परिवारों को भी खाद्यान्न किट वितरित किया जा रहा। कोई भी प्रभावित परिवार खाद्यान्न किट पानी से वंचित नहीं रहेगा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिले की बाढ़ एवं कटान का दंश झेल रही तहसील के सभी प्रभावित गांवों में संबंधित उप जिलाधिकारी की देखरेख में भोजन पैकेट के साथ.साथ खाद्यान्न किट बांटने का सिलसिला जारी है। प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही खाद्यान्न किट में आटा 10 किग्राए चावल 10 किग्रा, अरहर दाल 02 किग्रा, हल्दी, सब्जी मसाला 200.200 ग्राम, मिर्च 100 ग्राम, सरसों का तेल रिफाइन्ड तेल रू एक लीटरए नमक 01 किग्रा, जेरीकेन: 01 (20ली), तिरपाल 01, लाई 05 किग्रा, भुना चना 02 किग्रा, गुड़ 01 किग्राए बिस्कुट 10 पैकेट, माचिस 01 पैकेट, मोमबत्ती 01 पैकेट, नहाने का साबुनरू 02 आदि सभी अनुमन्य सामग्री शामिल है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले के बाढ़ एवम् कटान प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों की मदद के लिए पूरा प्रशासनिक अमला तत्परता से जुटा है। बाढ़ पीड़ितों की भरपूर मदद की जा रही है। इसे सुनिश्चित करने के लिए फील्ड में सभी उप जिलाधिकारी एवं उनकी टीम प्रभावित गांवों का दौरा कर रही है। इसके साथ ही राहत कार्यों की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। प्रभावित

# नजूल भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर पट्टा निरस्त करें: जिलाधिकारी

- पुरानी कोतवाली कर्वी परिसर में हटाये अतिक्रमण का डीएम ने किया निरीक्षण
- नजूल भूमि पर बने हैं तमाम लोगों के घर



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने पुरानी कोतवाली कर्वी परिसर में हटाये अतिक्रमण का निरीक्षण कर कहा कि नजूल भूमि के अतिक्रमण हटाकर पट्टे निरस्त किये जायें। गुरुवार को जिलाधिकारी ने लोनिवि प्रांतीय खंड सहायक अभियंता राजकिशोर व अवर अभियंता अजीत कुमार को निर्देश दिए कि जो पुराने मकान हैं, उनका मूल्यांकन कर जो मकान अतिक्रमण में ढहाये गये हैं, उनकी सामग्री का मूल्यांकन कर लें, ताकि नीलामी कार्यवाही की जा सके। जिलाधिकारी ने एसडीएम कर्वी को निर्देश दिए कि मुख्य गेट के पास अतिक्रमण को तत्काल हटायें। जो नजूल भूमि में नगर पालिका ने पट्टे दिये हैं, ईओ नगर पालिका से पट्टों को निरस्त करायें। ईओ नगर पालिका से कहा कि पुरानी बाजार चौराहे के सुन्दरीकरण का प्रस्ताव भेजा जाए, ताकि इस चौराहा का भी सुन्दरीकरण कराया जा सके।

पुरानी कोतवाली परिसर के बाहर व इर्द-गिर्द जो लोग नजूल भूमि पर बसे हैं, उन्हें कुछ को तो पूर्व जिलाधिकारी जगन्नाथ सिंह ने पट्टे दिये थे। कुछ तो बिना पट्टे के ही वहां पर मकान बनवाकर रह रहे हैं। ऐसे लोग वर्षों पहले बिना किसी से पूंछे मकान बनाकर रह रहे हैं। कुछ लोगों को तो पूर्व जिलाधिकारी जगन्नाथ सिंह ने सेवा के बदले पट्टे दिये थे। ऐसे पट्टेधारकों को नजूल भूमि से हटाया जाये तो पाठा पेयजल के सामने की भूमि भी नजूल की है। वहां भी तमाम लोग नजूल भूमि पर बडी-बडी हवेलियां खड़ी कर रह रहे हैं। इन्हें भी नजूल भूमि से बेदखल किया जाये।

# चेयरमैन ने किया नये नगर पालिका भवन का भूमि पूजन



**संवाददाता।** चित्रकूट

**नगर** पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी के नए भवन निर्माण के लिए गुरुवार को चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर चेयरमैन ने कहा कि यह नगर वासियों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात होगी।

गुरुवार को आयोजित भूमि पूजन के बाद नगर पालिका के चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि लंबे समय से नगर पालिका कार्यालय का भवन सीमित स्थान में चल रहा था। जिससे ऑफिस के कार्य संचालन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा सभासदों के बैठने व मीटिंग हेतु कोई व्यवस्था कोई स्थान सुव्यवस्थित नहीं था। इस अभाव को दूर करने के लिए काफी दिनों से प्रयास चल रहा था जो आज पूरा हुआ। चेयरमैन ने कहा यह भवन बहुत भव्य और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि चित्रकूट विकास की नई उड़ान भर रहा है। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार चित्रकूट के पर्यटन विकास के प्रति संकल्पित है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के शुरू होने एवं जल्द ही चित्रकूट एयरपोर्ट के चालू हो जाने से चित्रकूट पर्यटन का हब बनेगा।

# पर्यटक सुरक्षा का संदेश लेकर बाइक से रवाना हुईं महिलाएं

- 320 किमी भ्रमण कर सुरक्षा का आश्वासन देंगी पांच बाइक सवार महिलाएं
- वापसी पर पर्यटन मंत्री करेंगे स्वागत




**संवाददाता।** चित्रकूट

**चित्रकूटधाम** मंडल के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने झांसी से ललितपुर, महोबा, चित्रकूट में महिलाओं से मुलाकात कर पर्यटन के लिए उत्साहित करने एवं सुरक्षा का संदेश देने के लिए पांच महिलाओं को बाइक से रवाना किया है।

उन्होने बताया कि प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि लखनऊ से बुंदेलखंड तक करीब 320 किलोमीटर तक महिलाएं बाइक से भ्रमण करेंगी तो लोगों को पता चलेगा उत्तर प्रदेश पूरी तरह सुरक्षित है और वहां कानून का राज है। पर्यटन में जोखिम नहीं है। खासकर बुंदेलखंड में पर्यटन का और विकास होगा। क्योंकि यहां कई ऐसे ऐतिहासिक धरोहर हैं जो शायद दुनिया में कहीं और नहीं मिलेंगे। यहां एक हजार से अधिक जैनमंदिर हैं। देश में पत्थर का सबसे पहला मंदिर यहीं है।

बाइक से भ्रमण करने वाली स्वाती सिंह नव्या ने कहा कि हम चाहते हैं कि नारी सशक्त हो। यूपी में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त है। यहां हर आदमी सुरक्षित है चाहे वह जंगल में ही क्यों न हो। इसके बावजूद कुछ लोगों में झिझक है। इसी झिझक को खत्म करने के लिए हम लोग बाइक से भ्रमण पर निकले हैं। ताकि लोग निडर होकर घर से निकलें और पर्यटन करें। पर्यटन क्षेत्र में संभावनाओं का भी लाभ उठाएं। स्वाती के साथ भ्रमण करने वाली श्वेता, समृद्धि, फिजा फातिमा और प्रिया ने भी विचार व्यक्त किए। महिला बाइकर्स के बुंदेलखंड भ्रमण से लौटने के बाद पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह स्वागत करेंगे और कहा कि बुंदेलखंड में महिलाओं के बाइक भ्रमण का विश्व तक संदेश जाएगा। लोगों को पता चलेगा कि यूपी में पर्यटन पूरी तरह सुरक्षित है।

इससे प्रदेश को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास को बल मिलेगा। बताया कि गुरुवार को यह दल बांदा में भूरागढ़ और कालिंजर पहुंचा।

# बिजली चोरी पर लगाम लगाने को विजिलेंस टीम की छापेमारी



**कोंच,** जालौन। विद्युत मीटर में छेड़छाड़ कर और केबिल में कट कर अवैध रूप से बिजली चोरी करने वाले लोगों की धरपकड़ किए जाने के उद्देश्य से चेकिंग टीम ने नगर में लगातार दूसरे दिन छापेमारी की कार्यवाही को अंजाम दिया। गुरुवार को मीटर विभाग के सहायक अभियंता निखिल जिंदल, अवर अभियंता पूनम वर्मा, टेक्निशियन राजकुमार, टीजीटू सौरभ व राजकुमार सहित विजिलेंस विभाग के अवर अभियंता आलोक खरे ने उपखंड अधिकारी अनिरुद्ध मौर्य व अवर अभियंता अंकित सहनी सहित पुलिस बल के साथ मिलकर नगर के अलग अलग मुहल्लों में छापेमारी की। चेकिंग टीम ने 2 घरों के बाहर लगे विद्युत मीटर में छेड़छाड़ किए जाने के मामले पकड़ लिए। टीम ने ऐसे सभी मीटर जब्त कर लिए हैं। विद्युत अधिकारियों ने बताया कि उपरोक्त सभी उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार रिपोर्ट दर्ज करायी जा रही है। वहीं नगर में चेकिंग टीम की छापेमारी से बिजली चोरों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। विदित हो कि बुधवार को भी चेकिंग टीम ने आधा दर्जन चोरी के मामले पकड़े थे जिनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

# एक ग्राम प्रधान समेत दस पंचायत सदस्यों का होगा चुनाव

**फर्रुखाबाद।** एक ग्राम प्रधान व दस पंचायत सदस्यों का होगा चुनाव जनपद में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य व क्षेत्र पंचायत के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव की अधिसूचना जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने जारी कर दी। उपचुनाव में आगामी 6 सितंबर को मतदान की तिथि तय की गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्यों व क्षेत्र पंचायत सदस्य ;बीडीसी के रिक्त पदों पर उपचुनाव के लिए 22 अगस्त सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र जमा किये जायेंगे। 23 अगस्त को सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा की जायेगी। 24 अगस्त को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक उम्मीदवार के नाम वापस होंगे। 24 अगस्त को ही शाम 3 बजे से प्रतीक चिन्ह आवंटन का कार्य किया जायेगा। 6 सितम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा व 8 सितंबर को सुबह 8 बजे से मतगणना की जायेगी। जिस विकास खंड के गांव में मतदान की प्रक्रिया होगी उसी व्लाक कार्यलय पर नामांकन पत्र दाखिल से लेकर मतगणना तक के सभी कार्य सम्पादित किये जायेंगे। सार्वजनिक अवकाश होनें पर भी यह विकास खंड कार्यालय खुले रहेंगे। एक प्रधान, 10 ग्राम पंचायत सदस्य के पदों का चुनाव होगा। 6 बीडीसी सदस्यों का उपचुनाव होगा। विकास खंड कमालगंज के तीन गांवों 34, 52 व 139 वार्ड में उपचुनाव बीडीसी के पदों पर होगा।

# नरौल के परिषदीय विद्यालय निर्माण में ठेकेदार ने मानकों को रखा ताक पर

- विद्यालय के लिंटर में भी सरियों का गोलमाल
- ग्रामीण बोले गुणवत्ता में सुधार न हुआ तो नहीं डालने देंगे लिंटर
- डीसी निर्माण ने दिया मामले की जांच कराने का आश्वासन



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**विकास** खंड रामपुरा की ग्राम पंचायत नरौल में विद्यालय भवन निर्माण में विभागीय अधिकारियों के मिलीभगत से मानक विरुद्ध निर्माण में जमकर अनियमितता बरती जा रही है। विद्यालय भवन निर्माण से संबंधित सूचना पट्ट कार्य स्थल पर नहीं लगाए जाने से संचालित योजना में पारदर्शिता का अभाव दिख रहा है। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताविहीन कार्य करवाए जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है।

जानकारी अनुसार प्राथमिक विद्यालय नरौल में लाखों रुपए की लागत से भवन निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसमे तीन नंबर ईंट का उपयोग किया जा रहा है तथा सरिया में तीन सूती सरिया का उपयोग किया जा रहा है। जबकि मानक के अनुसार भवन के लेन्टर में 4 सूती सरिया व बीम में 5 सूती सरिये का उपयोग किया जाता हैं। परन्तु ठेकेदार की हठधर्मिता के चलते देहात क्षेत्र में ग्रामीण बच्चों के लिए विद्यालय के रूप में एक कब्रगाह का निर्माण किया जा रहा हैं। विद्यालय के भवन निर्माण का कार्य आरंभ होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल था। डीसी निर्माण सौरभ पाण्डेय से इस सम्बंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि तत्काल प्रभाव से विद्यालय कार्य को रुकवाकर जांच कराने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा। हालांकि जब उनसे परिषदीय विद्यालय निर्माण में घटिया ईटा लगाये जाने पर सवाल किया तो उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया।

# डग्गामार स्लीपर बस को सीज कर लगाया 96 हजार रुपए का जुर्माना



**फर्रुखाबाद।** डग्गामार स्लीपर बसों में अवैध रूप से लदा गुटखा व पान मसाला यह कोई नई बात नहीं है। इन स्लीपर बसों में और भी कई गैर कानूनी चीज लाई जाती हैं। दिल्ली से बहुत सारा सामान कर चोरी करके लाया जाता हैं । बस संचालकों की मोटी कमाई होती है। आज प्रातः चेकिंग करते हुए एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार की टीम द्वारा मुखबिर खास से दी गई सूचना के आधार पर एक बस को रोका गया। चेक करने पर बस के चालक द्वारा कोई प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। वाहन में 50 सवारी यात्रा कर रही थी जबकि पंजीयन प्रमाण पत्र के अनुसार उसकी सीट क्षमता 41 सीट की थी। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि बस में 45 सीटें अतिरिक्त लगी हुई थी। इस प्रकार उत्तर प्रदेश के मोटर वाहन कर की अपवंचना की जा रही थी । बस को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम फर्रुखाबाद डिपो में सीज कर दिया गया तथा तथा बस की सवारियो को रोडवेज की बस द्वारा संडीला भिजवाया गया बस पर बस पर रु 96000 का जुर्माना लगाया गया। वाणिज्य कर विभाग द्वारा इस पर करारोपण का आकलन किया जा रहा है। कर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर मोबाइल ने इस बाबत जानकारी दी।

# ढाई लाख से अधिक बच्चों को दी जाएगी विटामिन ए की खुराक, अभियान शुरू

**संवाददाता।** फतेहपुर

**जिले** में 291867 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। नौ माह से पांच वर्ष तक की अवस्था के बच्चों को इस सीरप का कुल नौ खुराक लेना अनिवार्य है। ऐसा करने से बच्चों को पोषण मिलता है और उनका बीमारियों से बचाव भी होता है।

इसके लिए एक माह तक अभियान चलेगा जिसका आगाज बुधवार से हो गया। जिले में इस अभियान का शुभारंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरबन पक्का तालाब में सीएमओ डा अशोक कुमार ने किया। उन्होंने अपील किया कि आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से बच्चों को इस दवा का सेवन अवश्य करवाएं। अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि जिले में नौ से बारह माह के 17564 बच्चों को यह दवा दी जाएगी। विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम के तहत ही एक से दो वर्ष तक के 66187 बच्चों को और दो से पांच वर्ष तक के दो लाख आठ हजार एक सौ छब्बीस बच्चों को इस दवा का सेवन करवाया जाएगा। इस अभियान में एएनएम का सहयोग आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता करेंगी। बच्चों को यह दवा खसरे से बचाव के प्रथम और दूसरे टीके के साथ दी जाती है और प्रत्येक छह माह पर अभियान के दौरान भी इसका सेवन कराया जाता है।

## जिलाधिकारी ने आधार अपडेशन के लिए दिये निर्देश

**फतेहपुर।** डीएम श्रुति ने बताया कि जनपद में कुल पांच लाख पचास हजार छह सौ छियत्तर आबादी के आधार कार्ड पिछले दस वर्षो में एक बार भी अपडेट नहीं हुये। वर्तमान में भी जनपद में कुल चार लाख पंचान्नबे हजार सत्तान्नबे लोगों ने अपना आधार कार्ड पिछले दस वर्षों में एक बार भी अपडेट नहीं कराया है। इसलिए विगत दो माह में डॉक्यूमेन्ट अपलोड के मामलों में महज दस प्रतिशत हुयी है जो कि लगभग नगण्य है। आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है। इसलिए इसका अपडेट होना जरुरी है। डीएम ने आधार अपडेशन के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत कूड़ा गाड़ी के माध्यम से जानकारी प्रसारित करायें। शहर के भीड़ वाली जगहों पर पोस्टर लगवाये जायें। शहर के विभिन्न आधार सेंटरों पर बंद पड़ी मशीनों को तत्काल एक्टीवेट करवाया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत के माध्यम से मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार किया जाये।

# विभिन्न नेताओं से मिले सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी की शुक्रवार को कार्यकर्ता कार्यशाला में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज शाम यहां पहुंचे। कुछ देर कार्यकर्ताओं से मुखातिब होने के बाद नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरमैन नज़ाकत खातून के आवास पहुंचे, जहां पर उनके पुत्र हाजी रजा मोहम्मद के साथ हो रही पुलिसिया ज्यादती का संज्ञान लिया और नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद पूर्व सांसद डा. अशोक पटेल के हास्पिटल पहुंचे। कुछ समय रुकने के बाद सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी के आवास पहुंचे और कुछ देर तक अकेले में गुफ्तगू की। इसके बाद पार्टी के पूर्व विधायक वीर अभिमन्यु सिंह उर्फ़ बीरन यादव के आवास पहुंचकर जनपद के राजनैतिक हालातों का जायज़ा लिया। इसी कड़ी में पूर्व बार अध्यक्ष ज़ालिम सिंह और फिर नपाप चेयरमैन राज कुमार मौर्य के घर जाकर मुलाकात की।

# डीबीए चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी भरपूर ताकत

- बार एसोसिएशन चुनाव के लिए शुक्रवार को होना है मतदान

**फतेहपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने जोश व उल्लास के साथ अधिवक्ताओं के बीच जाकर अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। शुक्रवार को होने वाले चुनाव में सर्व समाज अधिवक्ता संगठन की ओर से अध्यक्ष पद पर राकेश वर्मा, सचिव पद पर बचानी लाल, व्यवास्था परिवर्तन संगठन की ओर से बाबूलाल व सचिव पद पर सैय्यद आसिफ मकसूद, वही आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से विनोद सिंह सेंगर व देवव्रत अग्निहोत्री ने प्रचार किया। डीबीए चुनाव में अध्यक्ष पद की एक मात्र महिला प्रत्याशी संतोष कुमारी शुक्ला ने अपने समर्थकों के साथ जाकर अधिवक्ताओं से वोट की अपील की। अधिवक्ताओं के समूह ने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट व दीवानी परिसर में घूम-घूमकर साथी अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। बताते चलें कि डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के चुनाव में कल अधिवक्ता मतदान कर अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट करेंगे और अध्यक्ष महामंत्री समेत सभी पदों पर अपना मन पसंद प्रत्याशी को चुनेंगे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के लिये कलेक्ट्रेट एवं दीवानी परिसर के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर बलिराज उमराव, वसीम अंसारी, शफीकुल गफ्फार, मोहम्मद आसिफ, अजलाल फारूकी, सिद्धार्थ पटेल, सैलाब पटेल समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जमीन का जबरन बैनामा कराने पर सपा नेता को पुत्र व भाई समेत भेजा गया जेल



**मौदहा, हमीरपुर।** कीमती जमीन जबरन बैनामा करने का दबाव बनाने वाले सपा नेता व उसके पुत्र व भाई के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक सिसोलर थाना के ग्राम भुलसी निवासी नीरज सिंह ने पुलिस को बताया कि नगर के दीपक शिवहरे ने 2019 में उसके पिता से जबरन जमीन बैनामा करा ली थी दीपक का कहना है कि उसके पिता ने जमीन दान में लिखी थी इसके बाद अब केन नदी के किनारे छह बीघा जमीन भी केशव बाबू शिवहरे, विष्णु शिवहरे व दीपक शिवहरे बैनामा कराने के लिए दबाव बना रहे हैं। 19 जुलाई को जब वह अपने गांव से आ रहा था तभी तीनों लोगों ने उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर मौदहा ले आये जहां उन्होंने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए एक सादे कागज में उससे दस्तखत करवा लिए। पुलिस ने केशव बाबू शिवहरे, विष्णु शिवहरे व दीपक शिवहरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। केशव बाबू से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। वर्तमान समय में वह समाजवादी पार्टी के नेता है। वही विष्णु शिवहरे की पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं तथा इसके अलावा दीपक शिवहरे एक महाविद्यालय के प्रबंधक भी हैं।

# पेज एक का शेष

## भाजपा की...

अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग समेत सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व है ताकि उनकी अपेक्षाओं को घोषणा पत्र में शामिल किया जा सके। भाजपा के राज्य चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि पार्टी के राज्य और केंद्रीय नेता इन महत्वपूर्ण चुनावों के लिए प्रचार करेंगे। अरुण सिंह ने बताया कि पार्टी सितंबर महीने में राज्य में चार परिवर्तन यात्राएं निकालेगी, जिसका नेतृत्व अलग-अलग नेता करेंगे। उन्होंने कहा, हमारी रणनीति तैयार है। मुझे पूरा विश्वास है कि लोग भाजपा को जनादेश देंगे और हमें ऐतिहासिक जीत मिलेगी। समितियों की घोषणा के बाद पार्टी ने जयपुर के वैशाली नगर स्थित खंडेलवाल सभा भवन में विशेष सदस्यता अभियान शुरू किया। इसमें प्रह्लाद जोशी, अरुण सिंह, सीपी जोशी और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर, राष्ट्रीय प्रवक्ता समेत अन्य नेता मौजूद रहे। बाद में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक हुई जिसमें सदस्यों ने संगठनात्मक और चुनाव संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। इसमें राजे मौजूद नहीं थीं। इससे पहले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने समितियों की घोषणा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार इन समितियों की घोषणा की गई है और उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले चुनाव में दोनों समितियों के सदस्यों के अनुभव का लाभ प्रदेश को मिलेगा। इसके तहत घोषणा पत्र समिति की कमान केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को जबकि चुनाव प्रबंधन समिति की कमान पूर्व सांसद नारायण पंचारिया को दी गई है। जोशी ने कहा कि पार्टी की प्रदेश संकल्प पत्र समिति के संयोजक केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल होंगे। इस 25 सदस्यीय समिति में राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी व किरोड़ी लाल मीणा, राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी तथा राखी राठौड़ को सह संयोजक बनाया गया है। वहीं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद नारायण पंचारिया को बनाया गया है। इस समिति में 25 सदस्य हैं। इसमें पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री ओंकार सिंह लखावत, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, प्रदेश महामंत्री भजनलाल, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, पूर्व सूचना आयुक्त सीएम मीणा (सह संयोजक) व कन्हैया लाल बैरवाल (सह संयोजक) होंगे।

## भाजपा ने...

पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में 230 सदस्ईय विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं। जिन 39 सीट के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है उनमें से लगभग सभी सीट पर नवंबर 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा कांग्रेस से हार गई थी। भाजपा ने जीन 39 सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं उनमें से 38 सीट पर वर्तमान में कांग्रेस तथा एक सीट पर (पथरिया से बसपा विधायक रामबाई) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का कब्जा है।

## विपक्ष की...

प्रधानमंत्री मोदी अपनी पार्टी के सहयोगी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। राकांपा प्रमुख ने चुटकी लेते हुए कहा, फडणवीस (2019 विधानसभा चुनाव के बाद) मुख्यमंत्री के रूप में नहीं लौटे, बल्कि निचले पद पर आए। कोई सोच सकता है कि वह (मोदी) किस पद पर लौटेंगे।

## विदेशी विश्वविद्यालयों...

प्राप्त योग्यता को समतुल्यता एवं मान्यता प्रदान करने संबंधी नियमन 2023 का मसौदा तैयार किया है। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसांगिक पाठ्यक्रम, विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ अकादमिक एवं शोध संबंधी गठजोड़ तथा आदान प्रदान के समझौते के तहत क्रेडिट को मान्यता शामिल हैं। इसमें कहा गया है, विदेश उच्च शिक्षण संस्थानों से प्राप्त योग्यता या डिग्री को समतुल्य माना जाए और मान्यता प्रदान की जाए बशर्ते यह ऐसे विदेशी उच्च शिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान की गई हो जिसे अपने देश में उपयुक्त तरीके से मान्यता प्राप्त हो। इसमें यह भी कहा गया है कि छात्रों ने नियमित रूप से पाठ्यक्रम किया हो और यह ऑनलाइन या दूरस्थ प्रारूप में नहीं होना चाहिए। इसमें फ्रैंचाइजी समझौते के तहत डिग्री हासिल करने से रोकने का प्रावधान किया गया है।

## नूंह हिंसा...

नहीं की। बजरंगी के वकील सोमदत शर्मा ने अदालत में कहा कि नूंह जेल में बिट्टू बजरंगी की जान को खतरा है। अदालत से मांग की गई कि बिट्टू बजरंगी को नूंह जेल के बजाय फरीदाबाद की नीमका जेल में भेजा जाए। इसके बाद न्यायाधीश ने आरोपी बिट्टू बजरंगी को नीमका जेल भेजने का आदेश दिया।

## भारत में...

की मिट्टी में मिल जाती हैं। वे भी इस भूमि का हिस्सा बन जाते हैं। उनका मांस, उनकी हड्डियां भारत माता की मिट्टी का हिस्सा बन जाती हैं। इस भूमि में हिंदू और मुसलमान दोनों समाहित हो जाते हैं। उनमें क्या अंतर है? आजाद ने वोट के लिए धर्म के इस्तेमाल पर कटाक्ष करते हुए कहा, राजनीति में जो भी धर्म का आश्रय लेता है वह कमजोर होता है। राजनीति में धर्म को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। वोट हिंदू और मुस्लिम नामों पर आधारित नहीं होना चाहिए।

## नागपुर हवाई...

नागपुर में अपने एक पायलट के निधन पर दुखी हैं। नागपुर हवाई अड्डे पर उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां दुर्भाग्यवश उनका निधन हो गया। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं।

## सिम कार्ड...

डीलर नियुक्त करने से पहले सत्यापन के लिए प्रत्येक आवेदनकर्ता और कारोबार से जुड़े उसके दस्तावेजों का विवरण जुटाएंगी। इससे पहले डीलर का विस्तृत दस्तावेजीकरण इस नियम में शामिल नहीं था। मंत्री ने कहा कि 10 लाख सिम डीलर हैं और उन्हें सत्यापन के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग ने थोक में कनेक्शन देने की सेवा को भी बंद कर दिया है। इसके स्थान पर व्यावसायिक कनेक्शन की एक नई अवधारणा पेश की जाएगी। वैष्णव ने कहा, इसके साथ ही व्यवसायों का केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) और सिम लेने वाले व्यक्ति का भी केवाईसी किया जाएगा। केवाईसी के जरिए किसी संस्थान या निवेशक की पहचान और पते को प्रमाणित करने में मदद मिलती है।

## चंद्रयान-3...

रोवर के घूमने और वैज्ञानिक प्रयोग करने का है। चंद्रयान-। मिशन 2008 में भेजा गया था। अगर चंद्रयान-3 सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफल रहता है तो अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ के बाद भारत इस तकनीक में महारत हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। इसके साथ ही चंद्रमा के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव की दौड़ भी तेज हो गई है और रूस का लूना-25 भी अगले सप्ताह चंद्रमा पर उतरने की तैयारी कर रहा है। दोनों यानों के चंद्रमा पर उतरने की संभावित तारीखों से संबंधित टकराव ने भी दुनिया भर के वैज्ञानिक समुदाय में उत्साह बढ़ा दिया है। लूना-25 के चंद्र सतह पर उतरने की तारीख जहां 21-23 अगस्त है, वहीं चंद्रयान-3 के उतरने की तारीख 23-24 अगस्त है। चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्र पर्यावरण और वहां से संबंधित कठिनाइयों के लिहाज से बहुत अलग भूभाग हैं और इसलिए ए अज्ञात बने हुए हैं। चंद्रमा पर पहुंचने वाले पिछले सभी अंतरिक्ष यान भूमध्यरेखीय क्षेत्र में, चंद्र भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण में कुछ डिग्री अक्षांश पर उतरे थे। चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र का अन्वेषण इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके आसपास स्थाई छाया वाले क्षेत्रों में पानी की मौजूदगी की संभावना हो सकती है। अन्नादुरई ने कहा, यह एक महान क्षण है और इससे पता चलेगा कि लैंडर कैसा प्रदर्शन कर रहा है तथा इसे चंद्रमा के और करीब लाया जाएगा.. फिर इसे आवश्यक कमान दी जाएगी जिससे कि संकेत प्राप्त करते हुए यह 23 अगस्त को लक्षित स्थान तक पहुंचे और सुरक्षित लैंडिंग करे। उन्होंने कहा, यह शुरुआत है और आगे की सभी चीजों को बहुत सावधानी से देखना होगा। हमने प्रक्षेपण यान और उसके बाद प्रणोदन प्रणाली (पृथक्करण) से प्रमुख मील के पत्थर को पार कर लिया है... अब वास्तव में मैच शुरू होता है। ए अंतिम ओवर हैं जिनके बारे में हम बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह एक महान क्षण है। पूरी दुनिया यह देखने के लिए इंतजार कर रही है कि विक्रम क्या करेगा और प्रज्ञान बाहर आकर क्या करेगा... मैं भी उत्साहपूर्वक इंतजार कर रहा हूं। चंद्रयान-3 ने 14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद पांच अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था। प्रणोदन और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की आज की कवायद से पहले इसे छह, नौ, 14 और 16 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में नीचे लाने की कवायद की गई, ताकि यह चंद्र सतह के नजदीक आ सके। इससे पहले, 14 जुलाई के प्रक्षेपण के बाद पिछले तीन हफ्तों में पांच से अधिक प्रक्रियाओं में इसरो ने चंद्रयान-3 को पृथ्वी से दूर आगे की कक्षाओं में बढ़ाया था। गत एक अगस्त को एक महत्वपूर्ण कवायद में अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की कक्षा से सफलतापूर्वक चंद्रमा की ओर भेजा गया। चंद्र सतह पर अध्ययन के लिए भेजे गए रोवर का जीवनकाल एक चंद्र दिवस (धरती के 14 दिन) के बराबर होगा।

# युद्धपोत विंध्यगिरि का जलावतरण आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक : राष्ट्रपति

**भाषा।** कोलकाता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को यहां हुगली नदी के तट पर गार्डन रीच शिपबिल्डर्स इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) केंद्र में भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 17 अल्फा के तहत निर्मित छठे नौसैन्य युद्धपोत विंध्यगिरि का जलावतरण किया। उन्होंने इस युद्धपोत के जलावतरण को आत्मनिर्भर भारत का एक प्रतीक बताया।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्नत युद्धपोत का उत्पादन आत्मनिर्भर भारत और देश की तकनीकी प्रगति का नमूना है। राष्ट्रपति ने एक कार्यक्रम में कहा, मैं विंध्यगिरि के जलावतरण के मौके पर यहां आकर बहुत खुश हूं। यह आयोजन भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ने का भी प्रतीक है।

उन्होंने भारतीय नौसेना और इस पोत के निर्माण में शामिल सभी लोगों को बधाई दी। मुर्मू ने कहा, मुझे बताया गया है कि गार्डन रीच शिपबिल्डर्स इंजीनियर्स ने विंध्यगिरि जैसे युद्धपोत सहित सौ से अधिक युद्धपोतों का निर्माण किया है और आपूर्ति की है। आपके कौशल और अथक प्रयासों ने हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है, जिसके लिए मैं जीआरएसई की पूरी टीम की सराहना करती हूं।

उन्होंने कहा, प्रोजेक्ट 17 के तहत निर्मित विंध्यगिरि आत्मनिर्भरता और तकनीकी उन्नति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह परियोजना अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए स्वदेशी नवाचार को प्रदर्शित करता है। मुझे बताया गया है कि इस श्रृंखला के पोत हमारे समुद्री हितों के लिए सभी प्रकार के खतरों से निपटने में सक्षम होंगे। पिछले साल राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मुर्मू का पश्चिम बंगाल का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले उन्होंने मार्च में राज्य का दौरा किया था। मुर्मू ने कहा, कोलकाता का उसके समृद्ध इतिहास और संस्कृति के कारण हमारे देश के दिल में एक विशेष स्थान है। कोलकाता की रणनीतिक स्थिति इसे हमारी नौसैनिक तैयारियों, हमारे समुद्री हितों की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण बनाती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि पोत का नाम विंध्य पर्वतमाला के नाम पर रखा गया है, जो दृढ़ता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा, हम अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हम भविष्य में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास कर रहे हैं...हमारी व्यापारिक वस्तुओं के एक बड़े हिस्से का समुद्री मार्ग से परिवहन होता है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के कई पहलू हैं। उन्होंने भारत के समुद्री हितों की रक्षा में भारतीय नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। मुर्मू ने कहा, इसमें समुद्री डकैती, सशस्त्र डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी और प्राकृतिक आपदाएं जैसे कई मुद्दे शामिल हैं। इस पृष्ठभूमि में, भारतीय नौसेना को भारत के समुद्री हितों की रक्षा, संरक्षण और बढ़ावा देने का अधिकार है।

इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी उपस्थित रहीं। परियोजना के तहत कुल सात युद्धपोत का निर्माण होना था जिसमें विंध्यगिरि छठा युद्धपोत है। पहले पांच युद्धपोत का जलावतरण 2019 और 2022 के बीच हुआ था। यह तीसरा और आखिरी युद्धपोत है जिसे कोलकाता स्थित युद्धपोत निर्माता ने परियोजना के तहत नौसेना के लिए बनाया है।

एक अधिकारी ने कहा कि उपकरण और पी17ए जहाजों की प्रणालियों के लिए 75 प्रतिशत ऑर्डर स्वदेशी कंपनियों से है जिसमें सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं। यह अत्याधुनिक युद्धपोत आधुनिक उपकरणों से लैस है। जीआरएसई के अधिकारियों के मुताबिक, पी17ए निर्देशित मिसाइल युद्धपोत है। प्रत्येक युद्धपोत की लंबाई 149 मीटर है। इसका वजन लगभग 6,670 टन और गति 28 समुद्री मील है। इससे पहले राष्ट्रपति ने यहां राजभवन में ब्रह्म कुमारी द्वारा आयोजित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मेरा बंगाल, व्यसन मुक्त बंगाल अभियान की शुरुआत की।

# अग्निकुल कर रही अग्निबाण रॉकेट की पहली उपकक्षीय उड़ान की तैयारी

**भाषा।** नई दिल्ली



**स्काईरूट** एयरोस्पेस के बाद चेन्नई स्थित अग्निकुल कॉसमॉस कंपनी श्रीहरिकोटा स्थित अपने प्रक्षेपण पैड से अपने 3डी-प्रिंटेड रॉकेट अग्निबाण सबऑर्बिटल टेक्नोलॉजिकल डिमॉन्स्ट्रेटर (सोर्टेड) की उपकक्षीय परीक्षण उड़ान को अंजाम देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि अग्निबाण सोर्टेड एकल चरण वाला प्रक्षेपण वाहन है जो अग्निकुल के पेटेंट प्राप्त अग्निलेट इंजन द्वारा संचालित होता है जो पूरी तरह से 3 डी-प्रिंटेड, सिंगल-पीस, 6 केएन सेमी-क्रायोजेनिक इंजन है।

इसमें कहा गया, अग्निकुल के आने वाले कुछ हफ्तों में अपनी पहली उड़ान पूरी करने की योजना बनाई है। अग्निबाण सोर्टेड का अनावरण 15 अगस्त को श्रीहरिकोटा में अग्निकुल के मिशन नियंत्रण केंद्र (एमसीसी) में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक ए राजाराजन और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं अनुमोदन केंद्र के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया था। स्काईरूट एयरोस्पेस पिछले साल नवंबर में देश में उपकक्षीय उड़ान भरने वाली पहली निजी कंपनी बन गई थी जब विक्रम-एस रॉकेट ने श्रीहरिकोटा में इसरो के प्रक्षेपण पैड से उड़ान भरी थी और यह 89.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचा था।

## क्विक न्यूज

### बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने वाली संतानों के लिए श्रवण कुमार पुरस्कार शुरू

**गंगटोक।** सिक्किम सरकार ने अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने वाले बेटे-बेटियो के लिए श्रवण कुमार पुरस्कार शुरू किया है। यह पुरस्कार बृहस्पतिवार को अधिसूचित किया गया। इस पुरस्कार का नाम पवित्र ग्रंथ रामायण के एक पात्र श्रवण कुमार के नाम पर रखा गया है। श्रवण कुमार अपने अंधे और बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करते थे। कथा के अनुसार एक बार श्रवण कुमार अपने माता-पिता के लिए तालाब से पानी ले रहे थे, उसी दौरान राजा दशरथ ने उन्हे जानवर समझ तीर चलाकर जान ले ली थी। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, समाज कल्याण विभाग को पुरस्कार के संबंध में नियम और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए नोडल विभाग बनाया गया है। अधिसूचना के अनुसार प्रथम पुरस्कार विजेता को 15 लाख रुपए, दूसरे विजेता को 10 लाख रुपए और तीसरे विजेता को पांच लाख रुपए दिए जाएंगे।

### इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस का सामना कर रहे व्यक्ति को सऊदी अरब से भारत लाई सीबीआई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के सहयोग से, इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस का सामना कर रहे एक कथित मादक पदार्थ तस्कर को सऊदी अरब से वापस भारत लाया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने एक बयान में कहा कि उसका वैश्विक संचालन केंद्र एनआईए और इंटरपोल एनसीबी-रियाद के साथ समन्वय करके मोहब्बत अली को वापस लाया है, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा, उसे 17 अगस्त को सऊदी अरब से भारत लाया गया। एनआईए ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि एनआईए के अनुरोध पर 13 सितंबर 2021 को इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। प्रवक्ता ने कहा, एनआईए ने अली के खिलाफ सऊदी अरब के रियाद से भारत में सोने की तस्करी का षड़यंत्र रचने के लिए मामला दर्ज किया था।

### मणिपुर में हथियार, गोला-बारूद बरामद, तनावपूर्ण स्थिति बरकरार

**इंफाल।** सुरक्षा बलो के तलाशी अभियान के दौरान हिंसा प्रभावित मणिपुर के विभिन्न जिलो से आठ आग्नेयास्त्र, 112 कारतूस तथा छह विस्फोटक बरामद किए गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि यह बरामदगी बुधवार को बिष्णुपुर, चुराचांदपुर, तेंगनौपाल, कांगपोक्पी और इंफाल वेस्ट जिलो से की गई। बयान मे बताया गया है गोलीबारी की छोटी-मोटी घटनाओं और कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियो के एकत्र होने से राज्य में स्थिति तनावपूर्ण है। तेंगनौपाल जिले में तलाशी अभियान के दौरान छह बंकर भी नष्ट कर दिए गए। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को नशीले पदार्थ और सीमा मामले (एनएबी) के अधिकारियो ने असम के चार लोगों को इंफाल ईस्ट जिले के मंत्रीपुखरी क्षेत्र से कोडीन फॉस्फेट, एक ओपिओइड एनाल्जेसिक सिरप की।,240 शीशी के साथ गिरफ्तार किया। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध मे तीन मई को पर्वतीय जिलो में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थी।

### दून के जाखन में भूस्खलन से 10 मकान जमींदोज, सभी ग्रामीणों को बाहर निकाला गया

**देहरादून।** देहरादून की विकासनगर तहसील के बिन्हार क्षेत्र के जाखन गांव मे भूस्खलन मे 10 मकान जमीदोज हो गए जबकि एक दर्जन अन्य मे दरारे आ गई जिसके कारण सुरक्षा कारणो से वहां के सभी 100 .120 निवासियो को अन्यत्र स्थानांतरित करना पड़ा। विकासनगर के तहसीलदार प्रेम सिंह ने पीटीआई.भाषा को बताया कि बुधवार अपराहन भूस्खलन से गांव के 10 मकान जमीदोज हो गए जबकि एक दर्जन अन्य मकानो मे दरारे आ गई। उन्होंने कहा कि गनीमत रही कि गांव के ज्यादातर लोग अपने घरों से बाहर थे या भूस्खलन की आवाज सुनकर बाहर आ गए जिससे घटना मे जनहानि होने से बच गई। उन्होंने बताया कि भूस्खलन से पूरा गांव खतरे की जद मे आ गया जिसे देखते हुए गांव के सभी 100.120 निवासियो को निकटवर्ती पष्टा गांव के सरकारी स्कूल मे बनाए गए राहत शिविर में स्थानांतरित कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनो से गांव से करीब 100 मीटर की दूरी पर पहाड़ी से भूस्खलन हो रहा था और गांव के कुछ मकानो मे दरारे दिख रही थी। हालांकि, बुधवार को अचानक बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ और देखते ही देखते कई मकान भरभराकर जमीदोज हो गए।

### अपने वरिष्ठ अधिकारी और तीन यात्रियों की हत्या का आरोपी आरपीएफ कांस्टेबल बर्खास्त

**मुंबई।** पिछले महीने चलती ट्रेन मे अपने वरिष्ठ अधिकारी और तीन यात्रियो की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कांस्टेबल को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरपीएफ के वरिष्ठ मंडलीय सुरक्षा आयुक्त ने चौधरी को बर्खास्त करने का आदेश सोमवार को जारी किया। उन्होंने बताया कि चौधरी पहले कम से कम तीन अनुशासन संबंधी घटनाओ में शामिल रहा था, जिनमें 2017 में एक मुस्लिम व्यक्ति के उत्पीड़न का मामला शामिल है। अधिकारी के अनुसार, चौधरी 2017 मे मध्य प्रदेश के उज्जैन में आरपीएफ के खोजी कुत्तो से संबंधित दस्ते मे शामिल था। उस दौरान उसने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति को आरपीएफ चौकी पर लाकर बिना किसी कारण परेशान किया था। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्पीड़न को लेकर चौधरी के खिलाफ जांच के आदेश दिए और अनुशासनात्मक नियमो के अनुसार उसके विरुद्ध कार्वाई की गई। अधिकारी ने कहा कि चौधरी ने गुजरात में अपनी तैनाती के दौरान एक बार एक सहकर्मी को पीटा था। एक अन्य घटना में, उसने एक सहकर्मी के एटीएम कार्ड का उपयोग करके पैसे निकाले थे।

### रिन्यूबाय नें 40 मिलियन डॉलर की पूंजी जुटाई

**नई दिल्ली।** इंश्योरटेक की दिग्गज रिन्यूबाय ने जापान की प्रमुख बीमा कंपनी दाईची लाइफ होल्डिंग्स इंक से सीरीज डी फंडिंग राउंड में 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पूंजी जुटाने का काम पूरा कर लिया है। यह दौर कंपनी के मौजूदा सीरीज डी फंड राउंड का हिस्सा है, जो कई अन्य प्रमुख निवेशकों का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहा है और जल्द ही इसके पूरा होने की उम्मीद है। फंड जुटाए जाने के बारे में रिन्यूबाय के सीईओ बालाचंदर शेखर ने कहा रिन्यूबाय ने सात वर्षों में सलाहकारों को डिजिटल रूप से बीमा की पेशकश करने में सशक्त बनाया है और हमारा 70 प्रतिशत व्यवसाय 30 शहरों से परे से आता है। अधिकांश बीमा कंपनियां केवल शीर्ष 30 शहरों पर ही ध्यान केंद्रित करती हैं और उच्च लागत के कारण विस्तार करने में असमर्थ हैं। रिन्यूबाय टेक्नोलॉजी का उपयोग करके बिक्री प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर दक्षता लेकर आई है और हम उपभोक्ताओं को बेहतर मूल्य प्रदान करने के लिए इसका लाभ उठाना चाहते हैं। फिलहाल हमारी पहुंच कम है, पर हम अगले दो दशकों में रिन्यूबाय के लिए तेजी से वृद्धि देखेंगे। बालाचंदर शेखर ने कहा कि दाईची के बोर्ड में शामिल होने सेए हमें एक आदर्श भागीदार मिला है जो हमारे लंबे समय के नजरिये को साझा करता है। यह हमारी टेक?नोलॉजी का लाभ उठाकर न केवल भारत में बल्कि पूरे एशियाई बाजारों में हमें विकास के अविश्वसनीय अवसर प्रदान करता है। दाईची लाइफ होल्डिंग्स इंक के प्रतिनिधि निदेशक और प्रबंध कार्यकारी अधिकारी हितोशी यामागुची ने कहा रिन्यूबाय में हमारा निवेश खुद को लगातार बेहतर बनाने और अपने ग्राहकों के लिए मूल्य का निर्माण करने के नए तरीकों की तलाश करने की हमारी इच्छा को दर्शाता है।

# मोदी सरकार ने वनों को बर्बाद कर दिया है : जयराम रमेश

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने डीम्ड फॉरेस्ट (मानित वन) से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने वन क्षेत्रों को बर्बाद कर दिया है।



रमेश ने जिस खबर का हवाला दिया, उसमें कहा गया है कि ओडिशा सरकार ने 11 अगस्त को जारी वह विवादास्पद आदेश वापस ले लिया है, जिसमें जिला अधिकारियों से कहा गया था कि हाल ही में संशोधित वन अधिनियम के तहत एक श्रेणी के रूप में डीम्ड फॉरेस्ट का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। डीम्ड फ़ॉरेस्ट वे भौतिक क्षेत्र हैं जो देखने में जंगल प्रतीत होते हैं, लेकिन ऐतिहासिक या आधिकारिक रिकॉर्ड के तौर पर इस रूप में सूचीबद्ध नहीं हैं। भारत में कुल वन भूमि का लगभग एक प्रतिशत हिस्सा डीम्ड वनों का है। उच्चतम न्यायालय ने 1996 में व्यवस्था दी थी कि सरकारों को वनों की पहचान और वर्गीकरण करना चाहिए। राज्य वन को अपनी इच्छानुसार परिभाषित करने के लिए स्वतंत्र हैं। कांग्रेस महासचिव रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, पिछले सप्ताह वन संरक्षण अधिनियम, 1980 में खतरनाक संशोधन पारित होने के बाद, ओडिशा सरकार ने तुरंत आदेश पारित किया कि डीम्ड वनों को अब वन नहीं माना जाएगा। अब केंद्रीय वन मंत्रालय का कहना है कि राज्य का आदेश वापस ले लिया गया है। यह पूरी तरह से भ्रम की स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीम्ड वनों को ख़त्म करने की जल्दबाजी में मोदी सरकार ने वास्तव में वनों को बर्बाद कर दिया है।

# अनुच्छेद 370 हटाए जाने के खिलाफ न्यायालय में सर्वश्रेष्ठ वकील नियुक्त किए : उमर अब्दुल्ला

**भाषा।** श्रीनगर

**नेशनल** कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने अनुच्छेद 370 को रद्द करने के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में सर्वश्रेष्ठ वकीलों को नियुक्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि न्यायाधीश उनके तर्कों से सहमत होंगे। उन्होंने कहा, हम लड़ रहे हैं और हम न्याय की उम्मीद को लेकर वहां गए हैं। हमने कोई कसर नहीं छोड़ी है, हमने सर्वश्रेष्ठ वकीलों को नियुक्त किया और उनके प्रदर्शन की सभी ने सराहना की है। सुनवाई चल रही है और हमें उम्मीद है कि न्यायाधीश हमारे तर्कों से सहमत होंगे। यह चलता रहेगा और हम इंतजार कर रहे हैं।

इससे पहले पार्टी मुख्यालय नवा-ए-सुबह में अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि पार्टी उच्चतम न्यायालय में मुकदमा लड़ने के लिए कपिल सिब्बल और गोपाल सुब्रमण्यम को नियुक्त करने से



बेहतर कुछ नहीं कर सकती थी। पार्टी उपाध्यक्ष ने कहा, हमने सर्वश्रेष्ठ वकीलों को नियुक्त किया। कपिल सिब्बल और गोपाल सुब्रमण्यम देश के शीर्ष पांच वकीलों में से दो हैं... जीत या हार भगवान के हाथ में है। इंसान सिर्फ कोशिश ही कर सकता है और हमने कोई कसर नहीं छोड़ी। अब, हमें ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए कि वह हमें सफलता दे। शेर-ए-कश्मीर के नाम से मशहूर नेशनल कॉन्फ्रेंस संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला का नाम जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा विभिन्न सरकारी इमारतों से हटाने के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि लोगों के दिलों से उनके दादा का नाम कोई नहीं मिटा सकता। अबदुल्ला ने कहा, आप इमारतों से उनका नाम हटा सकते हैं लेकिन (लोगों के) दिलों से नहीं। अगर आप एसकेआईसीसी या क्रिकेट स्टेडियम या अस्पतालों से शेर-ए-कश्मीर का नाम हटा देंगे तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आप सच को छुपा नहीं सकते। प्रधान न्यायाधीश ने लोगों के सामने उस सच्चाई को ताजा कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री शीर्ष अदालत में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की टिप्पणियों का जिक्र कर रहे थे। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आजाद के कश्मीर के मुसलमान को लेकर दिए गए बयान के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा, मुझे नहीं पता कि उन्होंने यह किस संदर्भ में कहा है या ऐसा कहकर वह किसे खुश करना चाहते हैं।

### भारत में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का एक समृद्ध इतिहास है : डब्ल्यूएचओ प्रमुख

**गांधीनगर।** आयुर्वेद और योग जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के समृद्ध इतिहास के लिए भारत की प्रशंसा करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने बृहस्पतिवार को इस प्राचीन औषधीय ज्ञान को विभिन्न देशों की राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली में एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। घेब्रेएसस गांधीनगर में पारंपरिक चिकित्सा पर डब्ल्यूएचओ के पहले वैश्विक शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे, जो महात्मा मंदिर सम्मेलन केंद्र में शुरू हुई जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक का हिस्सा था। उन्होंने कहा, भारत में योग सहित आयुर्वेद के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का एक समृद्ध इतिहास है, जिसे दर्द को कम करने में प्रभावी पाया गया है। इस शिखर सम्मेलन का मुख्य परिणाम, गुजरात घोषणापत्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों में पारंपरिक दवाओं के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करेगा।

# भारत सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल की ओर अग्रसर : मांडविया

**भाषा।** गांधीनगर

**भारत** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 1.5 लाख से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वह शुक्रवार को होने वाली जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक से पहले भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित वन अर्थ वन हेल्थ – एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 कार्यक्रम के उद्घाटन पर बोल रहे थे।

मांडविया ने मुख्य वक्ता के तौर पर अपने संबोधन में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सर्वोदय के लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है, 1,50,000 से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के साथ-साथ दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त कर रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हम वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देने के लिए भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। आज भारत को विश्व की फार्मेसी कहा जाता है। वैश्विक आपूर्ति में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है। हम वैश्विक टीकों में भी लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

इस अवसर पर, मांडविया ने एडवांटेज हेल्थ केयर इंडिया – वन स्टॉप डिजिटल पोर्टल फॉर पेशेंट और वर्कफोर्स मोबिलिटी पोर्टल लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि यह (पोर्टल) आज स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र की कुछ सबसे गंभीर चुनौतियों का ठोस समाधान पेश करेगा। भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि देश आज 13 लाख एलोपैथिक डॉक्टरों, आठ लाख आयुष डॉक्टरों और 34 लाख नर्सों और दाइयों के कार्यबल के साथ काम कर रहा है।

उन्होंने कहा, इस अत्यधिक योग्य और कुशल कार्यबल के माध्यम से, भारत कार्यबल गतिशीलता की एक संगठित प्रणाली में योगदान करने की योजना बना रहा है, जिसमें भारत के स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर वैश्विक समुदाय की सेवा के लिए दुनिया के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा मूल्य यात्रा या चिकित्सा पर्यटन अधिक ज्ञान-साझा करने, टिकाऊ साझेदारी और एक मजबूत वैश्विक स्वास्थ्य वास्तुकला के निर्माण में योगदान देने वाली बढ़ती सहक्रियाओं को सक्षम करेगा।

इस अवसर पर, केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा, विशेष रूप से आयुष, के पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है।

सोनोवाल ने अपने संबोधन में कहा, आज, पारंपरिक चिकित्सा, विशेष रूप से आयुष, के पास आम आदमी, शिक्षाविदों और उद्योग तथा पूरी दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है। भारत और विश्व स्तर पर आयुष की बढ़ती मांग को आयुष उद्योग के उदय में देखा जा सकता है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री भारती पवार ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने लोगों को सिखाया कि जब तक हर कोई सुरक्षित नहीं है तब तक कोई भी सुरक्षित नहीं है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक से पहले यहां उप मंत्रियों की बैठक में कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता वसुधैव कुटुंबकम – दुनिया एक परिवार है – के दर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है।

# फडवीस ने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी को लेकर शरद पवार पर कटाक्ष किया

**भाषा।** शिरडी (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजित पवार और उनके बीच ऐसा मेल है, जिसे अपनी कार्यशैली के कारण कोई चुनौती नहीं दी जा सकती।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार की टिप्पणी पर भी कटाक्ष किया। पवार ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दावा कि वह अगले साल (स्वतंत्रता दिवस पर) लाल किले पर तिरंगा फहराने के लिए वापस आएंगे, फडणवीस से प्रेरित था, जो 2019 के विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान नियमित रूप से कहा करते थे कि वह (फडणवीस) वापस आएंगे। भाजपा नेता फडणवीस ने दावा किया कि प्रधानमंत्री अगले साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करेंगे क्योंकि पूरा देश मोदी के साथ खड़ा है और वह देश के नागरिकों के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। शिरडी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, फडणवीस ने कहा, हम तीन एक साथ आए हैं। आप शिंदे जी की कार्यशैली के बारे में जानते हैं और आप मेरे और अजित दादा के बारे में भी जानते हैं। हम तीनों का ऐसा मेल है, जिसे कोई चुनौती नहीं दे सकता। शरद पवार का नाम लिए बिना फडणवीस ने पलटवार करते हुए कहा, पिछली बार, मैंने कहा था मैं वापस आऊंगा और मैं देख सकता हूं कि उस बयान का भय अभी भी बरकरार है। कुछ लोग अभी भी भयभीत हैं। मैं उन्हें एक बात बताना चाहूंगा कि जब मैंने ए कहा कि मैं वापस आऊंगा , तो लोग वास्तव में मुझे वापस ले आए लेकिन कुछ लोगों ने हमें धोखा दिया। एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विभाजन के स्पष्ट संदर्भ में फडणवीस ने कहा, जिन्होंने हमें धोखा दिया, हम उनकी पार्टी को अपने साथ ले आए।

# शिक्षा को प्रगति का प्रकाश स्तम्भ होना चाहिए, राजनीति का प्यादा नहीं : प्रधान

**भाषा।** नई दिल्ली

**शिक्षा** मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कर्नाटक के नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से अलग होने के फैसले की बृहस्पतिवार को निंदा करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित कदम बताया और कहा कि शिक्षा को प्रगति का प्रकाश स्तम्भ होना चाहिए, राजनीति का प्यादा नहीं।

प्रधान ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट में लिखा कि कर्नाटक के नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को खारिज कर इससे अलग होने के राजनीति से प्रेरित फैसले की जानकारी से निराश हूं। उन्होंने कहा, हमारी शिक्षा प्रणाली में उत्थान की जरूरत है, पीछे जाने की नहीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्षों के विचार विमर्श का परिणाम है जो सभी की आकांक्षाओं को प्रदर्शित करता है। यह फैसला कांग्रेस के सुधार विरोधी, भारतीय भाषा विरोधी और कर्नाटक विरोधी चरित्र को दर्शाता है।

प्रधान ने कहा, कर्नाटक को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो प्रगति और



समावेश को महत्व देता हो और क्षुद्र राजनीति को नहीं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को संबोधित करते हुए लिखा कि छात्रों को प्राथमिकता दें, क्षुद्र राजनीति बंद करें। इससे पहले, सोमवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा था कि अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार एनईपी को समाप्त कर रही है जो पिछली भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार लाई थी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा था, हम संविधान के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

# जलवायु परिवर्तन के कारण सदी के अंत तक थार रेगिस्तान हरा-भरा हो सकता है

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण भारत के थार रेगिस्तान मे भारी परिवर्तन देखने को मिल सकता है और यह सदी के अंत तक हरा-भरा क्षेत्र बन सकता है। एक अध्ययन मे यह बात सामने आई है। अध्ययन में शामिल शोधकर्मियो के अनुसार तापमान बढ़ने के साथ ही दुनियाभर के कई रेगिस्तानो का और विस्तार होने का अनुमान है वही थार रेगिस्तान मे इससे उलट रुख देखने को मिल सकता है और इस सदी के अंत तक यह हरे-भरे क्षेत्र में तब्दील हो सकता है। थार रेगिस्तान राजस्थान के अलावा पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में फैला है। यह 2,00,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र मे फैला है। यह दुनिया का 20वां सबसे बड़ा रेगिस्तान और नौवां सबसे बड़ा गर्म उपोष्णकटिबंधीय रेगिस्तान है। कई अध्ययनो मे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से पृथ्वी के रेगिस्तानो के बढ़ने का दावा किया गया है।

### ईवी से भविष्य में पर्यावरण संवरेगा

**मुंबई।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड ने देश के उभरते ईवी क्षेत्र में मार्केट लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए आठ इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी की एक एक्सक्लूसिव रेंज लॉन्च की है। लॉर्ड्स ऑटोमेटिव ने 6 थ्री व्हीलर 3 ईवी मॉडल, लॉर्ड्स किंग ई.रिक्शा, लॉर्ड्स सम्राट ई.लोडर, लॉर्ड्स सवारी बटरफ्लाई ई.रिक्शा, लॉर्ड्स गति बटरफ्लाई ई.लोडर, दिव्यांगों के लिए खास तौर पर डिजाइन लॉर्ड्स ग्रेस ई.रिक्शा और लॉर्ड्स स्वच्छ यान ई.गारबेज के साथ.साथ 2 हाईस्पीड टूव्हीलर 2 ईवी स्कूटर मॉडल. लॉर्ड्स इग्नाइट हाई स्पीड ई.स्कूटर और लॉर्ड्स प्राइम हाई स्पीड ई.कार्गो स्कूटर को लॉन्च किया है। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ सच्चिदानंद उपाध्यायने लॉन्च के बारे में कहा आठ सोफिस्टिकेटेड ईवी को लॉन्च करना हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, देश में इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति लाना हमारा मिशन रहा है। हमारा मानना है कि यात्रियों और माल की ढुलाई में बड़े पैमाने पर ईवी को अपनाने से पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और भारत में ईवी क्रांति को नए सिरे से परिभाषित किया जा सकेगाण् हमारे ईवी एक सुरक्षित, विश्वसनीय और टिकाऊ मोबिलिटी सॉल्यूशन ऑफर करने के लिए बनाए गए हैं।

# हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 72 हुई

**भाषा।** शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के शिमला में समर हिल के समीप शिव मंदिर के मलबे से एक और शव बरामद होने के साथ ही बारिश से जुड़ी घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 72 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रमुख, प्रोफेसर पीएल शर्मा के रूप में हुई। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को जब मंदिर में भूस्खलन हुआ था उस समय वहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। उन्होंने बताया कि मलबे में अभी भी आठ लोगों के दबे होने की आशंका है। हिमाचल प्रदेश में रविवार से भारी बारिश हो रही है, जिससे शिमला सहित कई जिलों में भूस्खलन हुआ है। राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 72 हो गई है, जिसमें अकेले शिमला में 21 मौतें हुई हैं। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने पीटीआई-भाषा को बताया, "बुधवार को एक और शव मिला, जिससे शिमला में समरहिल, फागली और कृष्णा नगर में भूस्खलन की तीन घटनाओं में मरने वालों की संख्या 21 तक पहुंच गई है। गांधी ने बताया कि समर हिल और कृष्णा नगर इलाके में बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक समर हिल से 14 शव, फागली से पांच शव और कृष्णा नगर से दो शव बरामद किए गए हैं। प्रमुख सचिव (राजस्व) ओंकार चंद शर्मा ने बुधवार को कहा कि मानसून मौसम के दौरान हुआ नुकसान 7,500 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। शिमला (शहरी) उप जिलाधिकारी (एसडीएम) भानु गुप्ता ने भारी बारिश के कारण सड़कें अवरुद्ध होने तथा लगातार भूस्खलन की सूचना मिलने की वजह से बृहस्पतिवार को शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने के आदेश जारी किए थे।

# 11 माह बाद बुमराह पर होगी सबकी नजर

- आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में आज भारत का मैच
- भारत की युवा ब्रिगेड पर भी निगाहें

**भाषा।** डबलिन

करीब 11 महीने तक मैदान से दूर रहने के बाद वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह के फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजरें होंगी जब वह आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय टीम में आईपीएल के स्टार रूतुराज गायकवाड़, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा है लेकिन नजरें बुमराह पर होंगी। यह तेज गेंदबाज दो महीने बाद भारत में शुरू होने वाले वनडे विश्व कप में भारत की रणनीति का अभिन्न अंग है। 29 वर्ष के बुमराह को पिछले साल टी20 विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में कमर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ था। इसके बाद उनकी सर्जरी कराई गई। पांच दिन के भीतर तीन मैचों में उन्हें अधिकतम 12 ओवर डालने हैं। इस श्रृंखला से मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर, वनडे कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को पता चलेगा कि मैच फिटनेस के मामले में बुमराह की स्थिति क्या है। पचास ओवरों का प्रारूप हालांकि बिल्कुल अलग है जिसमें उन्हें दो, तीन या चार ओवर के स्पैल में दस ओवर डालने होंगे। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बुमराह का गेंदबाजी करते हुए वीडियो डाला है जिसमें वह शॉर्ट गेंद और यॉर्कर सभी डाल रहे हैं। मैच हालात हालांकि बिल्कुल अलग होंगे और टीम प्रबंधन पिछले साल आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप से पहले उन्हें हड़बड़ी में उतारकर गलती कर ही चुका है। उसके बाद से वह खेल नहीं पाए हैं। इस साल की शुरूआत में एक घरेलू श्रृंखला के लिए उन्हें चुना गया था लेकिन ऐन मौके पर उनका नाम वापिस लेना पड़ा। कैरियर के लिए खतरा बनी चोट का इलाज कराने के लिए उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला से बुमराह को मैच अभ्यास भी मिलेगा और एशिया कप की तैयारी भी पुख्ता होगी।




## पडिक्कल चोटिल, तीन से चार हफ्ते के लिए बाहर

**बेंगलुरू।** भारत के सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने गुरुवार को पुष्टि की कि वह अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण तीन से चार हफ्ते क्रिकेट से दूर रहेंगे।भारत के लिए 2021 में दो टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पडिक्कल को इस महीने की शुरुआत में देवधर ट्रॉफी में खेलते हुए चोट लगी थी। चोट के कारण पडिक्कल यहां चल रही महाराजा केएससीए टी20 टूर्नामेंट में भी नहीं खेल रहे। उन्हें गुलबर्गा मिस्टिक्स टीम ने चुना था।पडिक्कल ने फैनकोड से कहा, देवधर ट्रॉफी के दौरान मेरे बाएं हाथ के अंगूठे में फ्रेक्चर हो गया। इसलिए मुझे इसके उपचार के लिए छोटी सर्जरी करानी पड़ी। मैं संभवतः तीन से चार हफ्ते और खेल से दूर रहूंगा। उम्मीद करता हूं कि मैं जल्द ही मैदान पर वापसी करूंगा।

## चोट के कारण बाहर रहने को कभी बुरे दौर के रूप में नहीं देखा: बुमराह

**डबलिन।** खेल से 11 महीने दूर रहने के बाद फिट होकर वापसी करने वाले जसप्रीत बुमराह ने गुरुवार को कहा कि वह एशिया कप और इसके बाद स्वदेश में होने वाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में लंबे स्पैल में गेंदबाजी करने के लिए तैयार है। बुमराह ने भारत के लिए अपना पिछला मैच सितंबर 2022 में खेला था जिसके बाद कमर के स्ट्रैस फ्रेक्चर के कारण उन्हें अपने क्रिकेट करियर का सबसे बड़ा ब्रेक लेना पड़ा। यह तेज गेंदबाज अब आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के साथ वापसी कर रहा है।शुक्रवार को पहले टी20 के साथ शुरू हो रही श्रृंखला में बुमराह को चार ओवर गेंदबाजी का मौका मिलेगा लेकिन इस स्टार तेज गेंदबाज ने कहा कि उनकी योजना हमेशा 50 ओवर की प्रतियोगिताओं की तैयारी करने की थी जिसमें 31 अगस्त से शुरू हो रहा एशिया कप और स्वदेश में पांच अक्टूबर से होने वाला विश्व कप शामिल है। आयरलैंड के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला में भारत की अगुआई करने वाले बुमराह ने संवाददाताओं से कहा, हमें पता है कि एकदिवसीय विश्व कप तक अब कोई टेस्ट क्रिकेट नहीं है।

## पहले दो मैचों के पूरे टिकट बिके: क्रिकेट आयरलैंड

**डबलिन।** भारतीय क्रिकेटरों की वैश्विक लोकप्रियता ने क्रिकेट आयरलैंड जैसे उदीयमान क्रिकेट बोर्ड की चांदी कर दी है और पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के सारे टिकट बिक गए है। क्रिकेट आयरलैंड ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, भारत और आयरलैंड के बीच पहले दो टी20 मैचों के शत प्रतिशत टिकट बिक गए है और तीसरे मैच के टिकट तेजी से बिक रहे हैं। सभी मैच द विलेज मालाहाइड क्रिकेट क्लब मैदान पर होंगे जिसकी क्षमता 11500 दर्शकों की है। इंग्लैंड में 2009 में टी20 विश्व कप के ग्रुप मैच में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आयरलैंड को आठ विकेट से हराने के बाद से भारत ने अब तक आयरलैंड के खिलाफ पांचों टी20 मैच जीते है। पॉल स्टर्लिंग की कप्तानी वाली आयरलैंड टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज लोरकान टकर ने कहा कि उन्हें भारत से मिलने वाली कड़ी चुनौती का अहसास है। खास अनुभव हो रहा है चूंकि बड़ी टीम खेलने आ रही है। यहां भारत को काफी समर्थन मिलेगा लेकिन इतनी बड़ी तादाद मे दर्शकों का आना आयरलैंड में क्रिकेट के लिए अच्छा है।

## केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारतीय सीनियर महिला हैंडबॉल टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम हिरोशिमा जापान में आयोजित एशियन महिला हैंडबॉल ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेगी। आगामी 17 से 23 अगस्तए 2023 तक आयोजित इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम बुधवार 16 अगस्त 2023 को जापान पहुंच गयी। टूर्नामेंट के लिए चयनित 18 सदस्यीय भारतीय टीम की कप्तान हिमाचल प्रदेश की निधि शर्मा और उपकप्तान भारतीय रेलवे की नीना शील को बनाया गया है। इस टीम में उत्तर प्रदेश की शिवा सिंह व तेजस्विनी सिंह भी चयनित की गई है। इससे पहले भारतीय टीम की रवानगी मंगलवार 15 अगस्त 2023 को नई दिल्ली से हुई। रवानगी से पहले केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ल ी में अपने आवास पर आयोजित विदाई समारोह में चयनित खिलाड़ियों से मुलाकात करके उन्हें टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने खिलाड़ियों को अपने आर्शीवचन में कहा कि आज महिलाएं खेलों में देश का नाम खूब रोशन कर रही है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर उत्तर प्रदेश के अयोध्या के भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में गत 10 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक आयोजित किया गया था।

## पंजाब के वासु बंसल बने विजेता

**चंडीगढ़।** भारत के लीडिंग ऑनलाइन पोकर डेस्टिनेशन अड्डा 52. कॉम ने आज डेल्टिन पोकर टूर्नामेंट (डीपीटी) के 14वें एडिशन के सफल समापन की घोषणा की। प्रतिष्ठित डेल्टिन ग्रुप के साथ साझेदारी में आयोजित टूर्नामेंट ने कौशल और रणनीति की एक रोमांचक प्रतियोगिता के लिए देश भर से प्रतिभाशाली पोकर खिलाड़ियों को एक साथ लाया। इस आयोजन में 465 प्रतिभागियों की अनोखी संख्या के साथ 67,177,900 का प्रभावशाली पुरस्कार पूल शामिल था। डेल्टिन पोकर टूर्नामेंट (डीपीटी) के समापन पर बात करते हुए, अड्डा52.कॉम के सीईओ, शिवनंदन पारे ने कहा, हम अपने प्रमुख कार्यक्रम, डेल्टिन पोकर टूर्नामेंट के 14वें एडिशन को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। यह पोकर के कौशल-आधारित, रणनीति खेल के प्रति खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धी भावना, जुनून और प्रतिबद्धता का उत्सव था। हम डेल्टिन पोकर टूर्नामेंट के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हैं। डीपीटी के समापन पर बोलते हुए, अड्डा52.कॉम के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, जॉयदीप मुखर्जी ने कहा, डीपीटी के 14वें एडिशन में देखी गई ऊर्जा के स्तर और भागीदारी से हम बहुत रोमांचित हैं। हमें गोवा में शानदार डेल्टिन रोयाल पर देश भर के पोकर के प्रति उत्साही लोगों के साथ-साथ भारत के जाने-माने पोकर की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला। एक पेशेवर खिलाड़ी के खिलाफ बड़े अंतर से जीत की ऊंचाई से लेकर विजयी होने के लिए सावधानी से खेल रहे एक मास्टर के शांत संयम तक, प्रतिस्पर्धा की भावना से लेकर सौहार्द और समुदाय की भावना तक, ज़ेन-जैसे फोकस से लेकर मौज-मस्ती तक, यह सब इस आठ दिवसीय उत्सव के दौरान हमने देखा है।

## उत्तर प्रदेश टी20 लीग 30 अगस्त से 16 सितंबर तक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने गुरुवार को अपनी टी20 लीग शुरू करने की घोषणा की जिसे यूपीटी20 के नाम से जाना जाएगा और इसका आयोजन 30 अगस्त से 16 सितंबर के बीच होगा।इस टी20 टूर्नामेंट के मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। लीग के पहले टूर्नामेंट में छह फ्रेंचाइजी टीमें भाग लेंगी जो राज्य के विभिन्न शहरों से होंगी। इन शहरों में वाराणसी, मेरठ, नोएडा, गोरखपुर, लखनऊ और कानपुर शामिल हैं। फ्रेंचाइजी की नीलामी बुधवार को हुई। यूपीटी20 के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा, इस लीग से हमारे युवा खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा तथा उत्तर प्रदेश देश के लिए कुशल खिलाड़ियों को तैयार करने का गढ बनेगा। यूपीटी20 देश की 10वी राज्य आधारित टी20 लीग होगी। इससे पहले आंध्र प्रीमियर लीग, बड़ौदा टी20 लीग, कर्नाटक प्रीमियर लीग, केसीए प्रेसिडेंट्स कप टी20, महाराष्ट्र प्रीमियर लीग, ओडिशा प्रीमियर लीग, सौराष्ट्र प्रीमियर लीग, टी20 मुंबई लीग और तमिलनाडु प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है।

## एमएसके प्रसाद रणनीतिक सलाहकार के रूप में लखनऊसुपर जाइंट्स से जुड़े

**लखनऊ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद को गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स ने रणनीतिक सलाहकार नियुक्त किया।अपनी इस नई भूमिका में प्रसाद विभिन्न पहलुओं पर लखनऊ की इस टीम का मार्गदर्शन करेंगे। सुपर जाइंट्स ने एक बयान में कहा, प्रसाद अपने साथ ढेर सारा अनुभव और क्रिकेट संचालन में एक शानदार ट्रैक रिकॉर्ड लेकर आए हैं, साथ ही एक जुनून भी है जिसने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियो के लिए प्रेरित किया। प्रसाद सितंबर 2016 से मार्च 2020 तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष रहे। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने आंध्र क्रिकेट संघ के क्रिकेट संचालन निदेशक की भूमिका भी निभाई। इस 48 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने छह टेस्ट और 17 एकदिवसीय में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रमशः 106 और 131 रन बनाए।

## मेस्सी यूएफा के सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में

**नियोन (स्विट्जरलैंड)।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी दो अन्य खिलाड़ियों के साथ यूरोप के पिछले सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिए जाने वाले यूएफा पुरस्कार की दौड़ में है।अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान और अब यूरोप को छोड़कर अमेरिका के इंटर मियामी की तरफ से खेल रहे मेस्सी के अलावा मैनचेस्टर सिटी के केविन डी ब्रुने और एर्लिंग हालैंड भी इस पुरस्कार की दौड़ मे शामिल है।मेस्सी ने यूएफा पुरस्कार के 12 साल के इतिहास में दो बार यह पुरस्कार जीता है। इन दोनों अवसरों पर बार्सिलोना यूरोपीय चैंपियन था। पिछले सत्र में मैनचेस्टर सिटी ने यूरोपीय चैंपियंस लीग जीती थी।

## जमशेदपुर ने भारतीय नौसेना को 1-0 से हराया

**कोलकाता।** एशले कोली के दूसरे हाफ में किए गए गोल के दम पर जमशेदपुर एफसी ने गुरुवार को यहां भारतीय नौसेना को 1-0 से हराया जो उसकी 132वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी में पहली जीत है।एशले ने मैच का एकमात्र गोल 70वें मिनट में किया। ग्रुप बी में मुंबई सिटी छह अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है जबकि जमशेदपुर और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के तीन-तीन अंक है।जमशेदपुर एफसी की टीम अपने पहले मैच में मुंबई सिटी से 0-5 से हार गई थी। कोकराझार में खेले गए एक अन्य मैच में भारतीय सेना की फुटबॉल टीम ने इंजरी टाइम में किए गए गोल के दम पर बोडोलैंड एफसी को 2-1 से हराया।

## एएफआई प्रमुख सुमारिवाला विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष चुने गए

**बुडापेस्ट।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला को विश्व एथलेटिक्स के चार उपाध्यक्षों में से एक उपाध्यक्ष चुना गया जिससे वह इस प्रतिष्ठित संस्था के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य भी बन गए। सुमारिवाला 2012 से एएफआई के अध्यक्ष है। विश्व चैंपियनशिप से दो दिन पहले विश्व एथलेटिक्स के चुनाव में सुमारिवाला उपाध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक वोट पाने वाले उम्मीदवारों में तीसरे नंबर पर रहे। उनका कार्यकाल चार साल का होगा। उपाध्यक्ष पद के लिए आठ उम्मीदवार मैदान मे थे जिनमे से सर्वाधिक वोट पाने वाले चार उम्मीदवारों को इस पद पर चुना गया और इसके साथ ही उन्हें विश्व ट्रैक एवं फील्ड संस्था के कार्यकारी बोर्ड मे जगह मिल गई। कार्यकारी बोर्ड मे अध्यक्ष, चार उपाध्यक्ष, तीन नियुक्त सदस्य और एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है।

## विश्व कप से पहले तीन वनडे खेलने बांग्लादेश जाएगी न्यूजीलैंड टीम

**ढाका।** न्यूजीलैंड टीम दस साल मे पहली बार बांग्लादेश का दौरा करके सितंबर और नवंबर में वनडे और टेस्ट श्रृंखला खेलेगी। तीन मैचों की वनडे श्रृंखला भारत में होने वाले विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगी। विश्व कप की शुरूआत पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड और चैम्पियन इंग्लैंड के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के जरिए होगी। बांग्लादेश को विश्व कप के अपने पहले मैच में सात अक्टूबर को धर्मशाला में अफगानिस्तान से खेलना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दौरे का आगाज 21 सितंबर को होगा। तीनों मैच 21, 23 और 26 सितंबर को मीरपुर के शेर ए बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। टेस्ट श्रृंखला नवंबर के आखिर में विश्व कप के बाद शुरू होगी। पहला मैच 28 नवंबर से दो दिसंबर तक और दूसरा छह से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा जिनके मेजबान शहर का ऐलान बाद मे किया जाएगा। न्यूजीलैंड ने पिछली बार पूर्ण श्रृंखला के लिए 2013 में बांग्लादेश का दौरा किया था।

## भारतीय तीरंदाजों ने विश्व कप चरण चार में दो कांस्य पदक जीते

**पेरिस।** भारतीय रिकर्व तीरंदाजों ने गुरुवार को यहां विश्व कप चरण चार में पुरुष और महिला टीम स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। धीरज बोम्मादेवारा, अतनु दास और तुषार शेल्के की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने कांस्य पदक के प्ले ऑफ मुकाबले में आंद्रेस तेमिनो, युन सांचेज और पाब्लो आचा की स्पेन की टीम को 6-2 (54-56, 57-55, 56-54, 57-55) से हराया। दूसरी वरीय भारतीय टीम हालांकि इससे पहले चीनी ताइपे के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाने में नाकाम रही। भारतीय तिकड़ी को चीनी ताइपे के खिलाफ सीधे सेट में 0-6 (54-56, 47-58, 55-56) से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम को भी सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ लचर प्रदर्शन के कारण 0-6 (52-57, 47-56, 52-53) से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। अंकिता, भजन कौर और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी के पास तीसरे सेट में चीनी ताइपे की जोड़ी को हराकर वापसी करने का मौका था लेकिन वे इसमें विफल रहे।

# अंतिम पंघाल दूसरे खिताब से एक जीत दूर

- विश्व चैंपियनशिप : दो अन्य खिलाड़ी भी फाइनल में

**भाषा।** अम्मान (जॉर्डन)



**उदीयमान** पहलवान अंतिम पंघाल सहित भारत के तीन खिलाड़ियों ने गुरुवार को यहां विश्व जूनियर कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जबकि हर्षिता कांस्य पदक के मैच में खेलेगी। एशियाई खेलों के ट्रायल्स के लिए विनेश फोगाट को चुनौती देने वाली गत चैंपियन पंघाल ने अभी तक के अपने तीनों मुकाबले आसानी से जीते। पहली बार भारत की चार महिला पहलवान विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची हैं। पंघाल के अलावा गुरुवार को सविता (62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (65 किग्रा) ने भी अपने वजन वर्गों में फाइनल में जगह बनाई। प्रिया ने बुधवार को 76 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया था। भारत की एक अन्य पहलवान हर्षिता सेमीफाइनल में हारने के कारण अब 72 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक के लिए खेलेगी। पंघाल ने फाइनल तक पहुंचने में केवल दो अंक गंवाए। उन्होंने पहले दौर में पोलैंड की निकोला मोनिका विस्निवस्का को केवल 68 सेकंड में शिकस्त दी। इसके बाद उन्होंने चीन की जुएजिंग लियांग पर तकनीकी श्रेष्ठता के साथ जीत हासिल की। हिसार की इस पहलवान ने सेमीफाइनल में रूस की पोलिना लुकिना को पराजित किया। पंघाल अगर शुक्रवार को फाइनल में जीत दर्ज करती हैं तो वह दो विश्व खिताब जीतने वाली पहली महिला पहलवान बन जाएंगी। अंतिम कुंडू ने 65 किग्रा भार वर्ग में दबदबा दिखाया। उन्होंने सेमीफाइनल में रूस की एकटेरिना कोशकिना को 7-5 से हराया। इससे पहले उन्होंने रोमानिया की मारिया मैग्डेलेना पेंटिरू को 7-2 से हराया और पोलैंड की एलिजा नोवोसैड को चित किया। अंडर 17 विश्व चैंपियन सविता ने 62 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जापान की अनुभवी खिलाड़ी सुजु सासाकी को हराया। उन्होंने सर्बिया की डुंजा लुकिक पर आसान जीत के साथ शुरुआत की थी। सेमीफाइनल में उन्होंने फ्रांस की आइरिस मैथिल्डे थीबाक्स को हराया। हर्षिता 72 किग्रा के सेमीफाइनल में तुर्की की बुकरेनाज सर्त से हार गई और अब वह कांस्य पदक के लिए खेलेगी। भारतीय खिलाड़ियों में केवल रीना 57 किग्रा भार वर्ग के शुरुआती दौर में हार गई।

## पीसीबी ने संशोधित वीडियो में इमरान खान को शामिल किया, विवाद बरकरार

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व खिलाड़ियों के सम्मान में जारी किए गए वीडियो के कारण पैदा हुए विवाद को खत्म करने के लिए एक नया वीडियो जारी करके अपनी मुसीबतें बढ़ा दी। पीसीबी ने 14 अगस्त को एक वीडियो जारी किया था जिसमें पूर्व कप्तान इमरान खान का जिक्र नहीं किया गया था जिसके कारण उसकी कड़ी आलोचना हो रही थी। पीसीबी ने बुधवार की रात को अजीबोगरीब स्पष्टीकरण दिया कि वीडियो की अवधि को लेकर जुड़ी परेशानियों के कारण उसमें कुछ महत्वपूर्ण क्लिप शामिल नहीं थी लेकिन उसने संपूर्ण वीडियो में संशोधन कर दिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि पीसीबी ने विश्व कप 2023 के लिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया है और यह वीडियो उसी का हिस्सा है। वीडियो की अवधि को लेकर दिलचस्प बात यह है कि पूर्व में जारी वीडियो और संशोधित वीडियो की अवधि लगभग समान है लेकिन इस बार बोर्ड ने वसीम अकरम से जुड़ी सभी क्लिप और तस्वीरें हटा दी और उनकी जगह इमरान को शामिल कर दिया।

# भारतीय पुरुष एयर पिस्टल टीम को कांसा

- विश्व चैंपियनशिप

**भाषा।** बाकू



**भारत का आईएसएसएफ** विश्व चैंपियनशिप में अभियान प्रभावहीन तरीके से शुरू हुआ जब गुरुवार को प्रतिस्पर्धा पेश कर रहे छह 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजों में से कोई भी 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर पाया लेकिन भारतीय पुरूष दस मीटर एयर पिस्टल टीम ने कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम के सदस्यों शिवा नरवाल, सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा ने 1734 अंक बनाए। जर्मनी की टीम उनसे नौ अंक आगे रहकर रजत पदक जीतने में कामयाब रही। चीन की टीम ने 1749 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। नरवाल ने 579, सरबजोत ने 578 और चीमा ने 577 अंक हासिल किए। चीन की टीम में झेंग बोवेन (587), ल्यू जुनहुई (582) और शी यू (580) शामिल थे। जर्मनी के लिए रोबिन वाल्टर ने 586, माइकल श्वाल्ड ने 581 जबकि पॉल फ्रोइलिच ने 576 अंक जुटाए। चीन ने दांव पर लगे चारों स्वर्ण पदक जीते जबकि व्यक्तिगत वर्ग में भारत का कोई निशानेबाज आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जगह नहीं बना सका। क्वालीफिकेशन दौर के बाद नरवाल 17वें जबकि सरबजोत 18वें स्थान पर रहे। चीमा ने 26वां स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत वर्ग का स्वर्ण पदक चीन के बोवेन (244.3) ने जीता। सर्बिया के दामिर मिकेच (240.8) को रजत जबकि बुल्गारिया के किरिल किरोव (215.7) को कांस्य पदक मिला। महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में ईशा सिंह (572), पलक (570) और दिव्या टीएस (566) की टीम 1708 अंक के साथ 11वें स्थान पर रही और फाइनल में जगह नहीं बना सकी। चीन ने 1728 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि हंगरी (1726) को रजत और ईरान (1724) को कांस्य पदक मिला। व्यक्तिगत वर्ग में इशा क्वालीफिकेशन में 32वें, पलक 40वें और दिव्या 66वें स्थान पर रहीं। चीन की जियांग रेनशिन (239.8) ने स्वर्ण पदक जीता। यह टूर्नामेंट 2024 पेरिस ओलंपिक का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।

# जेना को हंगरी दूतावास ने वीजा साक्षात्कार के लिए बुलाया

**भाषा।** नई दिल्ली


**भाला फेंक के** खिलाड़ी किशोर जेना का एक महीने का वीजा हंगरी के दूतावास द्वारा रद्द किए जाने के एक दिन बाद इस भारतीय खिलाड़ी को शुक्रवार को दोबारा वीजा साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है जिससे इस 27 वर्षीय खिलाड़ी के बुडापेस्ट में आगामी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेने की उम्मीद जगी है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने गुरुवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए कहा, सभी को धन्यवाद। भाला फेंक के खिलाड़ी किशोर कुमार जेना को हंगरी दूतावास से वीजा साक्षात्कार के लिए कल सुबह नौ बजे का समय मिला है। ओडिशा के इस खिलाड़ी का वीजा हंगरी दूतावास ने बुधवार के रद्द कर दिया था जिससे उनके 19 से 27 अगस्त तक होने वाली प्रतिष्ठित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पर सवालिया निशान लग गया था। जेना का वीजा रद्द होने के बाद साथी भाला फेंक खिलाड़ी और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को वीजा मुद्दे को सुलझाने के लिए विदेश मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग की जिससे कि यह खिलाड़ी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा पेश कर सके। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर नीरज ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से समाधान खोजने का आग्रह कि या। नीरज ने विदेश मंत्रालय और जयशंकर को टैग करते हुए पोस्ट किया, अभी सुना है कि किशोर जेना के वीजा के साथ कुछ समस्याएं हैं जो उन्हें विश्व चैंपियनशिप के लिए हंगरी में प्रवेश करने से रोक रही हैं। मुझे उम्मीद है कि अधिकारी कोई समाधान ढूंढने में सक्षम होंगे क्योंकि यह उसके करियर के सबसे बड़े लम्हों में से एक है। आइए वह सब कुछ करें जो हम कर सकते हैं। जेना ने विश्व रैंकिंग कोटा के जरिए विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाई है। उन्होंने 30 जुलाई को श्रीलंकाई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 84.38 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता था। तीस जुलाई को क्वालिफिकेशन अवधि पूरी होने के बाद विश्व एथलेटिक्स द्वारा अपडेट की गई रोड टू बुडापेस्ट सूची में 36वें स्थान पर रहने के बाद जेना ने इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया था।यह 27 वर्षीय खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले चार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों में से एक है। डीपी मनु और रोहित यादव ने भी क्वालीफाई किया था। रोहित हालांकि बाद में कोहनी की सर्जरी के कारण बाहर हो गए। जून में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाले जेना और मनु 28 सदस्यीय टीम में शामिल दो खिलाड़ी हैं जो अब तक बुडापेस्ट नहीं पहुंचे हैं।

## भावना ने कहा, आवेदन में गड़बड़ी के कारण रहने का स्थान संबंधी नियम का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** पैदल चाल की भारतीय खिलाड़ी भावना जाट ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की रहने के स्थान संबंधी नियमों को पूरा करने में विफलता के लिए गुरुवार को मोबाइल एप्लिकेशन में गड़बड़ी को जिम्मेदार ठहराया। इसी ऐप के माध्यम से उन्हें आवेदन भरना था और बाद में उनका फोन भी खो गया। नाडा ने रहने के स्थान संबंधी जरूरी जानकारी देने में विफल रहने के कारण भावना को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है जिससे राष्ट्रीय महासंघ एएफआई (भारतीय एथलेटिक्स महासंघ) को उन्हें बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप से हटाने को मजबूर होना पड़ा। भावना ने 2020 तोक्यो ओलंपिक में भाग लिया था और अगले महीने एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले एथलीटों की सूची में शामिल है। जून में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा की 27 वर्षीय स्वर्ण पदक विजेता भावना को एएफआई ने नाडा से रहने का स्थान संबंधी नियम की विफलता से जुड़ी अधिसूचना प्राप्त होने के बाद बुडापेस्ट से घर लौटने के लिए कहा है। विश्व चैंपियनशिप शनिवार से शुरू होगी।

# अमेरिका में दो साल बाद पहला एकल मैच जीते जोकोविच

**भाषा।** मेसन



**तेईस** बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने 2021 के बाद अमेरिका में पहला एकल मैच जीता। उन्होंने अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में हराया जब कमर में चोट के कारण स्पेन के इस खिलाड़ी को दूसरे सेट में ही कोर्ट छोड़ना पड़ा। दूसरी रैंकिंग वाले जोकोविच ने पहला सेट 6-4 से जीता और दूसरे में दो अंक से आगे थे। डेविडोविच को इसके बाद दर्द उठा और मैच 46 मिनट में ही खत्म हो गया। कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण जोकोविच पिछले दो साल में अमेरिका में नहीं खेल सके थे। वह यहां 2019 के बाद पहली बार खेल रहे हैं। वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन 2020 में न्यूयॉर्क में खेला गया था। चौथी रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास ने अमेरिका के बेन शेल्टन को 7- 6, 7 -6 से मात दी। महिला वर्ग में शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने अमेरिकी क्वालीफायर डेनिएले कोलिंस को 6 - 1, 6-0 से हराया। अब उनका सामना झेंग किनवेन से होगा जिसने 43 वर्ष की वीनस विलियम्स को 1 - 6, 6 - 2, 6-1 से मात दी।

## देसिंघू ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**भुवनेश्वर।** कर्नाटक की धिनिधी देसिंघू ने गुरुवार को यहां 39वीं सब जूनियर और 49वीं जूनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप 2023 के दौरान लड़कियों के ग्रुप दो में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। तेरह साल की देसिंघू ने 57.67 सेकेंड का समय लेकर माना पटेल के 2014 में बनाए 59.12 सेकेंड के रिकॉर्ड में सुधार किया। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड केनिशा गुप्ता के 57.3 सेकेंड के सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय से थोड़ा पीछे रहा। कर्नाटक के ही इशान मेहरा ने एक मिनट 0.64 सेकेंड के समय के साथ लड़कों के ग्रुप दो में 10 मीटर फ्रीस्टाइल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

## जूनियर हॉकी विश्व कप से पहले चार देशों के टूर्नामेंट में स्पेन से खेलेगा भारत

**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे चार देशों के टूर्नामेंट में स्पेन के खिलाफ मुकाबले से विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी। भारत का सामना 19 अगस्त को मेजबान जर्मनी से होगा। इसके दो दिन बाद टीम इंग्लैंड से खेलेगी। शीर्ष दो टीमों का सामना 22 अगस्त को फाइनल में होगा। भारतीय जूनियर टीम ने जून में ओमान में जूनियर एशिया कप जीतकर दिसंबर में कुआलालम्पुर में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीता था। अभ्यास शिविर में चोटिल हुए उत्तम सिंह की जगह विष्णुकांत सिंह भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , हमारे पास मजबूत और अनुभवी खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों की लय हम कायम रखेंगे। हमें आत्मविश्वास हासिल करने के लिए जीत के साथ आगाज करना होगा। यह टूर्नामेंट विश्व कप से पहले यूरोप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलकर अनुभव हासिल करने के लिए अहम है। भारत को पिछली बार 2019 में मैड्रिड में अंडर 21 टूर्नामेंट में स्पेन ने 3-1 से हराया था।

## ससेक्स की तरफ से काउंटी क्रिकेट में खेलेंगे जयदेव उनादकट

**लंदन।** भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप के तीन मैचों के लिए ससेक्स से जुड़ेंगे। सौराष्ट्र के उनके साथी चेतेश्वर पुजारा पहले ही इस काउंटी टीम की तरफ से खेल रहे हैं। उनादकट पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे।ससेक्स ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, जयदेव डरहम, लीस्टरशर और डर्बीशर के खिलाफ होने वाले मैचों में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। पुजारा ने पिछले सत्र में ससेक्स की कप्तानी की थी जबकि उनादकट पहली बार काउंटी क्रिकेट में खेलेंगे। ऐसा बहुत कम देखने को मिला है जबकि भारत के दो खिलाड़ी इंग्लैंड की घरेलू प्रतियोगिता में एक ही टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## इंडोर रोइंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उप्र के अक्षत और सौरभ को कांस्य



**लखनऊ।** रोइंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में महाराष्ट्र रोइंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित छठी इंडोर रोइंग राष्ट्रीय प्रतियोग्यता में उत्तर प्रदेश रोइंग टीम के सदस्य अक्षत व सौरभ कुमार की जोड़ी ने 2000 मीटर लाइट वेट पेयर्स में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतने का गौरव प्राप्त किया। हाल ही में पूना में संपन्न छठी इंडोर रोइंग राष्ट्रीय प्रतियोग्यता में भारतवर्ष के विभिन्न आंचलो के 25 टीमो ने भाग लिया था । लाइट वेट पेयर्स 2000 मीटर में उत्तर प्रदेश के अक्षत और सौरभ ने 6 मिनट40.2 सेकंडका समय लेकर कांस्य पदक प्राप्त किया था वही सेना की टीम के योगेश कुमार और परमिंदर सिंह ने 6 मिनट35.9 सेकंड समय लेकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा 6 मिनट 36.1 सेकंडलेकरअरविन्द सिंह व इकबाल सिंह की जोड़ी रजत पदक प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के अक्षत व सौरभ की जोडी के द्वारा इंडोर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर उत्तर प्रदेश का नाम गौरान्वित करने पर उत्तर प्रदेश रोइंग टीम के सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन आदित्यमिश्रा आईपीएस संरक्षक डी जी डॉक्टर आरपी सिंह आईपीएस, राजीव त्रिवेदी आईपीएस, गोपाल गुप्ता आईपीएस सेवानिवृत्त एडीजी रेनुका मिश्रा, आईपीएस बिनोद कुमार सिंह आईपीएसए आरके स्वर्णकार आईपीएस, डायरेक्टर एम डी एस एल पुष्पेन्द्र दहिया ने बधाई दी ।